स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

# स्वतंत्र भारत

कानपुर, सोमवार
5 मई, 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष 8
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -253 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

मूल्य : 3 रुपये

epaper : epaper.swatantrabharat.net

महिलाओं पर टिप्पणी कर फंसे असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा



## उत्तराखंड में बदरीनाथ धाम के कपाट खुले



**बद्रीनाथ।** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल हिमालयी क्षेत्र में स्थित विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ मंदिर के कपाट छह माह बंद रहने के बाद रविवार सुबह फिर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह छह बजे चमोली जिले में स्थित मंदिर के कपाट वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना के साथ देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में खोल दिए गए। कपाट खुलने के दौरान पूरा वातावरण ढोल-नगाड़ों व सेना के बैंड की मधुर धुन और हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं के 'जय बदरी विशाल' के जयकारों से भक्तिरस से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर मंदिर को लगभग 15 टन रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिसने मंदिर की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। इससे पहले, परंपरानुसार सुबह बदरीनाथ धाम के

### 15 टन फूलों से सजा धाम

### चारधाम यात्रा पूर्ण रूप से शुरू

मुख्य पुजारी रावल, धर्माधिकारी व वेदपाठियों द्वारा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई और फिर विधि विधान से माता लक्ष्मी को गर्भ गृह से निकालकर मंदिर की परिक्रमा करा लक्ष्मी मंदिर में विराजमान किया गया। भगवान कुबेर जी और उद्धव जी को बदरी विशाल मंदिर के गर्भ गृह में विराजित किया गया। तत्पश्चात् भागवान बदरी विशाल की चतुर्भुज मूर्ति से घृत कंबल को अलग कर उनका विधिवत अभिषेक (स्नान) करवाया गया और आकर्षक श्रृंगार किया गया।

# भारत के निर्वाचन आयोग का महत्वपूर्ण कदम

## अब एक ही एप में मिलेंगी चुनाव से जुड़ी सभी सुविधाएं | 40 से ज्यादा मौजूदा एप्स होंगे खत्म



**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसीआई) अब देशभर के करोड़ों मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों और राजनीतिक दलों के लिए एक बड़ा डिजिटल बदलाव करने जा रहा है। आयोग जल्द ही ईसीनेट नाम से एक सिंगल-प्लेटफॉर्म एप लॉन्च करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा।

यह एप चुनाव आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एकीकृत कर देगा।

ईसीनेट एप को खासतौर पर बेहतर यूज़र इंटरफेस (यूआई) और सरल यूजर एक्सपीरियंस (यूएक्स) के साथ तैयार किया जा रहा है, जिससे मतदाता और अधिकारी बिना किसी झंझट के चुनाव से जुड़ी हर जानकारी तक पहुंच सकें। अब बार-बार अलग-अलग एप्स डाउनलोड करने और पासवर्ड याद रखने की जरूरत नहीं होगी।

इस आधुनिक प्लेटफॉर्म की कल्पना मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने मार्च 2025 में हुई मुख्य निर्वाचन अधिकारियों की बैठक में की थी, जिसमें चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी मौजूद थे। ईसीनेट के जरिए उपयोगकर्ता अब अपने मोबाइल या डेस्कटॉप से ही जरूरी चुनावी जानकारी तक पहुंच पाएंगे। खास बात यह है कि इस ऐप पर अपलोड की जाने वाली सभी जानकारियां केवल अधिकृत चुनाव अधिकारी ही दर्ज करेंगे, जिससे डेटा की सटीकता बनी रहेगी। हालांकि, किसी भी विवाद की स्थिति में स्टैच्युटरी फॉर्म्स में भरी गई जानकारी ही अंतिम मानी जाएगी।

ईसीनेट का डेवलपमेंट अब एडवांस स्टेज में पहुंच चुका है और इसकी कार्यक्षमता, उपयोग में सरलता और साइबर सुरक्षा को लेकर कड़े ट्रायल्स किए जा रहे हैं। इसे 36 राज्यों/यूटी के सीईओ, 767 डीईओ और 4,123 ईआरओ की सलाह-मशविरे के बाद विकसित किया जा रहा है।

इतना ही नहीं, आयोग ने इसके लिए 9,000 पेजों वाले 76 से ज्यादा दस्तावेजों, नियमों और गाइडलाइंस की समीक्षा की है।

### ये एप्स होंगे ईसीनेट में शामिल

इस नई पहल के तहत चुनाव आयोग वोटर हेल्पलाइन एप, वोटर टर्नआउट एप, सीविजिल, सुविधा 2.0, ईएसएमएस, सक्षम और केवाईसी जैसे पॉपुलर एप्स को भी ईसीनेट में मर्ज कर देगा। गौरतलब है कि इन एप्स को अब तक 5.5 करोड़ से ज्यादा बार डाउनलोड किया जा चुका है।

### 100 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं को होगा फायदा

ईसीनेट से न केवल 100 करोड़ से अधिक मतदाताओं को सुविधा होगी, बल्कि देशभर के 10.5 लाख बूथ लेवल अफसर, 15 लाख राजनीतिक एजेंट्स, 45 लाख से ज्यादा पोलिंग अधिकारी, 15,597 असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर, 4,123 इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन अफसर और 767 जिला चुनाव अधिकारी भी इससे जुड़ेंगे।

### पूरी तरह से कानूनी दायरे में होगा ईसीनेट

ईसीनेट ऐप के जरिए दी जाने वाली सभी सेवाएं और डेटा चुनाव आयोग द्वारा तय जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951, निर्वाचन नियम 1960, और चुनाव प्रक्रिया नियम 1961 के अंतर्गत ही संचालित होंगे।

## पीएम मोदी से मिले एयर चीफ



**नई दिल्ली।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव की

### पाकिस्तान से बढ़ते तनाव के बीच अहम बैठक

पृष्ठभूमि में यह अहम बैठक हुई। इससे पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शनिवार को प्रधानमंत्री से मुलाकात की थी और उन्हें अरब सागर में महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की समग्र स्थिति से अवगत कराया था। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह और प्रधानमंत्री मोदी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर हुई यह बैठक पीएम की अध्यक्षता में उस बैठक के कुछ दिनों बाद हुई, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए थे। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी मौजूद थे।

## भारत को मिली रूस की इग्ला-एस मिसाइल

**नई दिल्ली।** भारत के दुश्मनों की अब खैर नहीं है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच भारतीय सेना की क्षमता में इजाफा हुआ है। सेना को रूसी मूल की इग्ला एस मिसाइलें मिली हैं। कंधे पर रखकर वार करने वाली

### 90 वायु सुरक्षा प्रणालियां मिसाइलें और खरीदने की तैयारी

यह मिसाइल दुश्मन को नेस्तनाबूद कर देगी। इसके अलावा 90 और मिसाइल खरीदने की तैयारी हो रही है। कम दूरी की वायु सुरक्षा प्रणालियां भारतीय सेना की वायु रक्षा क्षेत्र में अहम योगदान देती हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इग्ला-एस वायु रक्षा मिसाइलों की नई आपूर्ति कुछ सप्ताह पहले भारतीय सेना को हुई है। इन मिसाइलों को सीमाओं पर दुश्मन के लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और ड्रोन से खतरे से निपटने के लिए सुरक्षा बलों को दिया जा रहा है।

सुरक्षा बलों ने आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत विभिन्न अनुबंध किए हैं। करीब 260 करोड़ रुपये के इस अनुबंध से पश्चिमी क्षेत्र में वायु रक्षा बलों की ताकत बढ़ने की उम्मीद है। इस अनुबंध में इन्फ्रा रेड सेंसर आधारित कम दूरी की वायु सुरक्षा प्रणालियां शामिल हैं। इग्ला-एस मिसाइलों की आपूर्ति के साथ ही भारतीय सेना ने 48 लॉन्चर तथा लगभग 90 कम दूरी की वायु सुरक्षा प्रणालियां मिसाइलें खरीदने के लिए निविदा भी जारी की है। इसके अलावा पुरानी मिसाइलों को एक भारतीय फर्म द्वारा नवीनीकृत किया जा रहा है। इग्ला-एस मिसाइलें 1990 के दशक से प्रयोग में है।

### पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी तैयारी

भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब देने के लिए बड़ी संख्या में मिसाइलों के साथ ड्रोन का पता लगाने और उसे नष्ट करने की क्षमताओं की भी आवश्यकता है। सेना ने स्वदेशी एकीकृत ड्रोन डिटेक्शन और इंटरडिक्शन सिस्टम के मार्क 1 को भी तैनात किया है। यह आठ किलोमीटर से अधिक दूरी से ड्रोन का पता लगा सकता है और उन्हें रोक सकता है। इस सिस्टम में लेजर भी लगे हैं जो ड्रोन को जलाकर गिरा सकते हैं। सेना की वायु रक्षा इकाइयों ने हाल ही में जम्मू में इस सिस्टम का उपयोग करके पाकिस्तानी सेना के एक ड्रोन को मार गिराया था।

## पाक ने एलओसी पर 10वें दिन भी की गोलीबारी



**जम्मू।** पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर विभिन्न सेक्टर में बिना उकसावे के गोलीबारी की जिसका भारतीय सेना ने प्रभावी तरीके से जवाब दिया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि में केंद्र शासित प्रदेश के पांच जिलों के आठ स्थानों से पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा संघर्ष विराम समझौते का उल्लंघन किए जाने की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बीच यह लगातार दसवीं रात थी जब सीमा पार से बिना उकसावे के गोलीबारी की गई। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा, तीन और चार मई की मध्य रात्रि को पाकिस्तानी सेना की चौकियों की तरफ से जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के सामने स्थित एलओसी पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। भारतीय सेना ने तुरंत और प्रभावी तरीके से इसका जवाब दिया।

## इमरान व बिलावल का एक्स अकाउंट ब्लॉक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के एक्स अकाउंट को भारत में ब्लॉक कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान के सूचना और प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तरार के एक्स अकाउंट पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे एक दिन पहले ही उन्होंने दावा किया था कि इस्लामाबाद के पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी है, जिससे पता चलता है कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद नई दिल्ली 24 से 36 घंटे के भीतर पड़ोसी देश पर सैन्य हमला कर सकता है। इमरान खान और बिलावल भुट्टो के एक्स अकाउंट पर एक संदेश लिखा हुआ सामने आ रहा है। इसमें लिखा है कि कानूनी मांग के जवाब में इसे भारत में रोक दिया गया है।



### आज का मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | - $36^0$ |
| न्यूनतम तापमान | - $25^0$ |
| सूर्योदय | - 05:28 |
| सूर्यास्त | - 06:38 |

बादल छाये रहेंगे।

## पेड़ से टकराई कार, चार मरे

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** प्रयागराज के पिपरी कोतवाली के कस्बा चायल के आगे शनिवार रात करीब 12 बजे लौट रहे बरातियों की कार गुंगवा की बाग स्थित शिवरानी गेस्ट हॉउस के समीप जामुन के पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप घायल हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को कार से निकाल कर प्रयागराज के एसआरएन अस्पताल ले गई, जहां डाक्टरों ने जांच के बाद चार लोगों को मृत घोषित कर दिया।

## इजरायल जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट डायवर्ट

**नई दिल्ली।** इजरायल के तेल अवीव एयरपोर्ट के पास हुए मिसाइल हमले के बाद एयर इंडिया के विमान को अबू धाबी के लिए डायवर्ट कर दिया गया। यह फ्लाइट राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से तेल अवीव

### तेल अवीव एयरपोर्ट के पास हुआ मिसाइल हमला

जा रही थी। एयरपोर्ट के नजदीक रविवार को मिसाइल से घातक हमला किया गया। सूत्रों की मानें तो यह हमला एयर इंडिया की फ्लाइट संख्या एआई139 के तेल अवीव में उतरने से एक घंटे से भी कम समय पहले हुआ।

सूत्रों ने बताया कि फ्लाइट को वापस दिल्ली लाया जाएगा। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, फ्लाइट जॉर्डन के हवाई क्षेत्र में थी, जब उसे अबू धाबी की ओर डायवर्ट करने का फैसला लिया गया। एयर इंडिया की तेल अवीव से दिल्ली की उड़ान रविवार को रद्द कर दी गई है।

एयर इंडिया ने आधिकारिक बयान में कहा, 3 मई 2025 को दिल्ली से तेल अवीव जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट ढ्ढ139 को आज सुबह बेन गुरियन एयरपोर्ट पर हुई घटना के बाद अबू धाबी की ओर मोड़ दिया गया। फ्लाइट अबू धाबी में सामान्य रूप से उतरी है और जल्द ही दिल्ली वापस लौटेगी। नतीजतन, हमारे यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, तेल अवीव से आने-जाने वाली हमारी उड़ानें 6 मई 2025 तक तत्काल प्रभाव से निलंबित रहेंगी।

## अब विकास के भागीदार बनेंगे किसान



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश का किसान केवल योजनाओं का लाभार्थी मात्र नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास का सक्रिय भागीदार भी बनेगा। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग की समीक्षा बैठक में कृषि क्षेत्र की अद्यतन स्थिति पर चर्चा करते हुए कहा, 'नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में कृषि केवल जीविका नहीं, बल्कि समृद्धि और आत्मनिर्भरता का आधार बनेगी।' मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के कुल कृषि क्षेत्र का 11.41 प्रतिशत हिस्सा उत्तर प्रदेश में है, लेकिन खाद्यान्न उत्पादन में प्रदेश की हिस्सेदारी 20.89 फीसदी है, जो किसानों की मेहनत और सरकार की प्रभावी नीतियों का प्रमाण है। उन्होंने कहा, '2016-17 में जहा खाद्यान्न उत्पादन 557.46 लाख मीट्रिक टन था, वह 2024-25 में बढ़कर 725.12

### कृषि विभाग की बैठक में बोले सीएम योगी

लाख मीट्रिक टन से अधिक हो गया है। इसी अवधि में दलहन और तिलहन उत्पादन में दोगुने से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प दोहराया।'

आदित्यनाथ ने बीज की गुणवत्ता और उपयुक्तता पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि जलवायु क्षेत्रों (क्लाइमेटिक जोन) के अनुसार बीज विकसित किए जाएं। उन्होंने अगेती व पछेती बुआई के लिए अलग-अलग बीज तैयार कराने, प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने और किसानों को रियायती दर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम द्वारा किसानों से बीज खरीद की धनराशि बढ़ाने और संसाधित बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा। लखनऊ में प्रस्तावित चौधरी चरण सिंह बीज पार्क की स्थापना को तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने इसे बीज क्षेत्र में क्रांति का आधार बताया।

## कश्मीर में सेना का वाहन 700 फीट गहरी खाई में गिरा



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। सेना का ट्रक फिसलकर करीब 700 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दर्दनाक दुर्घटना में तीन जवान बलिदान हो गए। अधिकारियों ने बताया कि हादसा नेशनल हाईवे-44 पर बैटरी चश्मा के पास सुबह 11.30 बजे हुआ। सेना

### तीन जवान शहीद

### लोहे का ढेर बना आर्मी ट्रक

का यह ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे एक काफिले का हिस्सा था। हादसे के तुरंत बाद, एसडीआरएफ, पुलिस, सेना और स्थानीय स्वयंसेवकों ने मिलकर बचाव अभियान चलाया। दुर्घटना में वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार तीन सैनिक बलिदान हो गए। शहीद हुए सैनिकों का नाम अमित कुमार, सुजीत कुमार और मन बहादुर है। उनके शवों को खाई से बाहर निकाला जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि हादसा इतना दर्दनाक है कि वाहन दुर्घटना के बाद लोहे के ढेर में तब्दील हो गया। सेना और प्रशासन दोनों ने जवानों के बलिदान पर शोक व्यक्त किया है। दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है।

## तनाव के बीच भारत ने पाकिस्तान को दिया बड़ा झटका

# बगलिहार डैम से रोका चिनाब का पानी



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत सरकार ने सिंधु जल संधि रद्द करने का ऐलान कर दिया था। अब इस फैसले को अमली जामा पहनाना शुरू कर दिया गया है। एजेंसी के हवाले से खबर मिली है कि सरकार ने चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध के माध्यम से चिनाब नदी का पानी रोक दिया है। अब झेलम नदी के ऊपर बने किशन गंगा बांध के माध्यम से ऐसा ही एक और उपाय करने की योजना बनाई जा रही है। जम्मू के रामबन में स्थित बगलिहार बांध और उत्तरी कश्मीर में स्थित किशन गंगा बांध इन नदियों पर भारत को पाकिस्तान से बेहतर स्थिति में रखते हैं। भारत सरकार इन बांधों के जरिए विद्युत उत्पादन करती है और इसके साथ ही यही बांध भारत को इन नदियों में पानी रोकने और छोड़ने की क्षमता प्रदान करते हैं। बगलीहार बांध भारत और पाकिस्तान के बीच में लंबे समय तक विवाद का कारण रहा है। पाकिस्तान ने इस बांध के निर्माण के समय विश्व बैंक से मध्यस्थता की मांग की थी। इसके अलावा पाकिस्तान को किशनगंगा बांध को लेकर भी खासकर झेलम की सहायक नदी नीलम पर इसके प्रभाव के कारण आपत्ति है। भारत से पाकिस्तान की तरफ बहनें वाली यह नदियां दोनों देशों की जीवन रेखाएँ मानी जाती हैं क्योंकि इनके मैदानों में रहने वाले लोग खेती के लिए पूरी तरह से इन नदियों पर ही निर्भर हैं। भारत भी शुरुआत से ही इस बात को समझकर पाकिस्तान को ज्यादा मात्रा में ही पानी उपलब्ध करवाता रहा है। सिंधु जल संधि में भी नदियों पर ज्यादा नियंत्रण होने के बाद भी भारत ने पाकिस्तान को पानी देने की बात मानी।

### दिल्ली में छह बांग्लादेशी महिलाएं हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर बिना वैध दस्तावेजों के राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न इलाकों में रह रहीं छह बांग्लादेशी महिलाओं को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) अभिषेक धानिया के अनुसार, मंडावली पुलिस थाने को मिली सूचना के बाद यह कार्रवाई शुरू की गई। टीम ने सबसे पहले अवैध प्रवासी होने के संदेह में एक महिला को पकड़ा। पूछताछ करने पर उसने पहाड़गंज इलाके में छिपे पांच अन्य बांग्लादेशी नागरिकों के ठिकाने का खुलासा किया। सूचना के आधार पर टीम ने बाकी महिलाओं को हिरासत में लिया।'

### कोटा में एक और आत्महत्या

**कोटा।** नीट परीक्षा से ठीक एक दिन पहले कोटा में एक नाबालिग अभ्यर्थी ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने अभ्यर्थी की आत्महत्या करने की पुष्टि की है। मध्य प्रदेश के श्योपुर की रहने वाली 18 साल से कम उम्र की नाबालिग लड़की ने आत्महत्या कर ली है। वह कोटा के पार्श्वनाथ इलाके में अपने माता-पिता के साथ रहकर एक कोचिंग संस्थान में नीट-यूजी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। कुन्हाड़ी थाने के सर्किल इंस्पेक्टर अरविंद भारद्वाज ने बताया कि लड़की अपने कमरे में लोहे की ग्रिल से दुपट्टे से लटकी हुई पाई गई। उस समय घर पर मौजूद उसके परिवार के सदस्यों ने रात करीब 9 बजे उसका शव देखा।

### पंजाब में दो जासूस गिरफ्तार

**अमृतसर।** पाकिस्तान से जारी तनाव के बीच पंजाब पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो लोगों को सेना की छावनियों और एयरबेस से जुड़ी संवेदनशील जानकारी और तस्वीरें लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस जासूसी नेटवर्क के तार पाकिस्तान से जुड़े होने की आशंका है। राज्य के डीजीपी गौरव यादव ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने शनिवार को पलक शेर मसीह और सुरज मसीह नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से सेना की छावनियों और वायुसेना अड्डों की तस्वीरें बरामद हुई हैं।

# पहलगाम की पुकार : शर्म तुमको मगर नहीं आती...

नवकांत ठाकुर

नज़र और नज़रिया



**स्वतंत्र भारत, नई दिल्ली।** 'कोई उम्मीद बर नहीं आती, कोई सूरत नज़र नहीं आती, काबा किस मुँह से जाओगे गालिब, शर्म तुमको मगर नहीं आती।' उर्दू और फारसी के सर्वकालिक महान शायर मिर्जा गालिब ने तकरीबन दो सौ साल पहले जब यह शेर कहा होगा तब उनको भी अंदाजा नहीं होगा कि आने वाली कई सदियों तक इसकी प्रासंगिकता नए-नए स्वरूपों में सामने आती रहेगी।

तभी तो मौजूदा दौर में भी यह शेर उन लोगों को आईना दिखाता हुआ प्रतीत हो रहा है जो इन्सानियत के दुश्मनों द्वारा भारत की आत्मा पर किए गए जानलेवा प्रहार से कराह रही पहलगाम की वादियों की पुकार और चित्कार को भी अपने फायदे के लिए भुनाने की कोशिशों में जुटे हुए हैं। वास्तव में देखा जाए तो भारत की आत्मा बसती है हमारी एकता में, परस्पर सम्मान एवं स्वीकार्यता में और सर्व धर्म समभाव पर आधारित पंथ निरपेक्षता में। भारतीय समाज की यह विशेषता समूचे संसार के लिए हमेशा से अभिनंदनीय, सराहनीय और अनुकरणीय रही है। लेकिन, हमारे कुछ पड़ोसियों और खास तौर से पाकिस्तान को भारत की एकता, अखंडता, शांति, स्थिरता और बहुआयामी सशक्तता कभी रास नहीं आई। उस पर तुर्रा यह कि बीते कुछ सालों में भारत हर क्षेत्र में लगातार तेजी से आसमान छूने की ओर अग्रसर है जबकि पाकिस्तान पतन की गर्त में धंसता चला जा रहा है। ऐसे में 'हम तो डूबेंगे समन, तुमको भी ले डूबेंगे' की आत्मघाती नीति पर अमल करते हुए पाकिस्तान ने पहलगाम की घटना को अंजाम दे दिया है।

शेष पेज 11 पर...

### टेंट कारोबारी को बाइक ने मारी टक्कर, मौत

**पुरवा उन्नाव:** अचलगंज थाना क्षेत्र के पड़रीखुर्द निवासी कृष्ण कुमार गुप्ता का पुत्र दिलीप गुप्ता (40) टेंट का कारोबार करता था शुक्रवार को हिन्दूखेदा गांव में मागलिक कार्यक्रम में गया था जहां उसे रात में तेज रफ्तार बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मारी। जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाते ही मौके पर परिजन पहुंचे और उसे इलाज के लिए बिछिया अश्पताल ले गए जहां हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई कर रही है।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बड़ा हादसा, ट्राले में घुसी बस

## पंजाब के चालक की मौत, 27 घायल की हालत गंभीर

**दिल्ली से गोरखपुर जा रही थी, चालक को नींद आने का अंदेशा**

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव: लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। दिल्ली से गोरखपुर जा रही एक डबल डेकर बस तेज रफ्तार में टाइल्स से भरे ट्राले से टकरा गई। यात्रियों के मुताबिक बस की रफ्तार बहुत ही अधिक थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस ट्राले में फंसकर करीब एक किलोमीटर तक घसीटती चली गई। चालक हरेंद्र सिह पुत्र जग्गार सिंह निवासी कोलशेरी पोस्ट भुल्लेर हेरी थाना संगरूर (पंजाब) की मौके पर मौत हो गई। जब कि बस में सवार लगभग 30 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलते पुलिस और यूपीडा की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से औरास के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। गंभीर रूप से घायल 14 यात्रियों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। मामूली रूप से घायल यात्रियों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास में किया गया। उपचार के बाद कुछ यात्रियों को अन्य वाहनों की मदद से उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। वहीं पुलिस ने मृतक बस चालक हरेंद्र सिंह के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। घायलों की पहचान इस तरह हुई। रूपलाल (50) पुत्र गरीबूलाल निवासी हिमांचल प्रदेश, अर्पित त्रिपाटी (25) पुत्र संतोष त्रिपाठी निवासी गोरखपुर, साक्षी (22) पुत्री सुरेंद्र कुमार निवासी मंगोलपुर दिल्ली, मोहम्मद शफी (42) पुत्र जुम्मा सेरत निवासी जम्मू कश्मीर, सुधा सिंह (63) पत्नी रमेश निवासी गोरखपुर, कविता (26) पुत्री सुरेंद्र निवासी मंगोलपुरी नई दिल्ली, आकाश (30) पुत्र विजय निवासी मेरठ, अभिषेक (26) निवासी आरकेपुरम नई दिल्ली, निशा स्वरूप् पुत्री शंभूदयाल पत्नी अभिषेक निवासी आरकेपुरम नई दिल्ली, आशुतोष गुप्ता (30) पुत्र लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता निवासी फिरोजाबाद, श्रीप्रकाश (28) पुत्र डीके शर्मा निवासी ग्रेटर नोएडा, अभय सिंह (23) पुत्र हरेंद्र सिंह निवासी गोरखपुर, विशेष कुमार (35) निवासी मयूर विहार दिल्ली, कुमारी भाविसा पुत्री विशेष कुमार निवासी मयूर विहार दिल्ली, स्वामीनाथ गुप्ता (38) निवासी कुशीनगर, कुसुम गुप्ता (65) निवासी देवरिया, जुगनू (33) निवासी कुशीनगर, वीरेंद्र गुप्ता (62) निवासी देवरिया, निशा (32) निवासी मयूर विहार दिल्ली, हरिकेश (28) निवासी कुशीनगर, ईश मोहम्मद (28) निवासी कुशीनगर, प्रभात (21) निवासी सिवान बिहार, विजय कुमार (38) निवासी मंगोलपुरी दिल्ली, जितेंद्र सिंह (23) निवासी कुशीनगर, राजू सिंह (25) निवासी महाराजगंज उत्तर प्रदेश, हर्षवर्धन सिंह (21) निवासी गोरखपुर, प्रिया त्रिपाठी निवासी विकासनगर लखनऊ।क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ अरविंद चौरसिया ने बताया कि सूचना के मुताबिक शनिवार की रात डेढ़ बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस-ट्रक में टक्कर हो गई। बस में करीब 36 यात्री सवार थे जिसमें से 26 लोग घायल हुए हैं। बस चालक की मौके पर ही मौत हो गई था। जांच में पाया गया कि बस ने आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मार दी थी। बस हेल्पर के मुताबिक बस के ड्राइवर को नींद आ गई थी। यह बस दिल्ली से गोरखपुर जा रही थी।

# चाचा भतीजे गहरे पानी में डूबे





**चित्र परिचय: गंगातट पर एकत्र परिजन एवं रिश्तेदार डूबे चाचा भतीजे की खोजबीन करते लोग। छाया: स्वतंत्र भारत।**

**मुंडन संस्कार के दौरान गंगा नदी में हादसा**

स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव: जिले के बांगरमऊ क्षेत्र में एक मुंडन संस्कार दुखद घटना में तब्दील हो गया। नानामऊ गंगातट पर मुंडन संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने गए चाचा-भतीजे गंगा नदी के गहरे पानी में डूब गए। काफी देर तक खोजबीन के बाद उन्हें खोजा नहीं जा सका है। चाचा भतीजे की डूबने की सूचना पाते ही पुलिस के नेतृत्व में गोताखोरों की मदद से खोजबीन जारी है लेकिन अभी तक किसी का पता नहीं चल सका है। बांगरमऊ क्षेत्र के गांव मलियनपुरवा निवासी रामसिंह के बेटे का मुंडन संस्कार कार्यक्रम था। जिसमें भाग लेने के लिए कई रिश्तेदार व ग्रामीण सहित करीब 35 लोग कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए नानामऊ गंगातट पर गए हुए थे। राम सिंह का साढ़ू संजय जो पड़ोसी गांव का रहने वाला था। वह भी अपने भाइयों और परिवार के साथ मुंडन संस्कार में शामिल होने गया था। दोपहर बाद सभी गंगा स्नान करने लगे, तभी संजय के भाई ओमकार का 11 वर्षीय बेटा योगेंद्र डूबने लगा।

भतीजे को डूबता देख संजय उसे बचाने के लिए दौड़ा और योगेंद्र को खींच लिया। लेकिन संजय खुद डूब गया। यह देख संजय का भाई रमेश अपने चार वर्षीय पुत्र आसमीर को गोद में लेकर भाई को बचाने के लिए गया। इसी दौरान आसमीर गोद से छूट गया और गंगा नदी के तेज बहाव में बह गया। चाचा भतीजे के डूबते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। यह दृश्य देख मौके पर उपस्थित लोगों में हड़कंप मच गया तथा मांगलिक कार्यक्रम की खुशियां मातम में बदल गई। घटना की सूचना पाते ही पहुंची पुलिस के नेतृत्व में स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से दोनों की खोजबीन की गई। किन्तु लगभग 2 घंटे से भी अधिक समय गुजरने के बाद भी लापता युवक व बच्चे का कहीं सुराग नहीं चल सका है। खोजबीन जारी है। संजय के डूबने से उसकी पत्नी सीमा बेहाल है। बांगरमऊ के सीओ अरविंद कुमार ने बताया कि गोताखोरों की मदद से दोनों को ढूंढ़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# जिप अध्यक्ष एवं नपा चेयरमैन प्रतिनिधि ने सीएम से की मुलाकात



**चित्र परिचय: लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर समस्याओं की जानकारी देते जिप अध्यक्ष शकुन सिंह एवं नपा चेयरमैन प्रतिनिधि भानू मिश्रा। छाया: स्वतंत्र भारत।**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव:** जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह एव नगरपालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि भानू मिश्र ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह एवं नपा अध्यक्ष के प्रतिनिधि ने मुख्यमंत्री को उन्नाव की जनसमस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने उक्त दोनों लोगों से समस्याएं सुनने के बाद दोनों प्रतिनिधियों को समस्याओं के निराकरण कराने में भरपूर मदद करने आश्वासन दिया।

## खंडे डंपर से टकराई डीसीए चालक की मौत

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव:** लखनऊ-कानपुर हाइवे पर उन्नाव में एक सड़क हादसे में डीसीएम चालक की मौत हो गई। हादसा थाना अजगैन क्षेत्र में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के सामने हुआ। सड़क के किनारे खड़े डंपर में पीछे से डीसीएम टकरा गई। टक्कर में डीसीएम का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। मृतक की पहचान भान मिश्र के रूप में हुई है। वह गोंडा जिले के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के ढुल्लापुर गांव के रहने वाले थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए उन्नाव मोर्चरी भेज दिया है।

# डंपर को ओवरटेक करने में पेट्रोल टैंकर पलटा



**स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव:** जिले के बांगरमऊ-संडीला मार्ग पर शनिवार को देर रात डंपर के ओवरटेक करने के दौरान तेज रफ्तार पेट्रोल भरा टैंकर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। टैंकर के पलटते ही उसमें भरे पेट्रोल का रिसाव होने लगा।

हालांकि हादसे में टैंकर चालक बाल बाल बच गया। मऊ जिला के गोहना क्षेत्र के बांदी कला निवासी टैंकर चालक कृष्णकांत यादव टैंकर के चार कैन में लगभग 20 हजार लीटर पेट्रोल लेकर कानपुर से बांगरमऊ क्षेत्र में बांगरमऊ संडीला मार्ग स्थित एस दयाल फिलिंग स्टेशन पर पेट्रोल उतारने जा रहा था। शनिवार को रात 12 बजे जैसे ही टैंकर बांगरमऊ संडीला मार्ग पर काजीपुर गांव के पास पहुंचा। तभी डंपर ने टैंकर को ओवरटेक कर दिया। जिससे तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। चालक ने बताया कि चार कैन में लगभग 20 हजार लीटर पेट्रोल भरा था जिसमें लगभग 2 कैन से 10 हजार लीटर का रिसाव हो गया है।

सुबह लगभग साढ़े 9 बजे क्रेन बुलाई गई और टैंकर हटाने का प्रयास किया जा रहा है। रात से ही दमकल विभाग की टीम मौके पर मौजूद हैं। हादसे के बाद सड़क के दोनों ओर लगभग पांच किमी लंबा जाम लग गया। पुलिस ने रविवार को हाइड्रा के जरिए टैंकर को किसी तरह खड़ा कर मार्ग पर आवागमन बहाल कराया। पेट्रोल रिसने के दौरान पड़ोसी गांवों के ग्रामीणों में आग लगने की आशंका से दहशत बनी रही।

# आतंकवाद और सरपरस्तों को शीघ्र मुंहतोड़ जवाब मिलेगा : सांसद



**स्वतंत्र भारत संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव:** भाजपा की सरकार में ही शहीदों और महापुरूषों को सम्मान दिया जाता है। देश में हुई आतंकी घटना के बाद पीएम के कड़े रवैये एवं तीनों सेनाओं को दी गई खुली छूट से पाकिस्तान में डर का माहौल है। आतंकवाद एवं उनके सरपरस्तों को शीघ्र ही मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। यह मंतव्य चंदिका खेड़ा गांव निवासी अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी के जन्म दिन पर मुख्य अतिथि सांसद साक्षी महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद गुलाब सिंह लोधी लखनऊ के झंडेवाला पार्क में अंग्रेजों को धता बताते हुए जाबांजी के साथ पार्क में झंडा फहराने के दौरान अंग्रेजों की गोलियों का शिकार होकर शहीद हो गए थे। तब से लखनऊ के अमीनाबाद में स्थित उक्त पार्क का नाम झंडेवाला पार्क पड़ गया। उन्होंने कहा कि देश की भाजपा सरकार ही एक ऐसी सरकार है जिसमें शहीदों व महापुरुषों का सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि गत दिनों कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री के कड़े रूख एवं तीनों सेनाओं को सरकार की ओर से दी गई खुली छूट से आतंक के गढ़ पड़ोसी देश पाकिस्तान में डर का माहौल है। सरकार व सेना अपनी योजनाएं बना रहे हैं। शीघ्र ही आतंकवाद एवं उनके सरपरस्तों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। ज्ञात हो कि बीतेवर्ष सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने गांव आकर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीद का सम्मान किया था। बांगरमऊ के विधायक श्रीकांत कटियार ने अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी के जीवन पर प्रकाश डाला। शहीद के जन्म दिन पर विधायक श्रीकांत कटियार व ब्लाक प्रमुख मनोज निषाद सहित काफी संख्या में लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। वहीं बांगरमऊ एसडीएम शुभम सिंह ने चार लाभार्थियों को सांसद के हाथों राशन कार्ड वितरित कराए। इस अवसर पर बीडीओ श्वेता त्रिपाठी, अवधेश लोधी, माया देवी, महादेव लोधी आजाद सहित काफी संख्या मेंलोग मौजूद थे।

# ट्रक ने कार को मारी टक्कर, कार से टकराई स्कूटी दो घायल

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव:** लखनऊ-कानपुर हाइवे पर त्रिभुवनखेड़ा चौराहे के पास उन्नाव की तरफसे आ रहे एक ट्रक ने चौराहे पर मुड़ते समय कानपुर की तरफसे आ रही एक कार को टक्कर मार दी। टक्कर के कारण कार आगे जा रहे एक स्कूटी से जा टकराई। हादसे में स्कूटी सवार दो छात्रों को मामूली चोटें आईं। कार और स्कूटी दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद सड़क पर जाम की स्थिति बन गई। आसपास के लोगों ने तुरन्त जाजमऊ चौकी पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनो को सड़क के किनारे करवाया। जिससे यातायात सुचारू हो सका। जाजमऊ चौकी प्रभारी ने बताया कि पुलिस ट्रक चालक , कार चालक और स्कूटी सवार छात्रों से पूछताछ कर रही है। उन्होंने बताया कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय जनगणना में जातिगणना शामिल करने का मोदी सरकार का निर्णय सराहनीय

**स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव:** ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि तथा भाजपा नेता अर्जुन लाल दिवाकर ने राष्ट्रीय जनगणना में जातिगणना को शामिल करने के मोदी सरकार के ऐतिहासिक निर्णय की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह साहसिक और पारदर्शी कदम सामाजिक न्याय सूचित नीति निर्माण और भारत के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस फैसले से देश के सभी लोगों को लाभ होगा क्यों कि प्रत्येक जाति की वैज्ञानिक और सटीक जाति जनगणना सही तरीके से दर्ज की जाएगी। जिससे किसी भी समुदाय के हितों को नुकसान पहुंचाए बिना आरक्षण के निष्पक्ष कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, जाति आधारित संगठनों, बुद्दिजीवियों, शिक्षाविदों से राजनीतिक हितों से ऊपर उठकर इस पहल का समर्थन करने की अपील की। इस दौरान उनके साथ दिनेश दिवाकर, सुरेश चंद्र त्रिवेदी, प्रेमशंकर मिश्र, संत कुमार दिवाकर, सर्वेश गुप्ता, मुकुंद गुप्ता, टिंकू शुक्ल, मैनू खां आदि मौजूद थे।



## अखिल भारतीय रा.ब्राह्मण महासभा में कौशलेंद्र प्रताप मिश्र पुनः अध्यक्ष



**चित्र परिचय: महासभा की बैठक में मौजूद संस्था के सदस्य।**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव:** अखिल भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा का हर दो वर्ष में होने वाले चुनाव विगत दिवस संपन्न हुआ। स्थानीय मोतीनगर स्थित कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया के बाद आम सहमति के आधार पर कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें मन्नालाल त्रिपाठी संरक्षक, कौशलेंद्र प्रताप मिश्र को पुनः अध्यक्ष चुना गया, उपाध्यक्ष क्रमशः मूलचंद्र शुक्ल, ओमप्रकाश मिश्र व रमेश चंद्र शुक्ल। महासभा के मंत्री क्रमशः प्रभाकर मिश्र, आशादीन तिवारी, अजय अवस्थी, कीर्ति शुक्ला व सुनील कुमार मिश्र नियुक्त किए गए। महामंत्री महेंद्र कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, संगठन मंत्री अशोक कुमार दीक्षित, संप्रेक्षक लक्ष्मीकांत शुक्ल, एवं मीडिया प्रभारी का ब्रजेश पांडेय बनाए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में शैलेंद्र दीक्षित, रामस्वरूप् बाजपेई, ब्रजेश शुक्ल एवं संजीव मिश्र आदि हैं।

## मंडलस्तरीय ट्रायल के लिए जनपदीय टीम रवाना




**स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नाव:** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया कि मंडलस्तरीय ट्रायल के लिए जनपद स्तर पर चयनित अंडर 19 टीम आज लखनऊ रवाना हुई। चयनित टीम में सुयस सिंह, प्रियांशु रावत, सुजीत, प्रणव दिवेदी, आदित्य गुप्ता, उज्वल पाल, जय वर्मा, देवाशीष श्रीवास्तव, फैजान खान, आकाश कुमार राठौर, अमिनेश सैनी, मानविक मिश्रा, सचिन पांडेय, श्रीओम, शिवराठौर, आदर्श शुक्ल, तथा अव्यय सिंह को शामिल किया गया है। शिशिर बाजपेई को टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। उक्त टीम 5 मई को लखनऊ रेड तथा 6 मई को हरदोई के खिलाफ अपने मैच खेलेगी। टीम को शुभकामनाओं सहित नवीन सिन्हा, अभिषेक श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, विकास सिन्हा, मंजूलता अवस्थी तथा ओम मिश्रा ने रवाना किया।

# इनसे सीखें : पैरों की लाचारी के बाद भी पुर गांव में शिक्षा का उजियारा फैला रहे मोहम्मद अनीस

**माती कानपुर देहात।** कहते हैं कि भगवान जब किसी इंसान से कुछ छीनता है तो उससे कई गुना ज्यादा उसे देता भी हैए सदर तहसील क्षेत्र के गांव पुर निवासी निजी शिक्षक मोहम्मद अनीस को ही लीजिएए ईश्वर ने शारीरिक रूप से उन्हें भले ही कमजोर किया लेकिन मानसिक स्तर सामान्य लोगों से कहीं अधिक दे दियाए उनके पढ़ाए लड़के.लड़कियों ने हाल में घोषित हाईस्कूल और इंटर मीडिएट की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है ।

उत्तर प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाई स्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा का रिजल्ट हाल में घोषित हुआ है। इसमें अकबरपुर ब्लाक के पुर गांव की सक्सेस कोचिंग के हाई स्कूल में अभय ने 86 प्रतिशत अंक पाएए गणित और अंग्रेजी में क्रमशः मान्या; 90 द्धए शिवम् गौतम ; 86 द्धए ऋषभ ; 82 द्धए कंचन ; 82 द्धए शिवम् ए सुनीलए नैन्सीए अलका गौतम ने उम्दा प्रदर्शन किया। इसी तरहए इंटरमीडिएट में विश्वदीप ; 79ःद्धए वहीं अंग्रेजी और भौतिक विज्ञान में क्रमशः अतीक; 87 द्धए अर्पित ; 86द्ध आकांक्षा ; 82 द्धए रूपेन्द्र ; 80 द्धए अमनए रिशुए रियाए शिवानीए अनामिका और शिवम की भी प्रतिभा साफ नजर आईए परिणाम के बाद उनके शिक्षक मोहम्मद अनीशए उनकी माता श्रीमती शमसुन बेगम व पिता मुख्तार अली



ने बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित कियाए साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मोहम्मद अनीस तिगाई के उमाशंकर मीरा देवी इंटर कालेज में शिक्षक हैं महज 3 वर्ष की आयु में पैरालिसिस का इन्हें अटैक पड़ा थाए इसके चलते दोनों पैर से विकलांग हो गए लेकिन इन्होंने पढ़ाई नहीं छोड़ीए अकबरपुर इंटर कॉलेज में पढ़ाई के दौरान जब प्रैक्टिकल के लिए ऊपर के खंड में बच्चों को बुलाया जाता था तब यह सीढ़ियां चढ़ने को मजबूर थेए सीढ़ियों पर बैठकर अपने दोस्तों का इंतजार करते थेए उनसे जानकारी लेते थे की क्या पढ़ाया गया है इस पर अध्ययन करके इन्होंने एम एस सी और बीएड की पढ़ाई पूरी कीए अब गांव के बच्चों को कोचिंग पढ़ाते हैं। कोई पैसा देता है तो कोई नहीं देता है लेकिन इनकी सोच है जो मुकाम यह नहीं पा सके वह मुकाम गांव के बच्चे पढ़ाई करके प्राप्त कर लें एइसीलिए बच्चों को पढ़ाते हैंए रविवार को दैनिक स्वतंत्र भारत से वार्ता करते हुए शिक्षक मोहम्मद अनीस द्वारा कहा गया कि कुदरत ने उनसे जो छीना उससे कई गुना ज्यादा उन्हें देने का भी काम किया हैए आज उनके दोनों पैर काम नहीं करते हैं इसका उन्हें कोई रंज नहीं है लेकिन आज खुशी इस बात की है कि वह कुछ ऐसा कर रहे हैं जिससे देश के भावी कर्णधारो की नींव मजबूत हो सके उन्होंने कहा कि आज के दौर में हर चीज का बंटवारा हो सकता है और हर चीज पर डाका डाला जा सकता है लेकिन शिक्षा एक ऐसा धन है जिसका ना कहीं कोई बटवारा है और ना ही इसकी चोरी हो सकती है उन्होंने कहा कि उनके गांव के बच्चे पढ़ाई करके ऊंचा मुकाम हासिल कर ले उनके लिए यही सब कुछ है उन्होंने अपने माता.पिता को भी धन्यवाद किया पेश किया जिन्होंने शारीरिक अक्षमता के बावजूद उनके हौसले नहीं टूटने दिए शिक्षक मोहम्मद अनीस ने ऐसे हर उस बच्चे से खुलकर आवाहन किया है की धान की कमी के कारण कोई शिक्षा से वंचित न रह सके ऐसे छात्र.छात्राएं उनके पास आए वह समर्पण भाव से उन्हें शिक्षा देने का काम करेंगे शिक्षक मोहम्मद अनीस द्वारा किए जा रहे कार्यों की आज हर ओर सराहना हो रही हैए बल्कि यदि यह कहा जाए कि अकबरपुर तहसील क्षेत्र के पुर गांव की पहचान ही शिक्षक मोहम्मद अनीस के नाम से हो रही है तो गलत नहीं होगा।।।

## आईसीएसई में उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं की गई सम्मानित




**स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव:** उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहनलाल श्रीमाली ने न्यू कटरा स्थित आरडीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने राष्ट्रीय जनगणना में जातिगणना कराने के लिए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री श्रीमाली ने मौजूद लोगों से पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि हम सब शपथ लें कि पालीथिन का प्रयोग नहीं करेंगे और गंगा सहित सभी प्राकृतिक नदियों को स्वच्छ रखेंगे तथा वृक्षारोपण कर प्रदूषण से वायुमंडल की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण हेतु जन-जन में जागरूकता पैदा करने की अपील की। संबोधन में विद्यालय के पूर्व प्रबंध निदेशक प्रमोद कुमार सैनी और सरोज सैनी ने मंत्री श्रीमाली को चांदी का मुकुट और माला पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन सुधीर कुमार मिश्र ने किया। इसके अलावा नगर के विमल चंद्र शुक्ल, दुर्गा शरण त्रिपाठी, अवध नरेश शुक्ल, अमित अवस्थी, राधाकृष्ण दिवेदी, आशीष मिश्रा, मनोज सैनी, मनीष सैनी,नीरज सैनी, दीपक सिंह चौहान, कुलदीप सैनी व रामबाबू सैनी ने भी माल्यार्पण कर मंत्री का स्वागत किया।



## हेडिंग यय शनिवार की रात्रि धर से गई महिला का खेत में मिला शव

**मुगीसापुर कानपुर देहात ।** शनिवार मध्य रात्रि घर से अचानक निकल कर कहीं चली गई महिला का रविवार को गांव बाहर शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गईए मौके पर पहुंची पुलिस ने फौती दर्ज कर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है।

डेरापुर थाना क्षेत्र के फरीदपुर निटरा निवासी दशरथ सिंह पुत्र रामेश्वर द्वारा पुलिस को बताया गया कि उसकी पत्नी ममता 45 शनिवार की शाम खाना बनाने एवं खानें के बाद रात्रि लगभग 12 धर से बिना किसी को कुछ बताएं कहीं चली गई जिसका शव गांव के बाहर रामकुमार निषाद के खेत में पड़ा मिला हैए सूचना से तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने फौती दर्ज कर कार्यवाही प्रारम्भ कर दी है।

## ऊंची जातियों के खिलाफ बेजा टिप्पणी के संदेह में युवक हिरासत में

**स्वतंत्र भारत संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव:** कोतवाली क्षेत्र एक गांव के युवक का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें युवक उच्च जातियों के खिलाफ बेजा टिप्पणी कर रहा है। क्षेत्रीय लोगों की तहरीर पर पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियों की स्वतंत्र भारत पुष्टि नहीं करता है। किन्तु वीडियो में सवणों के खिलाफ की गई असामाजिक टिप्पणी से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। उधर श्रीराष्ट्रीय राजपूत करणी सेना मंडल लखनऊ के सचिव हरिओम सिंह चंदेल ने भी सोशल मीडिया पर युवक के खिलाफ कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। क्षेत्र के सचिन सिंह, आनंद सिंह, अनुज सिंह चंदेल, अमित दीक्षित, रचित शर्मा, मलखान सिंह, रवि नादान व हैप्पी मिश्रा आदि ने रविवार को उक्त अभद्र टिप्पणी करने वाले युवक के खिलाफ दोपहर में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। पुलिस ने वायरल वीडियो में शिनाख्त कराने के बाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुशराजपुर के मजरा चीतेपुर निवासी युवक अतुल कुमार गौतम को हिरासत में लिया है। पुलिस वीडियो का परीक्षण कराने के लिए विधिक कार्रवाई कर रही है।

# चालीस दुकान मार्केट में लगी भीषण आग, 25 फीट तक उठीं लपटें



**-6 दुकान जलकर खाक**

**कानपुर।** किदवई नगर में 40 दुकान मार्केट में रविवार को सुबह भीषण आग लग गई। 4रू30 बजे अवैध रूप से बनी घड़ेए मटके और कूलर की एक दुकान से आग की शुरुआत हुई। आग ने देखते ही देखते आसपास की 6 दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

क्षेत्रीय लोगों ने दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की दो गाड़ियां पहुंचीं। 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू पाया।

आग की लपटें 25 फीट तक उठाती देख लोगो दहशत में आ गए । आग तेजी से फैलने लगी जिसके कारण वहां मौजूद लोग आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे। शोर मचाकर लोगों से मदद मांग रहे थे।टट्टर से बनी दुकानें जहां बनी हुई हैं। वह अवैध अतिक्रमण हैं। नगर निगम ने पहले भी कई बार इन दुकानों को हटाया। लेकिनए फिर से दुकानें लग जाती हैं।यह पहली बार नहीं है दुकान मार्केट आग की चपेट में आया है। जनवरी 2022 में भी इसी मार्केट में आग लगने से 8 दुकानें जल गई थीं। उस समय कुछ दुकानदारों ने शॉर्ट सर्किट की थ्योरी को नकारते हुए आग को साजिश बताया था।क्षेत्रीय लोगों ने मांग की है कि मार्केट में आग से निपटने के उचित इंतजाम किए जाएं और अवैध अतिक्रमण को पूरी तरह से हटाया जाए। उनका कहना है कि अतिक्रमण के चलते दमकल गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में देरी होती हैए जिससे नुकसान और अधिक बढ़ जाता है।सीएफओ दीपक शर्मा ने बताया है कि जैसे ही मिनी कंट्रोल रूम में आग लगने की सूचना मिली तुरंत ही दमकल की गाड़ियां रवाना कर दी गई। आग ने विकराल रूप ले लिया था पूरी बाजार में आग फैल सकती थी। लेकिन समय रहते आग को बुझा दिया गया। इससे बड़ा नुकसान होने से बच गया है। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। संभवतः शार्ट सर्किट से आग लगने की आशंका है।

# रावीपा ने किया समाधान शिविर का आयोजन



कानपुर । शास्त्री नगर सेंट्रल पार्क में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी का समस्या समाधान शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान दर्जनों दिव्यांगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं रखीं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि जिलाधिकारी और संबंधित अधिकारियों से बात कर समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि दिव्यांग पेंशन जांच के नाम पर लेखपाल गरीब दिव्यांगों को परेशान कर रहे हैं। शिविर में कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। दिव्यांगजन रोजगार के लिए राष्ट्रीय विकलांग वित्त विकास निगम से 20 लाख रुपए तक का कर्ज ले सकते हैं। जिला उद्योग केंद्र और डूडा के माध्यम से भी ऋण के लिए आवेदन किया जा सकता है।

# कारोबारी से शातिर बदमाश ने मांगी रंगदारी, मुकदमा दर्ज

**कानपुर।** एक होजरी कारोबारी को हिस्ट्रीशीटर व गैंगस्टर एक्ट आरोपी शाहिद पिच्चा और उसके साथी ने अवैध वसूली मांगी। कारोबारी ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज करने के साथ ही मारपीट भी की।

कारोबारी ने चमनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। शाहिद पिच्चा इससे पहले भी कई आपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है। इतना ही नहीं शातिर के खिलाफ25 हजार का इनाम तक भी घोषित हो चुका है। शातिर हाल में तीन चार माह पहले कोर्ट से जमानत पाकर छूटा है। रेलबाजार पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में आरोपी को जेल भेजा था।

चमनगंज निवासी फहीम अहमद के घर के नीचे ही नशरा होजरी के नाम से उनकी फर्म काम करती। फहीम के मुताबिक होजरी का उनका छोटा मोटा कारोबार है।

जिससे वो अपना और परिवार का जीवनयापन करते हैं। फहीम के मुताबिक बीती 29 अप्रैल 2025 की शाम लगभग छह बजे फहीम चमनगंज स्थित अपने होजरी के कारखाने जा रहे थे।

फहीम के मुताबिक रास्ते में अजमेरी चौराहा स्थित रहीम बिरयानी वाले के यहां शातिर अपराधी शाहिद पिच्चा और उसका साथी यूसुफचटनी बैठे थे। दोनों शातिरों ने फहीम को आवाज देकर बुलाया। फहीम के मुताबिक शातिरों ने छूटते ही 25 हजार रुपए की मांग लिए।फहीम के मुताबिक उन्होंने शातिरों से कहा कि किस बात के रुपए देने होंगे। इसपर आरोपियों ने कहा कि यहां काम करना है तो हर माह यह रकम देनी होगी। अन्यथा यहां काम नहीं कर पाओगे। इसके बाद जब फहीम ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनसे गाली गलौज कर बेरहमी से पीटा।

फहीम के मुताबिक शाहिद पिच्चा ने उसे मारते हुए कहा कि पैसे तो देने ही पड़ेंगे। मेरा नाम शाहिद पिच्चा है। इस इलाके में पुलिस को भी कुछ करना होता है तो मेरी इजाजत लेनी होती है। कोई मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकता।

चमनगंज इंस्पेक्टर संजय राय ने बताया कि रेलबाजार थाने से शाहिद पिच्चा को गैंगस्टर एक्ट में जेल भेजा गया था। चार माह पूर्व वो जेल से जमानत पर रिहा होकर आया था। शाहिद पिच्चा के खिलाफपहले भी कई अपराधिक मामले में दर्ज है।

# इस्कॉन में महापौर ने किया मेधावियों को किया सम्मानित

कानपुर। गीता जयंती के मौके पर इस्कॉन की ओर से आयोजित श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित वैल्यू एजुकेशन प्रतियोगिता में 40 विद्यालयों के 3 हजार विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैदिक संस्कृतिए आध्यात्मिक चेतना और चारित्रिक सुदृढ़ता का विकास करना था। प्रतियोगिता में विजेता 45 छात्र.छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।महापौर प्रमिला पांडे ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवद्गीता न केवल छात्रों के लिएए बल्कि हर माता.पिता के लिए भी आवश्यक अध्ययन का ग्रंथ है। इससे प्राप्त ज्ञान से बच्चों में सद्?गुण और नैतिकता का विकास होता है। उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन अपने दिन की शुरुआत गीता पाठ से करती हैं।

प्रतियोगिता में बीएनएसडी शिक्षा निकेतन की छात्रा अक्षिता सिंहए चिंटल्स स्कूल की अलीना कटियार ने पहला स्थाना हासिल कियाए जिन्हें पुरस्कार के रूप में साइकिल भेंट की गई। वहीं सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर के अवनीश मौर्यए दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म स्कूल के अरनव सिंह दूसरे स्थान पर रहेए जिन्हें स्मार्ट वॉच देकर पुरस्कृत किया गया।

वहीं अन्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्रए टी.शट्र्सए वाटर बॉटल्स जैसे सांत्वना पुरस्कार दिए गए। इस्कॉन कानपुर के मंदिर अध्यक्ष प्रेम हरिनाम प्रभु ने छात्रों को भगवद्गीता के नियमित अध्ययन से मानसिक तनाव से मुक्ति व जीवन की दिशा प्राप्त करने का संदेश दिया। प्रतियोगिता निर्देशक चंदन प्रभु ने बताया कि यह वार्षिक आयोजन है




# रामनारायण निषाद बने बसपा जिला प्रभारी

कानपुर द्य बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश बहन कुमारी मायावती के निर्देश पर पूर्व महानगर अध्यक्ष और रामनारायण निषाद को कानपुर जिले का जिला प्रभारी बनाया गया जिला प्रभारी बनाए जाने पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं व निषाद समाज के लोगों ने उन्हें फूल.मालाओं से स्वागत कर हर्ष जताया बहन जी को आभार व्यक्त किया हर्ष जताने वालों में अर्चना निषाद पूर्व महापौर प्रत्याशीए सुखलाल निषादएराम संजीवन निषादए सिपाही लाल निषादए नीरज निषादए राजकुमार निषाद एडवोकेटए सुनील वर्माए रमेश निषाद एलआईसी आदि रहे

# कांग्रेस घर.घर पहुंच बनाने के लिए 10 से करेगी कार्यक्रम, पांच विधानसभा क्षेत्रों में होगी दलित पंचायत

**कानपुर।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अधिवेशन और पार्टी की वर्किंग कमेटी की बैठक में लिए गए फैसलों को पार्टी अब घर.घर पहुंचने की तैयारी में जुटी है। महानगर और नगर ग्रामीण इकाइयों ने 10 से 17 मई के बीच कई कार्यक्रम करने की योजना बनाई है। इसको लेकर दोनों इकाइयों की शनिवार को पार्टी कार्यालय तिलक हाल में बैठकें हुईं। ग्रामीण इकाई अध्यक्ष संदीप शुक्ला ने बताया कि पार्टी ने 40 दिवसीय आंदोलन की रूपरेखा बनाई गई है। इसमें 11 से 17 मई के बीच विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जाएगा।

जल्द ही बूथ से लेकर जिला कमेटियों का गठन होगा। पार्टी घर.घर संपर्क अभियान भी चलाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में तीन संभावित प्रत्याशियों का पैनल बनाकर संगठन को मजबूत किया जाएगा। आमजन के लिए हेल्थ और लीगल कैंप लगाए जाएंगे। यहां पूर्व विधायक भूधर नारायण मिश्राए नरेश चंद्र त्रिपाठीए देवी प्रसाद निषादए बाबूराम सोनकरए उषा रानी कोरीए प्रतिभा अटल पालए रीता कठेरियाए अरविंद चतुर्वेदीए राजीव द्विवेदीए ममता तिवारीए सुमन तिवारी संतोष मिश्राए संयोगिता वर्माए जयशंकर आदि रहे।महानगर कांग्रेस की बैठक में तय हुआ कि पार्टी सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों को जोड़ने के लिए दलित पंचायत का आयोजन करेगी। महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने बताया कि 10 मई से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में रैली भी निकाली जाएगी। इसके जरिए जनसमस्याओंए महंगाई को उजागर किया जाएगा। कार्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रभारी कोऑर्डिनेटर घोषित कर दिए जाएंगे। साथ ही महानगर स्तर पर समन्वय बनाने के लिए महानगर प्रभारी घोषित होंगे। यहां पर प्रतिभा अटल पालए अवनीश सलूजाए श्यामदेव सिंहए उमेश दीक्षित बबलूए अतहर नईमए वीरेंद्र चतुर्वेदीए राकेश साहूए मदन गोपाल राखड़ाए शंकरदत्त मिश्राए इखलाख अहमद डेविडए पदम मिश्राए इकबाल अहमदए रमनीक चतुर्वेदीए दिनेश बाजपेईए हाजी फजल आदि रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से पेंटर की मौत, मुरे कंपनी पुल के पास हुआ हादसा

**कानपुर।** मुरे कंपनी पुल क्रासिंग पार करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आकर पेंटर की मौत हो गई। आसपास के लोगों से जानकारी करते हुए परिजन कानपुर सेंट्रल जीआरपी पहुंचेए तब उन्हें घटना की जानकारी हुई। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

बंगला नंबर.91 फाई साहब का हाता निवासी अनिल ने बताया कि उनका छोटा भाई जयप्रकाश लाल बंगला स्थित अलमारी के कारखाने में पेंटिंग का काम करता था। रोजाना की तरह शुक्रवार सुबह कारखाने जाने के लिए घर से निकला थाए इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो लोगों ने मुरे कंपनी क्रासिंग के पास एक युवक के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना दी। परिजन जीआरपी स्टेशन पहुंचेए जिसके बाद शव की शिनाख्त जय प्रकाश के रूप में हुई। जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

# जनमानस हेतु जोनवार हटवाया गया अतिक्रमण

**कानपुर।** नगर निगम द्वारा कराई गई प्रभावी कार्यवाही का जोनवार विवरण निम्नानुसार है जोन.1 कलक्टरगंज माल गोदाम रोड पर भवन संख्या 73र्9 से 73र्14 तक स्वास्थ्य विभाग के नाले के ऊपर से अतिक्रमण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नाले के ऊपर से 3 झोपड़ीए लगभग 10 पक्की रैम्पए लगभग 20 ठेले ध् अस्थाई अतिक्रमण हटवाये गये तथा 2 ट्रक मलबा उठवाया गया ।

अभियान के दौरान जोनल अधिकारी जोन.1ए जोनल अभियंता जोन.1ए जोनल स्वच्छता अधिकारी जोन.1ए कर अधीक्षक जोन.1ए क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व नगर निगम की क्यूआरटी टीम उपस्थित रही जोन.2 हंस मंन्दिर सतबरी रोड से नीलकण्ठ साड़ी वाले तक नाला सफाई किये जाने हेतु अभियान चलाया गया। नाला सफाई एवं अतिक्रमण अभियान के दौरान 25 टीन शेडए फुटपाथ से 15 चतबूतरे हटाये गये एवं 4000 जुर्माना वसूला गया। उक्त अभियान के दौरान अभियन्त्रण विभाग एवं प्रवर्तन दल मौजूद रहा जोन.5 पनकी क्षेत्र में स्वराज नगर में सी.192 से चन्देल मार्ग से थाना पनकी होते हुये बीएमसी हॉस्पिटल तक अतिक्रमण हटाया गया। चिन्हित स्थल पर लगभग 40.45 अस्थायी अतिक्रमण एवं 15.20 स्थलों पर हुये स्थायी अतिक्रमण को हटाया गया। जिसमें नाले पर बने कुछ रैम्प व जीनों को ध्वस्त किया गया व स्थल की सफाई भी सुनिश्चित करायी गयी। अभियान वो दौरान लगभग रु0१0ए000६ का जुर्माना वसूला गया। अभियान में मुख्य रूप से विनय प्रताप सिंहए जोनल अधिकारीए जोन.5ए कमलेश पटेलए अधिशाषी अभियन्ताए जोन.5ण्अवनीश यादवए जोनल स्वाच्छता अधिकारी जोन.5ए कर अधीक्षक नरेन्द्र देवएए क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक अनुराग पाण्डेयए क्षेत्रीय सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं पनकी थाना क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक एवं अन्य पुलिस कर्मी के साथ ही जोन.5 का अतिक्रमण दस्ता उपस्थित रहा इसके उपरांत नगर आयुक्त सुधीर कुमार द्वारा समस्त जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिन.जिन स्थानों से अतिक्रमण हटाकर स्थल को जनमानस हेतु सुगम बनाया गया है। वहां यह सुनिश्चित करें कि किसी भी दशा में पुनः अतिक्रमण न हो पाए।

# परीक्षा के पहले छात्रा ने की आत्महत्या, परिजनों का पोस्टमार्टम से इन्कार

**कानपुर।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट ;नीटद्ध में शामिल होने के 24 घंटे पहले ही 19 साल की छात्रा जिंदगी से हार गई। उसका शव शनिवार को दूसरी मंजिल पर बने कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। घटना के समय वह और उसकी दादी ही घर पर थे। छोटा भाई स्कूल और माता.पिता कार्यालय चले गए थे। दोपहर में जब भाई लौटा तो उसे मामले का पता चला। बर्रा छह हरी मस्जिद के पास रहने वाले राम प्रकाश वर्मा उरई के जिला अस्पताल में वरिष्ठ स्टेनो और पत्नी सुनीता एचबीटीयू में सहायक कर्मी हैं। उनका बेटा पार्थ दसवीं में हैए जबकि बेटी नूपुर दो साल से नीट की तैयारी कर रही थी। उसका रविवार को होने वाली प्रवेश परीक्षा में कौशलपुरी के गुरुनानक गर्ल्स पीजी कॉलेज में सेंटर पड़ा। शनिवार सुबह बेटे के स्कूल और पत्नी के कार्यालय जाने के बाद राम प्रकाश भी पौने 11 बजे उरई चले गए। उनके जाने के बाद नूपुर दूसरी मंजिल पर बने कमरे में पढ़ने चली गईए जबकि दादी राम प्यारी पहली मंजिल के कमरे में पूजा पाठ में व्यस्त थीं। दोपहर साढ़े 12 बजे स्कूल की छुट्टी होने पर पार्थ लौटा। काफी देर तक गेट खटखटाने के बाद भी नहीं खुलाए तो उसने पड़ोसी सौरभ से पिता को फोन कराया। राम प्रकाश ने बेटी को कई फोन किएए लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस बीच पूजा कर राम प्यारी नीचे आईंए तो उन्होंने गेट खोला। पार्थ ने देर लगने की बात पूछी तो कहा कि उन्हें लगा कि नूपुर ने गेट खोल दिया होगा। वह बहन को देखने ऊपर कमरे में गया तो चीख पड़ा। नूपुर का शव दुपट्टे से पंखे के सहारे लटक रहा था। बेटी के आत्महत्या कर लेने की सूचना पर बदहवास माता.पिता घर पहुंचे और शव से लिपट कर बिलख पड़े। परिजनों ने नीट के पेपर के चलते तनाव ग्रस्त होने की बात कही है।

# नेशनल एसोसिएशन आफफिसर मेन ने वीरांगना फूलन देवी के हत्या मामले की उठाई आवाज

कानपुर द्य नेशनल एसोसिएशन ऑफफिसर मेन ;राष्ट्रीय निषाद संघद्धकी प्रथम वार्षिक बैठक दक्षिण क्षेत्र स्थित बिल्डिंग नंबर 7 गौशाला चौराहा हमीरपुर रोड मेट्रो के पिलर नंबर 48ए49 के बीच लाइफलाइन मेडिकल स्टोर के ऊपर मनोज निषाद प्रदेश अध्यक्ष के कार्यालय पर आहूत की गई बैठक की अध्यक्षता जेपी निषाद मंडल अध्यक्ष संचालन चंदन निषाद ने किया द्य बैठक को संबोधित करते हुए पन्ना लाल कश्यप पूर्व मंत्री भारत सरकार ने कहां कि निषाद समाज की वीरांगना एवं पूर्व सांसद फूलन देवी की हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर एक बार फिर बुलंद आवाज़ किये जाने की जरूरत पड़ गई है। बिहार निषाद संघ की ओर से गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र स्पीड पोस्ट के जरिए से 18 अप्रैल 2025 को एक पत्र प्रेषित किया गयाए जिसमें इस गंभीर राजनीतिक हत्या की सीबीआई जांच कराने की मांग की गई है।पत्र में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2001 में दिनदहाड़े हुई फूलन देवी की हत्या का आरोप राणा नामक व्यक्ति पर हैए लेकिन 24 वर्षों के बाद भी न तो अपराधी को सजा मिली है और न ही इस मामले की सीबीआई जांच कराई गई। पत्र में इस स्थिति को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया गया है। बिहार निषाद संघ ने पत्र में कहां है कि एक सांसद की हत्या के बाद भी यदि दोषियों को दंड नहीं मिलताए तो इससे न केवल निषाद समाज में बल्कि पूरे देश में न्याय व्यवस्था पर से विश्वास डगमगाता है। समाज के भीतर असंतोष बढ़ता जा रहा हैए जो भविष्य में किसी बड़े सामाजिक आंदोलन का कारण बन सकता है। बैठक में उपस्थित वक्ताओं ने समाज को एक मंच में लाने की हुंकार भरी है सरकार द्वारा पारित जनगणना पर भी चर्चा हुई द्य बैठक में विजय शंकर निषादएसुनील मांझीएराम चीज निषाद मुकेश कश्यप राजेश कश्यपए नरेंद्र गौड़एगिरजा शंकरए जगदीश निषाद सुनील वर्माएहरदत्तए सुरेंद्रए संदीप निषादए गिरीश कश्यप आदि रहे।

# हाउस टैक्स व कूड़ा उठाने के पेमेंट के लिए नगर निगम घर के बाहर लगायेगा क्यूआर कोड

**कानपुर।** हाउस टैक्स जमा करने के लिए अब आपको वेबसाइट पर ज्यादा समय नहीं देना होगा। नगर निगम में अब क्यूआर कोड के जरिये भी पेमेंट कर सकेंगे। इसके लिए नगर आयुक्त ने बैंकों के साथ बैठक कर क्यूआर कोड व्यवस्था लागू करने के लिए निर्देश दिए हैं।

अब डोर.टू.डोर कूड़ा कलेक्शन की पेमेंट भी ऑनलाइन कर सकेंगे। यदि आपके घर में डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाला नहीं आ रहा समेत कोई दिक्कत है तो उसका समाधान भी नगर निगम आपके घर पर ही करेगा। हर घर के बाहर एक बार कोड और एक क्यूआर कोड लगाया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत चार वार्डों को लिया गया है। एक.एक बैंक एक वार्ड में क्यूआर और बार कोड लगाएगा। 31 मई तक यह काम पूरा करने के बाद शहर भर में इसे लागू किया जाएगा। नगर निगम मुख्यालय में नगर आयुक्त सुधीर कुमारए अपर नगर आयुक्त आवेश खानए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् अमित सिंह ने कोटक महिंद्राए एचडीएफसी बैंक आईसीआईसीआई और एक्सिस बैंक के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। नगर आयुक्त ने बताया कि चारों बैंकों को एक.एक वार्ड दिया जाएगा। हर घर में एक क्यूआर कोड हाउस टैक्स जमा करने के लिए लगाया जाएगा।

**शहर के 4 वार्डों से शुरुआत**

क्यूआर कोड स्कैन करते ही लोगों का हाउस टैक्स खुद ब खुद आ जाएगा। आसानी से घर बैठे हाउस टैक्स जमा हो जाएगा। बार कोड स्कैन करके शहरवासी कूड़ा उठान न होनेए गंदगीए लाइटिंगए आईजीआरएसए नगर निगम की एप और वेबसाइट में जाकर कोई भी समस्या बता सकेंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि बैंक के काम को देखकर आगे के कामों पर निर्णय लिया जाएगा। अगर ट्रायल सफल रहा तो इसे पूरे शहर में लागू किया जाएगा।

# केन्द्रीय कृषि मंत्री ने चावल की दो प्रजातियों का किया लोकार्पण

कानपुर द्य भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद अटारी जोन 3 कानपुर के निदेशक डॉक्टर एस के दुबे ने बताया कि केंद्रीय कृषि मंत्री ने चावल की दो प्रजातियों का लोकार्पण किया।जिसमें मंत्री ने बताया कि भारत जीनोम संपादित चावल की किस्में विकसित करने वाला दुनिया का पहला देश बना। उन्होंने कहा कि नई जीनोम किस्में अधिक उत्पादनए जलवायु अनुकूलता और जल संरक्षण में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखती हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में वैज्ञानिक शोध के क्षेत्र में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि है।कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि अनुसंधान को नई दिशा मिली है।

उन्होंने कृषि क्षेत्र के लिए नई किस्मों का लोकार्पण स्वर्णिम अवसर है।प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प में किसान समृद्धि की ओर बढ़ रहे है। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दोनों किस्मों के अनुसंधान में योगदान करने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित किया। डीआरआर धान 100 ;कमलाद्ध के अनुसंधान में योगदान के लिए डॉण् सत्येंद्र कुमार मंग्राउथियाए डॉण् आरण्एम सुंदरमए डॉण् आरण् अब्दुल फियाजए डॉण् सीण् एनण् नीरजा और डॉण् एसण् वीण् साई प्रसाद तथा पूसा डीएसटी राइस के लिए डॉण् विश्वनाथन सीए डॉण् गोपाल कृष्णनन एसए डॉण् संतोष कुमारए डॉण् शिवानी नागरए डॉण् अर्चना वत्सए डॉण् रोहम रेए डॉण् अशोक कुमार सिंहए डॉण् प्रांजल यादव व अन्य संयोजकों जिसमें श्री राकेश सेठए श्री ज्ञानेन्द्र सिंह और श्री सत्येंद्र मंग्राउथिया को सम्मानित किया गया। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि सोयाबीनए अरहरए तूअरए मसूरए उड़दए ऑयल सीड की किस्मों सहित दलहन और तिलहन के उत्पादन की दिशा में वृद्धि के लिए हमें और आगे कदम बढ़ाना होगा। इस कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री भागीरथ चौधरी ने वर्चुअल जुड़कर विचार व्यक्त करते हुए वैज्ञानिकों को बधाई दी। कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव देवेश चतुर्वेदीए आईसीएआर के महानिदेशक डॉण् मांगी लाल जाटए आईसीएआर के उप महानिदेशक डॉण् देवेन्द्र कुमार यादवए भारतीय चावल अनुसंधान संस्थानए हैदराबाद के निदेशक डॉण् आरण्एमण् सुंदरमए आईसीएआर के पूर्व निदेशक डॉण् अशोक कुमार सिंहए आईसीएआर के निदेशक डॉण् सीएचण् श्रीनिवास रावए उप निदेशक डॉ विश्वनाथन भी शामिल रहें।

# आवासीय परिसर में लगी आग धुएं में फंसे बुजुर्ग की मौत

कानपुर द्य थाना नवाबगंज क्षेत्रान्तर्गत नवाबगंज मार्केट स्थित एक आवासीय परिसर में देर रात्रि आग लगने की घटना घटित हुई जिससे क्षेत्र में कोहराम मच गया बताया जाता है कि 4 मई 2025 की रात्रि लगभग 3रू30 बजे नवाबगंज कस्बे में स्थित जयप्रकाश गुप्ता ;उम्र 80 वर्षद्ध के तीन मंजिला मकान में आग लग गई। मकान में टेडी बेयर और खिलौनों की दुकान संचालित होती थीए जिसमें भारी मात्रा में सामान भरा था। आग का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना के समय परिवार के सदस्य मकान में सो रहे थे। स्थानीय लोगों ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लियाए किंतु पीछे के कमरे में सो रहे जयप्रकाश गुप्ता धुएं के कारण फंसे रह गए। प्रभारी निरीक्षक व फायर ब्रिगेड की सहायता से उन्हें बाहर निकाला गया और हैलट अस्पताल ले जाया गयाए जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृत्यु का कारण दम घुटना बताया गया है। फायर ब्रिगेड द्वारा आग पर नियंत्रण पा लिया गया है तथा मौके पर स्थिति शांतिपूर्ण है।

## खबर एक नज़र

### बाइक की टक्कर से भट्ठा मजदूर समेत 3 लोग घायल

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के राहा धरम कांटे के पास रविवार की दोपहर बाद बाइक की टक्कर से भट्ठा मजदूर समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जनपद प्रताप गढ़ के कलराज सिंह का पुरवा निवासी भट्ठा मजदूर मनीष 26 पुत्र अमरेश व घाटमपुर के पचखुरा वार्ड निवासी रंजीत 25 पुत्र प्रेम सागर मूसानगर रोड़ पर पैदल भट्टे की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह राहा धरम कांटे के पास पहुंचे ही थे कि राहा निवासी रवींद्र चौहान 25 पुत्र शिवकरण की बाइक की टक्कर से तीनों घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें उर्सला अस्पताल रेफर किया गया।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला के साथ मार पीट

**घाटमपुर ।** थाना क्षेत्र के पता रा में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर महिला के साथ गाली गलौज की। आरोप है कि गालियां देने का विरोध करने पर आरोपियों ने परिजनों को लाठियों से पीट दिया। पतारा निवासी मन्जू पत्नी प्रकाश ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि दोपहर लगभग एक बजे वह घर पर कुछ काम कर रही थी। तभी गांव के ही मऊवां एंव मोहित पुत्र खन्नूए नफीश पुत्र मऊवां व अन्य लोग अकारण उसके  घर पर उससे गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली गलौज का विरोध किया तो उक्त लोगों ने एक राय होकर उसके परिवारी जनों को लाठी डन्डो से बहुत मारा पीटा है। साथ ही धमकी दी है कि अगर कही शिकायत की तो जान से मार देगें।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

**कुरारा,हमीरपुर।** कुरारा  थाना क्षेत्र के मल्हारा गांव के आगे बेरी गांव से हलवाई का काम करके वापस लौट रहे दो बाइक सवारों को ट्रक चालक  ने टक्कर मार दिया । ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सामुदायिक  स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा। जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। कुरारा  क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी गुलाब सिंह कुशवाहा उम्र 26 वर्ष पुत्र राजा सिंह व हेमंत उर्फलल्ला उम्र 25 वर्ष पुत्र राधे मोहन शादी समारो में खाना बनाने के  लिए शनिवार को बेरी गांव गए थे। रात में खाना बनाने के लिए वहीं रुके थे। आज शाम चार बजे दोनो लोग अपनी बाइक से बेरी से वापस गांव की तरफआ रहे थे देवी गंज गांव के आगे राजा का पुरवा के आगे मोड़ पर कुरारा से बेरी जा रहे ट्रक चालक ने सामने से टक्कर मार दिया जिससे दोनो छिटक कर सड़क  किनारे गिर गए। तथा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर थाना पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा दोनो को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य  केंद्र लेकर आई। जहां चिकित्सक ने गुलाब को देखते ही मृत घोषित कर दिया  तथा दूसरे घायल हेमंत को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है। मृतक के पिता ने बताया कि आज दूसरी जगह शादी में खाना बनाने का कार्यक्रम उदन पुर के पास कुसमरा गांव में लगा था। शाम को वहां  जाना था। मृतक की शादी हो गई है। दो  छोटे बच्चे है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

### मौसम का साथ पाकर लहलहा उठी जायद की फसलें

**भरुआ सुमेरपुर।** मौसम के बदलाव का असर जायद की फसलों में पड़ा है। गर्मी के चलते इन फसलों में विपरीत असर पड़ रहा था। पिछले चार पांच दिनों से मौसम में हो रहे उतार चढ़ाव से फसले लहलहा उठी है।

जायद की फसलों में ज्यादातर किसानों ने मूंग के अलावा सब्जी बो रखी है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में पारा लगातार चढ़ने से यह फसलें दोपहर में बुरी तरह से प्रभावित हो रही थी। साथ ही इनकी ग्रोथ रुकी हुई थी। मई माह के शुरू होते ही मौसम में हुए बदलाव का असर फसलों में दिखा है। तापमान गिरने से यह फसले लहलहा उठी है। किसान रामफल, श्यामबाबू, देवीदीन, रामेश्वर, शिवराम, दयाराम, गयादीन, कालीदीन, रमेश, घनश्याम, रामदास आदि ने बताया कि मौसम के बदलाव से फसलों में सुधार हुआ है। पुरवाई चलने से सब्जी की फसलों में कीड़े होने की आशंका से दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। मूंग में अभी कोई नुकसान नहीं है।

### हाईवे में टैंकर खराब होने से कस्बे में लगा जाम

भरुआ सुमेरपुर। हाईवे में कस्बे के अंदर नगर पंचायत कार्यालय के सामने डीजल टैंकर खराब होने से कस्बे में जाम लग गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाकर यातायात सामान्य कराया।

रविवार को अपराह्न 3 बजे महोबा की तरफसे कानपुर की ओर जा रहा तेल का खाली टैंकर नगर पंचायत कार्यालय के ठीक सामने अचानक बंद होकर खड़ा हो गया। चालक के तमाम प्रयासों के बाद यह स्टार्ट नहीं हो सका। हाईवे में कस्बे के बीच टैंकर के खराब होने से भीषण जाम लग गया। जाम लगने से एंबुलेंस, परिवहन निगम की बसें भी जाम में फंस गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद आडा तिरछा खड़े वाहनों को सीधा कराकर यातायात सामान्य कराया। तब कहीं जाकर लोगों को राहत मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जाम से लोग करीब एक घंटा चिलचिलाती धूप में परेशान होते रहे।

### घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने में विवाद में घर में घुसकर मारपीट

**जालौन।** घर के बाहर गाड़ी खड़ी करने को लेकर हुए विवाद के बाद आधा दर्जन लोगों ने घर में घुसकर मारपीट कर दी ।पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जब मामला दर्ज नहीं किया तो पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय परिवाद दर्ज कर 4 लोगों को तलब किया है।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौधरयाना निवासी आकाश सोनी पुत्र रामजी सोनी ने बताया कि जब 13 अगस्त 2023 को रात्रि करीब 10 बजे गाड़ी कार मकान के दरवाजे के पास खड़ी कर रहा था। उसी समय राम खिलावन, प्रीतम अरविंद व दीपक के साथ प्रिंस व विशाल आ गये। इन लोगों  गाड़ी करने से मना करने लगे। जब प्रार्थी ने कि वह अपने दरवाजे के सामने खड़ी कर रहा है। इस पर ये लोग गालियां देने रोकने पर वह मारने को दौड़े। इस पर वह घर में घुस गया। इस आरोपी उनके घर में घुस आये तथा मारपीट करने लगे। शोरगुल सुनकर उनके पिता रामजी पुत्र श्रीराम मौके पर आ गये। मारपीट कर आरोपी भाग गये। पीड़ित ने घटना की शिकायत पुलिस से की किन्तु पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की ।इस पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने मामला सुनने के प्रिंस व विशाल की मामले में को भूमिका नहीं पायी। जबकि रामखिलावन, प्रीतम, अरविन्द व दीपक के विरुद्ध धारा 452, 323,504 के तहत परिवाद दायर कर आरोपियों को समन जारी कर 18 जून को न्यायालय में पेश हाजिर होने का आदेश दिया है।

### गाँव गाँव जाकर किसानों को अपना अनाज गेहूँ खरीद केंद्र पर बेचने के लिए किया प्रेरित

रामपुरा(जालौन)।नगर के निनावली सड़क पर आरटीआई कॉलेज के पास बना गेहूँ खरीद केंद्र पर किसानों के गेहूँ को सरकारी उचित दर पर खरीद की जा रही हैं। जिसका पैसा सीधा किसान के खाते में आता हैं। रामपुरा के गेहूँ खरीद केंद्र के प्रभारी कैलाश नारायण द्वारा रामपुरा क्षेत्र के महूटा, मई, जायघा, टीहर, पचोखरा, फत्तेपुरा, निनावली, वघावली, सिद्धपुरा, धरमपुरा, सोनपुरा आदि जैसे एक दर्जन के लगभग गाँवो में भ्रमण कर किसानों से संवाद कर बताया कि सरकारी गेहूँ खरीद केंद्र पर किसान का गेहूँ सरकार द्वारा 2445 रु प्रति कुंतल खरीदा जा रहा हैं। जिसके लिए किसान अपनी जमीन की खतौनी व आधारकार्ड लेकर केंद्र पर आए तथा अपना अनाज अच्छे दामो पर बेचे। किसान के गेहूँ का पैसा सीधे किसान के खाते में शासन द्वारा भेजा जाता हैं। प्रभारी ने किसानों को जानकारी देते हुए बताया कि जो किसान अपना गेहूँ बेचना चाहता हैं तो वो रजिस्ट्रेशन पहले भी करवा सकता हैं।  प्रभारी कैलाश नारायण ने बताया कि प्रतिवर्ष किसान के गेहूँ खरीद तीन माह की जाती हैं। पिछले वर्ष रामपुरा केंद्र पर 2000 कुंतल ही गेहूँ की खरीद 3 माह में हो सकी थी। लेकिन इस वर्ष गाँव गाँव घूमने व किसानों को जानकारी देने के कारण सिर्फएक माह दस दिन में रामपुरा केंद्र पर 4711 कुंतल किसानों के गेहूँ की खरीद की जा चुकी हैं। बाकी बचे समय के अंदर ओर भी किसान अपने गेहूँ की बिक्री केन्द्र आकर करेंगे।

## दो महिलाओं ने खाया जहरीला पदार्थ एक की मौत, एक गम्भीर

**घाटमपुर।** थाना सजे ती क्षेत्र में जहरीला पदार्थ खाने की हुई दो अलग अलग घटनाओं में एक में महिला की मौत हो गई। वहीं दूसरी की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। थाना क्षेत्र के बरीपाल निवासी अंजली 20 पत्नी राम संजीवन के जहरीला पदार्थ खाने पर जब तक इलाज के लिए परिजन उसे सीएचसी घाटमपुर लेकर पहुंचते तब तक उसकी मौत हो गई थी। परिजनों के मुताबिक किसी बात से नाराज होकर अंजली ने शनिवार की शाम चूहा मार दवा खा ली थी।इधर उधर इलाज में आराम न मिलने पर रविवार की दोपहर बाद जब तक उसे इलाज के लिए सीएचसी लेकर पहुंचते उसकी मौत हो गई थी। वहीं थाना क्षेत्र के दहिलर गांव में रहने वाली सुनीता 35 पत्नी मुकेश के किसी बात से नाराज होकर डाई पीने से उसे भी इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां समय से उपचार मिलने पर उसकी हालत में सुधार होने के बाद परिजन उसे घर ले गए।

### नशेबाजों ने घर में घुसकर की किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश

**घाटमपुर।** थाना सजे ती क्षेत्र के निबिया खेड़ा गांव में नशेबाजों ने एक घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश की। तभी वहां पहुंची भाभी के विरोध करने पर नशेबाजों ने किशोरी व उसकी भौजाई को पीट दिया। जिसकी शिकायत थाना सजेती में करने पर किशोरी को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया। किशोरी ने पुलिस को बताया कि वह अपनी माँ व बहन के साथ घर पर खाना पीना कर रही थी। तभी मेरे ही गाँव के ही कुछ लोग नशें हालत मे घर में घुस आये। और उससे छेड़ छाड़ के साथ बलात्कार करने की कोशिश करने लगे। विरोध करने पर मुझे व भैजाई को लातए घूसो व जूतो से बुरी तरह मारा पीटा।जिससे पेट व शरीर में काफी चोट लगी है बचाने पर माता को भी मारा पीटा। पड़ोसियों के आने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये।

## पत्नी के मायके चले जाने पर युवक ने फांसी लगाकर की आत्म हत्या

**-तीन दिन पहले शराब के नशे में युवक ने अपनी पत्नी के साथ की थी मार पीट**

**घाटमपुर।** थाना क्षेत्र के धरमगद पुर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। घटना के पीछे पति की पिटाई से नाराज़ होकर पत्नी के मायके जाने व बुलाने पर वापस न लौटने की वजह बताई जा रही थी। तीन दिन पहले ही पति ने नशे में किसी बात को लेकर पत्नी को पीटा था।

युवक का शव घर के अन्दर फांसी पर झूलता देख परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि धरमंगद पुर गांव निवासी राजकुमार 32 ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीते तीन दिन पहले शराब के नशे ने युवक ने अपनी पत्नी ज्योति को पीट दिया था।जिसके बाद पत्नी वापस अपने मायके बड़ेगांव चली गई थी।  पत्नी को बुलाने का प्रयास कर रहा था। लेकिन पत्नी वापस नहीं आई। रविवार सुबह युवक ने घर के अंदर कमरे में पंखे के सहारे फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।

परिजनो ने जब युवक का शव फांसी के फंदे पर लटकते देखा तो घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराने के साथ शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनो ने पुलिस को बताया कि युवक पत्नी के मायके जाने के बाद से परेशान रह रहा था। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल कराने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी हुई बदहवास

**घाटमपुर।** पति के फांसी लगाकर आत्म हत्या कर लेने की खबर मायके पहुंचने पर पत्नी ज्योति बदहवास हो गई। जिसके तीन बेटियों महक 4 सालए रूप 2 सालए माही 4 महीने के सिर से पिता का साया उठ गया। अब इनकी परवरिश कौन करेगा बार बार यह बात कहकर पत्नी ज्योति का रो रोकर बुरा हाल था।

## 9 को महाराणा प्रताप की मनाई जाएगी जयंती



**घाटमपुर।** रविवार को मूसानगर रोड़ पर स्थित क्षत्रिय भवन कार्यालय में क्षत्रिय वीर शिरोमणि स्वण् जंग बहादुर सिंह जन सेवा संस्थान की हुई बैठक में शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयन्ती मानने की रणनीति बनाई गई। 9 मई को बाल उद्यान गेस्ट हाउस में मनाई जाने वाली जयंती को सफल व ऐतिहासिक बनाने व गांव गांव भ्रमण कर जयंती के बारे में लोगों को जानकारी देने की अलग अलग जिम्मेदारियां बांटी गई। बैठक में प्रमुख रूप से समिति के अध्यक्ष मनबोधन सिंहए शिव नाथ सिंह  चौहानएशिवबदन सिंहए यशवीर सिंह खंगारएसभासद सत्यम चौहानए अशोक सिंह परमारए श्यामू सिंहए शिव कुमार सिंहएकन्हैया लालए श्याम सिंह भदौरियाए गजेन्द्र सिंह व रंग बहादुर आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### गाली गलौज के विरोध पर मारपीट कर घायल करने का आरोप

स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के निहालखेडा गांव में सामान लेने गए युवक को गांव निवासी युवक द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा लिखित रूप से दी गई पुलिस द्वारा मामले में जांचकर कार्यवाही करने की बात कही गई। घुरुवा खेड़ा निवासी मयंक यादव पुत्र धर्मेंद्र यादव ने तहरीर देते हुए बताया कि रविवार शाम वह निहालखेडा स्थित दुकान सामान लेने जा रहा था तभी रास्ते में मिले निहालखेडा निवासी शुभम 19 ने उसे गाली गलौज कर रोक लिया और मारपीट कर घायल कर दिया मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे बचाया तब तक आरोपित युवक मौके से भाग गया।साढ़ पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने की बात कही जा रही।

## भीतरगांव में तालाब पर कब्जाए अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की लगाई गुहार



**-ग्रामीणों की शिकायत पर एसडीएम नर्वल ने जांच कर कार्यवाही के दिए निर्देश**

**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र के कस्बा भीतरगांव में ग्राम पंचायत के विशालकाय तालाब पर अवैध रूप से किए गए कब्जों से जहां एक ओर नालियों के चोक होने से जलभराव की समस्या बनी हुई है वहीं दूषित गंदे जलभराव से विभिन्न प्रकार की बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है मामले को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम नर्वल को लिखित प्रार्थना पत्र देते हुए अवैध रूप से किए गए अनाधिकृत कब्जों को हटवाकर तालाब के सुंदरीकरण की मांग की एसडीएम नर्वल विवेक कुमार मिश्रा ने राजस्व टीम सहित  खंड विकास अधिकारी को संयुक्त टीम बना जांचकर प्रभावी निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिए गए।

भीतरगांव निवासी सुशील कुमार सुरजन सिंह अभिषेक रामबालक रामसेवक अवधेश कुमार अमित सिंह गीता देवी प्रिया त्रिवेदी मालती देवी चौहान पूनम कोरी ऊषा जनक दुलारी कांति सेंगर शमशेर सिंह श्रीराम सुरेन्द्र कुमार सहित आधा सैकड़ा ग्रामीणों ने लिखित शिकायत करते हुए उप जिलाधिकारी नरवल को बताया कि गांव में गाटा संख्या 408 पर तालाब दर्ज है जो काफी पुराना है तालाब के उत्तर तथा दक्षिण दिशा मे आरसीसी रोड़ है उस तालाब की  भूमि पर तमाम लोगों की नजरे लगी हुई है तालाब के आसपास गोबर आदि जमा है जिससे नालियों का गंदा पानी तालाब तक नहीं पहुंचता और गलियों में जलभराव का कारण बनता है जिससे गांव में बीमारी फैलने की आशंका बनी रहती है ग्रामीणों ने बताया कि मामले को लेकर तमाम बार शिकायत की गई लेकिन अभी तक कोई निस्तारण नहीं हो सका है ग्रामीणों ने तालाब को अतिक्रमण मुक्त कर सुंदरीकरण कराए जाने की गुहार लगाई मामले में एसडीएम नर्वल विवेक कुमार मिश्रा द्वारा राजस्व टीम तथा बीडीओ भीतरगांव की संयुक्त टीम को अतिक्रमण हटवाकर मामले को निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए गए है।

## नाबालिग को शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म पुलिस ने भेजा जेल




स्वतंत्र भारत संवाददाता

बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंधना पुलिस चौकी के अंतर्गत कछियाना निवासी हर्ष यादव को पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। युवक पर आरोप है बीते मार्च माहीने में परीक्षा खत्म होने के बाद यशोदा नगर निवासी नाबालिग युवती कछियाना स्थित अपने बूआ के घर आयी थी। पच्चीस मार्च को आरोपी युवक नाबालिग युवती को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था। और दिल्ली सहित अलग अलग शहरों में ले जाकर दुष्कर्म किया। नाबालिग युवती की मां के द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर बिठूर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर दोनों की तलाश में जुट गई थी। बिठूर पुलिस के अथक प्रयासों के दौरान बिठूर थाना प्रभारी प्रेम नारायण विश्वकर्मा के नेतृत्व में मंधना चौकी प्रभारी तनुज सिरोही उप निरीक्षक शेर सिंह कांस्टेबल जहान सिंह ने घटना के लगभग चालीस दिन बाद शनिवार को मुखबिर की सटीक सूचना पर आरोपी युवक को मंधना के निकट बनखंडेश्वर तिराहे के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। और नाबालिग युवती को मंधना रेलवे स्टेशन के पास बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

## एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर भाजपा प्रबुद्ध वर्ग का सम्मेलन हुआ संपन्न

**बिल्हौर ।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार आज बिल्हौर नगर के बापू गेस्ट हाउस में एक राष्ट्र एक चुनाव विषय पर प्रबुद्ध समागम का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल उपस्थित रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने एक राष्ट्र एक चुनाव की संकल्पना पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह विचार कोई नया नहीं है। स्वतंत्रता के बाद देश में एक लम्बे समय तक लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाते थे। इससे शासन प्रणाली में स्थिरता प्रशासनिक दक्षता और चुनावी खर्च में भारी कमी आती थी।



उन्होंने कहा कि आज देश में लगभग हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं जिससे सरकारों का ध्यान नीतियों के क्रियान्वयन से हटकर लगातार चुनावों की राजनीति में उलझा रहता है। इससे विकास कार्यो में बाधा आती है और भारी मात्रा में धन संसाधन और जनशक्ति चुनावी प्रक्रिया में खर्च होती है। क्षेत्रीय अध्यक्ष  ने कहा कि एक राष्ट्र . एक चुनाव  संविधान और लोकतंत्र को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस कदम है। यह विचार आज समय की मांग बन चुका है और देश को एक सशक्त व स्थिर शासन प्रणाली की ओर ले जाने में यह मील का पत्थर साबित हो सकता है। जिलाध्यक्ष श्री उपेन्द्र पासवान ने सभी प्रबुद्धजनों से अनुरोध किया कि वे एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव पर गंभीरता से विचार करें और इसे जनमानस तक पहुँचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। उन्होंने समागम में उपस्थित सभी महानुभावों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा की।

इस अवसर पर पार्टी के पदाधिकारी राधेश्याम पाण्डेय दिनेश सिंह कुशवाहा कृष्ण मुरारी शुक्ला कौशल अवस्थी राम शरण कटियार मनोरमा कठेरिया राजेश शुक्ला कैलाश कटियार अनूप तिवारी राजेन्द्र कटियार वेदव्रत सचान धीरेन्द्र सिंह संतोष बाजपेई राजू दुबे समर जीत सिंह अनिरुद्ध शुक्ला अंशुल बाजपेई अमरनाथ राजपूत रविन्द्र सिंह चौहान संदीप बाजपेई एमपी सलोनिया संदीप ठाकुर जय प्रकाश कटियार दीप्ति सिंह सौरभ शर्मा आरवेश सोनकर शुभ्रांशु कटियार नरेंद्र प्रताप सिंह अमिताभ त्रिपाठी पुष्कर शुक्ला श्याम जी कटियार  अनुराग शुक्ला सुशील अग्निहोत्री शानू राठौर अमित प्रताप सिंह आदि भाजपा नेता  उपस्थित रहे।

### खेतों में खड़ी पराली की आग पहुंची बस्ती के पास मचा हड़कंप

**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के इंगोहटा गांव में शनिवार की रात खेतों में खड़ी पराली में लगाई गई आग बस्ती के करीब पहुंचने से हड़कंप मच गया। हवा का रुख तेज होने के कारण भयभीत ग्रामीणों ने घटना से फायर ब्रिगेड को अवगत कराया और खुद ही आग बुझाने की कवायद शुरू की।

इंगोहटा में बस स्टैंड के समीप शनिवार को देर रात किसी ने खेतों में खड़ी गेहूं की पराली में आग लगा दी। तेज हवा चलने के कारण आग कुछ ही देर में ही इंगोहटा छानी मार्ग किनारे बसी बस्ती के करीब पहुंच गई। जिससे लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी और आग पर काबू पाने के लिए घरों में लगे समरसेबल पंपों को चालू करके बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। रात करीब 9 बजे फायर ब्रिगेड के दस्ते ने गांव पहुंचकर आग पर पूरी तरह से काबू पाया। तब कहीं जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। आग से करीब 50 बीघे में खड़ी पराली जलकर राख हो गई।

### नलकूप लगवा रहे किसान भाइयों को दबंगों ने पीटा

भरुआ सुमेरपुर। क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में रविवार की सुबह खेत में लग रहे नलकूप को लेकर विवाद हो गया। एक पक्ष ने गालीगलौज करते हुये नलकूप लगा रही मशीन को बंद करके नलकूप लगवा रहे किसान भाइयों को जमकर मारा पीटा। पीड़ित किसान भाइयों ने पुलिस को तहरीर सौपी है। टेढ़ा निवासी भागवत, रामनरायन कुशवाहा ने पुलिस को सौंपी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह अपने खेत में नलकूप लगवा रहे हैं। 180 फीट बोर हो चुका है। रविवार को सुबह गांव निवासी राजू सिंह अपने साथ विवेक उर्फकुन्नी, गूलर पाल, संतोष कुशवाहा के साथ खेत पहुंचा और गालीगलौज करते हुये नलकूप लगा रही मशीन को बंद करा दिया। सूचना पाकर दोनों भाई खेत पहुंचे तो खेत पहुंचते ही संतोष के ललकारने पर विवेक उर्फकुन्नी, राजू सिंह, गूलर पाल ने हमला करते हुए लोहे की राड से जमकर पीटा और जान से मार देने की धमकी देकर चले गए।  थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच के लिए पुलिस बल गांव भेजा गया है।

### डंपर ने विद्युत केबल किया क्षतिग्रस्त

**कुरारा,हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के बेरी रोड में मौरम खाली कर रहे डंफर लोगो के घरों को गई विद्युत केबिल को क्षति ग्रस्त कर दिया। तथा ट्रांसफार्मर को भी नुकसान पहुंचा है। लोगो की सूचना पर विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। कस्बा कुरारा से बेरी तिराहा के आगे दोपहर में एक डंफर मौरम खाली करने आया था। मोहल्ले के लोगों के विद्युत केबिल सड़क किनारे से होकर घरों तक गई है। जो कि डंफर चालक की लापरवाही से ट्रांसफार्मर से घरों तक गई विद्युत केबिल फंस कर क्षति ग्रस्त हो गई तथा ट्रांसफार्मर को भी नुकसान हुआ है मोहल्ले के लोगों ने विद्युत कर्मचारियों को घटना की जानकारी दी है।

## 48 घंटे के अंदर 54 अभियुक्त गिरफ्तार

**फतेहपुर।** विगत 48 घण्टे में जनपद के समस्त थानों ने टीमों का गठन कर अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए 11 वांछित व 43 वारंटियों सहित कुल 54 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों में जहां भय का माहौल है वहीं कुछ अपराधियों ने शहर भी छोड़ दिया है। एसपी का कहना रहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

# तन-मन को स्वस्थ रखने के लिए चलाएं साइकिल : प्रमोद



फतेहपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में महर्षि विद्या मंदिर के छात्रों ने संडे फिट इंडिया साइकिल अभियान की शुरुआत की। प्रधानाचार्य प्रमोद त्रिपाठी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि तन और मन को स्वस्थ रखने के लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल चलाना जरूरी है। साइकिल की सवारी व्यायाम का सर्वोत्तम साधन होने के साथ-साथ बढ़ते हुए पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में भी सहायक है।

आज यातायात के साधनों और भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होने के साथ-साथ शारीरिक व्यायाम में कमी के कारण युवा वर्ग में भी रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती जा रही है। यही कारण है कि आज कम उम्र के युवा भी मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग की बीमारी का शिकार हो रहा है। इसलिए यह समय की मांग है कि हम प्रकृति के नियमों का अनुसरण करें। अपने खानपान पर ध्यान दें। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए महर्षि जी द्वारा बताए गए भावातीत ध्यान का नियमित अभ्यास करें। साइकिल अभियान में 300 छात्रों ने प्रतिभाग किया। स्वस्थ भारत युवा भारत के नारे का उद्घोष करते हुए साइकिल रैली का समापन श्री नंदी चौराहे पर हुआ।

# संविधान बचाओ रैली के माध्यम से घर-घर दस्तक देगी कांग्रेस

**जिला स्तरीय विधानसभावार व गांव-गांव जाकर संविधान बचाने को करेंगे जागरूक**



**फतेहपुर।** केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में देश का संविधान खतरे में है। एससी एसटी ओबीसी अल्पसंख्यक समाज के प्रति साम्प्रदायिक लोगों के द्वारा नफरत भर कर देश की एकता अखंडता और भाईचारे को तोड़ने का काम किया जा रहा है। लोगों के मौलिक अधिकार खतरे में हैं। कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर मई माह में देश में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से लोगों को संविधानिक अधिकारों की जानकारी देने के साथ ही कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का काम किया जाएगा। उक्त बातें कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने पत्रकारों से वार्ता के दौरान कही।

रविवार को शहर के ज्वालागंज बस स्टॉप स्थित शहर कांग्रेस कमेटी के कैम्प कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी व शहर अध्यक्ष मो0 आरिफ गुड्डा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा संविधान के प्रति जागरूक किया जाएगा। जिसके क्रम में जनपद में भी कार्यक्रम आयोजित किये जाने हैं। तीन मई से लेकर दस मई तक जिला स्तरीय संविधान बचाओ रैली आयोजित की जायेगी। जिसमे भाजपा सरकार की गलत नीतियों को उजागर करने के साथ ही मंहगाई, बेरोजगारी को मुद्दा बनाकर व युवाओं, महिलाओं, मजदूरों एवं वंचित समाज के लोगों से जुड़ाव सुनिश्चित किया जाएगा। 11 से 20 मई तक विधानसभावार रैलियों का आयोजन किया जाना है। पार्टी से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके लोगों व उम्मीदवारों, ब्लाक अध्यक्षों, बूथ स्तरीय नेताओं, पार्टी के सदस्यों द्वारा रैलियों के माध्यम से राज्य शासन की विफलताएं, ईडी, सीबीआई समेत केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से विपक्षी नेताओं को डराने की साजिशों को बेनकाब करेंगे। लोगों को सामाजिक न्याय समानता व संवैधनिक वादों के विषय में जागरूक किया जायेगा। इसी क्रम में 20 से 30 मई तक पार्टी के पीसीसी सदस्य अपनी बूथ स्तरीय टीम व कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर दस्तक देकर दलितों, आदिवासियों, ओबीसी, शोषित वंचित, मजदूर, समुदाय के लोगों के घर-घर जाकर जनसंपर्क करके साहित्य वितरित करेंगे व संविधान रक्षा संकल्प द्वारा लोगों का जनसमर्थन जुटाने का काम करेंगे। जिला व शहर अध्यक्ष ने बताया कि जल्द ही जनपद में जिला, शहर व बूथ कमेटियों का गठन करेंगे। कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए मंडल व ग्राम पंचायत स्तर की भी कमेटी का गठन किया जाएगा। इस मौके पर कांग्रेस नेता राजू लोधी, पं0 रामनरेश महाराज, ओम प्रकाश गिहार आदि रहे।

## पुलिस का कारनामा : पीड़ित पक्ष का ही झगड़े की आशंका में कर दिया चालान

**- पीड़ित पक्ष बोला- विपक्षीगणों से सांठगांठ कर पुलिस ने रचा खेल**

**फतेहपुर।** जिले की खाकी के ही कुछ कारखास पुलिस की छवि को दागदार कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला रविवार को प्रकाश में आया। जहां पुलिस ने पीड़ित पक्ष के लोगों को ही पक्ष एवं विपक्ष बनाकर चालान कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई पर पीड़ित पक्ष का कहना रहा कि विपक्षीगणों से सांठगांठ करके पुलिस ने यह खेल रचा है। इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।
सरांय सईद खां बिलन्दा गांव निवासी फरहान मिर्जा बेग ने बताया कि 15 अप्रेल को पड़ोस के रहने वाले रिजवान मिर्जा पुत्र स्व0 सुभान मिर्जा ग्राम समाज के तालाब को आधे से ज्यादा पुरवा कर बाउण्ड्री उठवा चुके थे। इतना ही नहीं बचे हुए तालाब को पुरवाने के लिए ट्रैक्टर लेकर आ रहे थे जिसको आस-पास के लोगों ने रूकवा दिया था। इसकी शिकायत हसवा चौकी सहित मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई थी। शिकायत के बाद हसवा चौकी पुलिस उलटा पीड़ित पक्ष पर ही मामले में सुलह-समझौता करने व सीसीटीवी कैमरे हटवाने का दबाव बना रही थी। जब पीड़ित पक्ष ने सुलह-समझौता करने व कैमरा हटाने की बात कही तो चौकी इंचार्ज श्रीधर शुक्ला झल्ला गए और उन्होने उल्टा पीड़ित पक्ष के लोगों को ही पक्ष एवं विपक्ष में डालकर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।
पीड़ित फरहान मिर्जा बेग ने बताया कि पुलिस ने अपनी कार्रवाई में दिखाया है कि चौकी इंचार्ज अपने हमराही सिपाहियों के साथ सरांय सईद खां बिलन्दा पहुंचे जहां प्रथम पक्ष के सूफियान बेग, शाहिद बेग, मुन्ना बेग, शीबू बेग, रिजवान बेग निवासी सरांय सईद खां थाना थरियांव व द्वितीय पक्ष के फरहान बेग, अदनान बेग, जीशान बेग, इमरान बेग, इब्राहीम बेग निवासी बिलंदा सरांय सईद खां के मध्य पुरानी बातों, जमीन की कब्जेदारी व कैमरा लगवाने को लेकर कहासुनी व विवाद है, जिससे तनाव की स्थिति व्याप्त है। इनका स्वतंत्र रहना जनहित में ठीक नहीं है। इसलिए इन सभी का शांति व्यवस्था के दृष्टिगत धारा 126/135 बीएनएस में चालान किया जाता है। पीड़ित का कहना रहा कि यहां शिकायतकर्ताओं को ही पक्ष व विपक्ष बनाकर पुलिस ने खेल खेला है। यह खेल विपक्षीगणों की सांठगांठ से हुआ है। उन्होने बताया कि विपक्ष की ओर से सिर्फरिजवान बेग का ही चालान किया गया है, जबकि अन्य लोगों को पुलिस ने खुली छूट दे रही है। उन्होने यह भी बताया कि इब्राहिम बेग पुत्र नवाब बेग काफी समय से बीमार चल रहे हैं और उनका इलाज मुम्बई के एक हास्पिटल में चल रहा है। इनका नाम भी पुलिस ने कार्रवाई में डाल दिया है। उन्होने कहा कि पुलिस की इस कारगुजारी की शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।

# जातीय जनगणना कराने का पीएम का निर्णय साहसिक : अमित

-ओबीसी समाज को पहचान व अधिकार पाने का मिलेगा अवसर



**फतेहपुर।** केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने का निर्णय साहसिक है। जनगणना हो जाने के बाद ओबीसी समाज को पहचान व अधिकार पाने का अवसर मिलेगा। यह बात रविवार को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष अमित शिवहरे ने भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। श्री शिवहरे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साहस का परिचय देते हुए जातीय जनगणना कराए जाने का फैसला लेकर भारत की राजनीति में एक नया इतिहास लिखने का काम किया है। जातीय जनगणना कराने से विशेष कर भारत के अन्य पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्ग के लोगों को अपनी संख्या की पहचान होगी और संख्या के अनुपात में संवैधानिक अधिकारों को पाने का अवसर मिलेगा।
उन्होने कहा कि अंतिम रूप से जातीय जनगणना आजादी के पूर्व वर्ष 1931 में हुई थी। 94 वर्ष का लंबा अंतराल ऐसा गुजरा जिसमें अधिकांश समय में कांग्रेस या गैर भाजपा दलों की सरकारें देश में रही लेकिन अफसोस की मोदी के अलावा गैर भाजपाई किसी भी सरकार ने जातीय जनगणना कराने का कभी साहस नहीं जुटाया। आज राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव जैसे अनेक पिछड़ा विरोधी सोंच रखने वाले नेता मोदी के जातीय जनगणना कराने के फैसले का श्रेय लेने की होड़ में लगे हैं।
उन्होने कहा कि गांधी परिवार से तीन प्रधानमंत्री बने। जिसमें पं0 जवाहरलाल नेहरू, इन्दिरा गांधी के अलावा राजीव गांधी शामिल हैं। इन लोगों ने कभी ओबीसी समाज के दर्द को नहीं समझा। पीएम मोदी सही मायनों में देश की 140 करोड़ जनता के रहनुमा हैं। जिन्होने सबका साथ सबका विकास की अवधारणा पर सबको आगे बढ़ाने का काम किया। आज भारत के अंदर ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा मिला। ओबीसी के चेयरमैन को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलना, नीट परीक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण मिलना, केन्द्रीय एवं सैनिक विद्यालयों में 27 प्रतिशत रिजर्वेशन मिलना, क्रीमिलेयर आय सीमा को आठ लाख तक बढ़ाना व केन्द्रीय कैबिनेट में 27 प्रतिशत पिछड़े सांसदों को मंत्री बनाना जैसे महत्वपूर्ण निर्णय हुए हैं। यह सब मोदी सरकार में ही हुआ है। उन्होने कहा कि पीएम का आभार जताने के लिए ओबीसी मोर्चा जिला, मण्डल व क्षेत्र में जश्न मनाकर आभार व्यक्त करेगा। इस मौके पर जितेन्द्र विश्वकर्मा, रवी कुमार, अखिलेश कुमार भी मौजूद रहे।

# प्रेम प्रसंग में युवक का नीम के पेड़ पर लटका मिला शव : आत्महत्या या साजिश भरी हत्या

**फतेहपुर।** जिले के असोथर थानाक्षेत्र के कौंडर गांव में एक प्रेम प्रसंग ने दिल दहला देने वाला मोड़ ले लियाए जब 23 वर्षीय नूरहसन का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फकीर शाह बाबा की मजार के पास नीम के पेड़ पर लटका मिला।

यह घटना आत्महत्या हैए ऑनर किलिंगए या फिर एक सुनियोजित हत्या इस सवाल ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।नूरहसन का गांव की ही एक युवती ;परिवर्तित नाम आरिफाद्ध के साथ प्रेम संबंध था। दोनों ने भागकर निकाह करने की योजना बनाई थीए लेकिन इस प्रेम कहानी का अंत दुखद रहा। नूरहसन की मां मोमिना के अनुसारए शनिवार को युवती उनके घर आई थीए जिसे लेकर दोनों परिवारों में तनाव पैदा हुआ। युवती के परिजनों ने नूरहसन की पिटाई कीए और मां की डांट के बाद वह गहरे अवसाद में चला गया। रविवार दोपहरए उसका शव मजार के पास चादर के फंदे से लटका मिला। मोमिना ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके बेटे की हत्या आसिमए कासिमए शारीफए और एक अन्य रिश्तेदार ने की और शव को फांसी पर लटकाकर आत्महत्या का रूप दिया।

दूसरी ओरए असोथर थानाध्यक्ष अभिलाष तिवारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लगता हैए लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैए और जांच जारी है।

## खबर एक नज़र

### देवर व जेठ पर लगाया घर में कब्जा करने का आरोप

**बिंदकी, (फतेहपुर)।** पीड़ित विधवा महिला ने पुलिस से शिकायत किया। आरोप लगाया कि उसके देवर व जेठ ने घर का ताला तोड़कर कब्जा कर दिया है। उसका सामान चोरी कर लिया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। नगर के मोहल्ला हजरतपुर ठठराही निवासी सईदुन निशा पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद असलम उर्फ पप्पू रविवार को दिन में करीब 1.30 बजे अपने बच्चों के साथ कोतवाली बिंदकी पहुंची। पुलिस को तहरीर देकर शिकायत किया कि उसके देवर नुसरत व जेठ मोहम्मद रमजानी ने उसके घर का ताला तोड़कर कब्जा कर लिया है। घर का गृहस्थी का सामान व जेवर निकाल लिया है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### चौकी इंचार्ज समेत चार दरोगा व आठ सिपाही लाइन हाजिर

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने एक चौकी इंचार्ज समेत चार थानों के दरोगा व आठ सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया है। जानकारी के अनुसार खागा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली महिचा मंदिर चौकी के प्रभारी उपनिरीक्षक संजय यादव के अलावा ललौली थाने के उपनिरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, उपनिरीक्षक सनद कुमार तिवारी, थरियांव थाने के उपनिरीक्षक श्याम बहादुर सिंह को कार्यों में लापरवाही व पीड़ितों को न्याय न दिए जाने पर तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। इसके अलावा खखरेरू थाने के हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, ललौली थाने के सिपाही दिनेश चन्द्र, रामकुमार, हुसैनगंज थाने के सिपाही विपुल यादव, सदर कोतवाली के सिपाही चन्द्रवीर, पीआरवी 6260 थाना क्षेत्र किशनपुर के सिपाही विकास कुमार, पीआरवी 1187 थाना क्षेत्र किशनपुर के हेड कांस्टेबल पवन कुमार व पीआरवी 6260 किशनपुर के हेड कांस्टेबल दीपू कुमार को भी लाइन हाजिर किया गया है।

### वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, आधा दर्जन जख्मी

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बुदवन के समीप रविवार की दोपहर चार पहिया की टक्कर से ई-रिक्शा पलट जाने से चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गयां जबकि अन्य घायलो का पास के ही अस्पताल में इलाज कर घर वापस भेज दिया गया।
जानकारी के अनुसार बुदवन गांव निवासी ई-रिक्शा चालक नत्थू पुत्र कुंवरे 55 वर्ष ई-रिक्शा में सवारी भर कर खागा की ओर जा रहा था तभी बुदवन के समीप चार पहिया ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दिया। जिससे चालक सहित ई-रिक्शा में बैठी रामकलेश सिंह पुत्र शिवदर्शन 40 गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं अन्य सवारियां चुटहिल हो गयी। जिन्हे पास के अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सीय उपचार के बाद सभी को घर वापस भेज दिया। गंभीर रूप से घायल चालक नत्थू व रामकलेश सिंह को सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### अनियंत्रित बाइक गिरी, युवक घायल

**फतेहपुर।** हथगाम कस्बा के समीप रविवार की सुबह अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से 40 वर्षीय बाइक सवार बुरी तरह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।
जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के काशी का पुरवा गांव निवासी झूरी लाल का पुत्र रमेश बाइक से कस्बा किसी काम से आ रहा था। जब वह कस्बा के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से घायल हो गया। उपचार के लिए हथगाम सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सीय उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन उसे सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

### मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

फतेहपुर। जनपद के सभी थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम व एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया। साथ ही शासन की योजनाएं भी गिनाने का काम किया। मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत रविवार को जनपद के सभी थानों की प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एण्टी रोमियो टीम द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि के अलावा सहायतार्थ उपलब्ध कराये गये विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181, साईबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया।

## शोभन सरकार आश्रम में धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुआ भंडारा



**बिंदकी, (फतेहपुर)।** अमौली विकास खण्ड के ग्राम सहिमलपुर स्थित शोभन सरकार आश्रम मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दू, सनातन धर्म की परम्परा के अनुसार अखण्ड रामायण 3ठ, आरती, हवन पूजन, प्रसाद वितरण व भंडारे का आयोजन हुआ। धार्मिक अनुष्ठान, भंडारे में समस्त ग्रामवासियों का तन, मन, धन से पूर्ण निष्ठा सेवाभाव से सहयोग रहा। भंडारे में समस्त ग्रामवासियों एवं रहगीरो ने दर्शन कर प्रसाद प्राप्त किया। मन्दिर के गर्भगृह में भगवान श्री शंकर, श्री हनुमान, देवी तपेश्वरी विराजमान हैं। मंदिर परिसर में ही संत श्री शोभन सरकार जी का आश्रम हैं जिसमें संत श्री स्वामी सत्संगानंद, श्री स्वामी परमान्द, श्री स्वामी शोभन सरकार की प्रतिमा के विग्रह विराजमान हैं। ग्रामवासियों की मान्यता हैं कि देवी तपेश्वरी साक्षात् रुप से हमेशा विराजमान रहती है और सभी भक्तों को दर्शन देकर उनके सारे मनोरथ पूर्ण करती हैं। दूर-दूर से श्रृद्धालु यहां मंदिर दर्शन को आते हैं। अपनी मन्नत मांगते हैं। मंदिर परिसर में सैकड़ों की संख्या में माता-बहन, छोटे-छोटे बच्चे, पुरुष, वृद्ध उपस्थित रहे। सभी ने पूजा-अर्चना करके देवी देवताओं से आशीर्वाद, भंडारे में प्रसाद प्राप्त किया एवं भंडारे में प्रसाद परोस करके निस्वार्थ सेवाभाव करके पुण्य का कार्य किया। धार्मिक अनुष्ठान में जहानाबाद विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, समाजसेवी धर्मेन्द्र मिश्र, सर्वसमाज विकास समिति के लेखा निरीक्षक सात्विक शुक्ला, ग्राम सभा सहिमलपुर प्रधान गौरव त्रिवेदी, अनंतराम तिवारी, सुशील, आशुतोष, संजय, अंश शुक्ला, नीता शुक्ला, शार्विल शुक्ला, आरोही मिश्रा, सोनी मिश्रा, रेनू, उमाकान्ति सहित कई श्रृद्धालु, भक्तजन एवंगणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### टैबलेट व स्मार्टफोन पाकर छात्रों के चेहरे में दिखी खुशी

खागा, (फतेहपुर)। रामपाल मौर्य पीजी कॉलेज सुल्तानपुर घोष में टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हुसैनगंज विधानसभा विधायक ऊषा मौर्या की प्रतिनिधि कु. ज्योति मौर्या ने दीप प्रज्जवलित किया। 159 टैबलेट व स्मार्टफोन बच्चों को वितरित किए गए। कु. ज्योति मौर्या ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को बधाई के साथ उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उहोंने कहा कि सरकार द्वारा टैबलेट तथा स्मार्टफोन वितरण करने का लक्ष्य है जिसमें छात्र-छात्राएं डिजिटल के माध्यम से पढ़ाई कर सके और उन्हें डिजिटल में किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसी लक्ष्य के तहत पूरे प्रदेश में स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम लगातार जोरों से चल रहा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर विकल्प मौर्य, योगेंद्र नाथ मौर्य, डॉ. श्रीनाथ मौर्य, देवीदीन मौर्य, आवेश सिंह, धर्मराज मौर्य, बिंदा प्रसाद मौर्य, राजेंद्र कुमार मौर्य, नोडल अधिकारी अफसर खान, निकिता अवस्थी, नसरीन सिद्दीकी, सोनी सिंह, सफिया अंसारी, जितेंद्र मौर्य, सुजीत सिंह, अनंत लाल साहू, विकास कुमार मौर्य, आदित्य कुमार आदि उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम के जन्मोत्सव में बड़ी तादाद में जुटे श्रद्धालु, भक्त

बिन्दकी (फतेहपुर)। भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम पर शोभायात्रा के साथ परशुरामेश्वर मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ के आयोजन के साथ विशाल जनसभा का आयोजन किया गया जिस पर 35 बटुकों का उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया। अक्षय तृतीया के अवसर पर परिवर्तन फाउंडेशन के अध्यक्ष व पूर्व विधायक आदित्य पांडेय के संयोजकत्व में कौंह गांव स्थित परशुरामेश्वर मंदिर प्रांगण पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया आयोजित कार्यक्रम पर बस स्टॉप पर हजारों की भीड़ एकत्रित हुई तथा रथ पर सवार भगवान परशुराम के स्वरूप पर बैठे शैलेन्द्र द्विवेदी व पूर्व विधायक के साथ कानपुर एमएलसी अरुण पाठक ने शोभायात्रा की शुरुआत की। ब्रजेन्द्र तिवारी ने भगवान परशुराम के भेष में रथ में सवार भगवान की आरती व पुष्प वर्षा कर मिष्ठान खिलाया और यात्रा में शामिल लोगों को जलपान करवाकर मंडी गेट होते हुए भगवान परशुरामेश्वर मंदिर परिसर कौंह गांव पहुंचे। रास्ते पर लोगों ने यात्रा पर मौजूद लोगों को जलपान कराते हुए पुष्प वर्षा भी की।

35 बटुकों का हुआ यज्ञोपवीतः मंदिर परिसर पर आयोजित कर्यक्रम में एक कतार में बटुकों को बैठाकर क्रमशः ओमप्रकाश, आशीष शुक्ला, रिषभ शुक्ल, ध्रुव कुमार पांडेय, सत्यम दुबे, जयप्रकाश शुक्ल, मधुराज तिवारी, ओम जी, शुभम दीक्षित, वंश पांडेय, राजन शुक्ल, भोला तिवारी, विनीत तिवारी, उदय शुक्ल, गिरजा संकर, हर्ष पांडेय, राज बाजपेयी, शिवम पांडेय, विपिन तिवारी, आदर्श पांडेय, बीरेंद्र मिश्र, आदर्श पांडेय, रवि कांत, विनय शुक्ल आदि बटुकों का हरिद्वार से आये गायत्री परिवार के आचार्य पं. नमो नारायण पाण्डेय के द्वारा वैदिक रीति रिवाज सहित बटुकों का उपनयन संस्कार कराया गया, जिस पर मौजूद महिलाओं ने ब्रह्मचारी के रूप में बटुकों को भिक्षा प्रदान की तथा काशी अध्ययन की रीति भी संपन्न कराई गई।जनसभा व भण्डारे का भी हुआ आयोजनः परिसर पर आयोजित कार्यक्रम में जन सभा के दौरान पूर्व विधायक ने अपने कार्यकाल के दौरान कराए गए विकास कार्यो के बाद विधानसभा क्षेत्र को विकास से अछूता बताया। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों का गुड़गान करते हुए भगवान परशुराम की जीवन शैली पर अपने विचार प्रस्तुत किया ।तथा सनातन धर्म, ब्राम्हण एकता पर सभा को सम्बोधित किया। घाटमपुर विधायिका सरोज कुरील, अरुण पाठक, फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम किशोर तिवारी, शिवगोपाल शुक्ला ने भी संबोधित किया तथा देर रात भण्डारे का आयोजन चलता रहा। इस मौके पर ग्रामीणों के साथ सहित जितेंद्र तिवारी, आशा राम तिवारी, काजू सेठ, विवेक त्रिपाठी, विनय शर्मा, छोटा सेठ, सनोज तिवारी, मोना अग्निहोत्री सहित हजारो लोग मौजूद रहे ।

# शैलेन्द्र साहित्य सरोवर की 383 वीं साप्ताहिक काव्य गोष्ठी

**- पहलगाम वाली घटना से मर्माहत है पूरा देश, पाकिस्तानी आतंकी हों ढेर, न रह जाए लवलेश**



फतेहपुर। शहर के मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले 383वीं साप्ताहिक रविवासरीय सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन केपी सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में मंदिर के महंत स्वामी रामदास उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए के.पी. सिंह कछवाह ने वाणी वंदना मे अपने भाव प्रसून प्रस्तुत करते हुए कहा- शारदे मां शारदे, अज्ञान-तम संहार दे। बुद्धि, मन निर्मल हृदय कर, ज्ञान का भंडार दे।। पुनः कार्यक्रम को गति देते हुए काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार से अपने अंतर्भावों को प्रस्तुत किया- विकसित राष्ट्र बने यह भारत, स्वर्णिम नया विहान हो। एक साथ सारे चुनाव का, पारित नया विधान हो।।

डा. सत्य नारायण मिश्र ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार व्यक्त किया- नेता ऐसा चाहिए, देशधर्म चित लाय। आपुनि चिंता छांड़ि के, जनहित मां बलि जाय।। प्रदीप कुमार गौड़ ने अपने क्रम में काव्य पाठ में कुछ इस प्रकार भाव प्रस्तुत किये- लाख-लाख शुभता की दात्री, जग-जननी सीता मइया। मना पवित्र जयंती नवमी, पाएं चरणों की छइयां।। डॉ. शिवसागर साहू ने काव्य पाठ में अपने भावों को कुछ इस प्रकार शब्द दिए- मां शबरी की भक्ति थी, अद्भुत और महान। खाये जूठे बेर प्रभु,कर बहुविधि गुण गान।। काव्य गोष्ठी के आयोजक एवं संचालक शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी ने अपने भाव एक गीत के माध्यम से कुछ यों व्यक्त किये- इस छोटे से जीवन में ही, कुछ ऐसा कर जाओ। जिससे याद करे यह दुनिया, अक्षय कीर्ति कमाओ।। कार्यक्रम के अंत में स्वामी जी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजक ने आभार व्यक्त किया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## छिपा एजेंडा

अपने देश की रक्षा के नाम पर इजरायल ने पिछले करीब डेढ़ सालों से पश्चिम एशिया में बर्बरता का नंगा नाच करते हुए अमानवीयता की सभी हदों को पार कर दिया है। चरमपंथी संगठन हमास को खत्म करने के नाम पर वह लगातार उन बेकसूर फिलिस्तीनियों की हत्या करता जा रहा है, जिनका न तो हमास और न जंग से ही कोई संबंध है। भयंकर हिंसा का सर्वाधिक असर बच्चों पर पड़ा जिनकी जिंदगी बदहाल हो चुकी है। कई अनाथ हो गए तो कई कुपोषण का शिकार हो गए हैं। पर इसकी किसी को फिक्र नहीं। युद्ध विराम के नए नाटक के बाद गाजा में फिर शुरू हुए इजरायली हमलों में पिछले एक माह के दौरान ही आठ सौ से ज्यादा बच्चे मारे जा चुके हैं। इनमें सड़क किनारे गुड़िया के साथ खेल रही चार साल की एक बच्ची की हत्या इस बर्बरता की प्रतीक बन चुकी है जिसे लेकर सवाल हो रहा है कि इतनी छोटी बच्ची किसी देश के लिए खतरा कैसे हो सकती थी। अब सुरक्षित जगहों की तलाश में भटक रहे फिलिस्तीनियों के बच्चों की दुर्दशा इस कदर है कि उनकी बचपन उनसे छिन चुका है, न तो स्कूल जा पा रहे हैं, न शांति से रह पा रहे हैं। युद्ध के उन्माद की यही बड़ी विडंबना है जिसमें हमलावर देश को यह फिक्र नहीं होती कि हमलों का शिकार कौन हो रहा है। करीब डेढ़ साल से चल रही जंग में 53 हजार फिलिस्तीनियों के इजरायली हिंसा का शिकार होने की आशंका है। ये संख्या और बढ़ेगी क्योंकि युद्ध रुकने के अभी आसार नहीं हैं। रोकने के नाम पर राजनीतिक कुटिलता का खेल खुलकर हो रहा है जिसमें इजरायली पीएम नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मुख्य नाटककार हैं। निर्लज्जता का यह गठजोड़ अभूतपूर्व है। नेतन्याहू खूनी प्यास को मकसद का लबादा पहनाकर कहते हैं कि हमास आतंकियों के मारे जाने तक अभियान जारी रहेगा लेकिन यही आंकड़ा निकाला जाए कि बीते डेढ़ साल में हमास के कितने आतंकी मारे गए और कितने बेकसूर फिलिस्तीनी तो साफ होगा कि उनका इरादा वास्तव में फिलिस्तीन को मिटाना और गाजा का उजाड़ देना है। ट्रंप इसे यह कहकर हवा दे ही चुके हैं कि गाजा के लोगों को वहां से हटाकर किसी और मुस्लिम देश में बसा दिया जाए।

## इमारतों में आग

गर्मियों में आग से खेतों में फसलों और झुग्गियों और झोपड़ियों का भस्म हो जाना इसलिए स्वाभाविक माना जा सकता है क्योंकि इनको आग से बचाने के लिए आमतौर पर किसी तरह के एहतियाती उपाय नहीं किए जाते। आग न लगी और सब बचा रह गया तो ठीक और अगर चिंगारी भी छू जाने से सब कुछ राख हो गया तो किस्मत को दोष देकर अपने दूसरे कामों में जुट गए। लेकिन इसे क्या कहेंगे जब मजबूत और हादसों से बचाव के तमाम पुख्ता दावों के साथ बनाई जाने वाली इमारतों में भी आग लगने से बड़े पैमाने पर नुकसान तो होता ही है, लोगों की जानें भी जाती हैं। कोलकाता के एक होटल में लगी आग और उसमें चौदह लोगों की मौतों से यह सवाल एक बार फिर उठता है। होटल में आग से जलकर या दम घुटने से लोगों की जान जाने की यह पहली या अकेली घटना नहीं है। कई शहरों में ऐसा हो चुका है। लखनऊ में तो ऐसे हादसों की बाकायदा लिस्ट बनाई जा सकती है जिनमें अलग-अलग कारणों से छोटे-बड़े भवनों में आग लगी और उनमें लोगों की जानें भी गईं। ताजा वाकया पिछले शनिवार का है जिसमें एक फैक्टरी में आग से दो लोग मारे गए। इस घटना की वजह वेल्डिंग के दौरान चिंगारी निकलना बताया जा रहा है। होटलों में ऐसी घटनाएं आमतौर पर शॉर्ट सर्किट या वायरिंग में फॉल्ट होना बताया जाता है। अब जहां आग से जुड़ा काम हो रहा हो या सघन विद्युत वायरिंग हो, वहां किसी न किसी वजह से आग लगने की घटना की आशंका वैसे ही बनी रहती है। यही कारण है कि किसी विपरीत परिस्थिति से निपटने के लिए इमारत के अंदर ही बालू आदि का इंतजाम पहले से करने का नियम है। पर अग्निकांडों की सबसे बड़ी वजह इंतजामों में लापरवाही है जो पैसा बचाने के लिए की जाती है लेकिन इसका बहुत भारी मोल भी चुकाना पड़ता है।



## काँव-काँव



◆◆◆

**पाक के खिलाफ होगी निर्णायक कार्रवाई-मोदी**
बिहार चुनावों तक बयान रुकने नहीं चाहिये!

**भारत ने पाक से सभी तरह का आयात रोका**
निर्यात के बारे में जानकारी आगे दी जायेगी!

**देश के कई राज्यों में आंधी तूफान का कहर**
पर्यावरण से खिलवाड़ रुकना नहीं चाहिये!

**कार्यस्थल पर उत्पीड़न रोकेगा शी बाक्स पोर्टल**
रंजन गोगोई को चीफ एडमिन बनाया जाये!

**ईडी के अट्ठानबे प्रतिशत केस विपक्षियों पर**
सत्ताधारियों के पास कमाने के कई रास्ते हैं!

**मुस्कान-साहिल की जमानत अर्जी खारिज**
अब बाहर आए तो पता नहीं और क्या कर डालेंगे!

◆◆◆

# ये हैं कौन, कहां से आते हैं और इन्हें भेजता कौन है?



-तनवीर जाफ़री


भीष्म साहनी द्वारा लिखित लोकप्रिय उपन्यास 'तमस' का प्रकाशन 1973 में हुआ था। साहित्य जगत में यह उपन्यास बहुत ही लोकप्रिय हुआ था। इसे 1975 में साहित्य अकादमी पुरस्कार से भी नवाज़ा गया। प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता गोविंद निहलानी ने 1986 में इसी तमस उपन्यास पर आधारित एक दूरदर्शन धारावाहिक तथा एक फ़िल्म भी बनाई। इस में भारत पाक विभाजन के समय की कई दर्दनाक घटनाओं का वर्णन किया गया है। इसी में यह भी दिखाया गया था कि किस तरह साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये कोई मुसलमान ही किसी मस्जिद में सूअर का मांस फेंक देता है और कोई हिन्दू मंदिरों में गौमांस फेंककर साम्प्रदायिक तनाव के वातावरण में पेट्रोल छिड़कने जैसे काम करता है। गोया यह एक पुरानी व सधी हुई रणनीति है जोकि विघटनकारी मानसिकता रखने वाले राजनीतिज्ञों द्वारा साम्प्रदायिक दंगे भड़काने के लिये और उसके बाद उसका राजनैतिक लाभ उठाने के लिये अमल में लाई जाती है।

तो क्या 1947 जैसी साम्प्रदायिक मानसिकता रखने वाले षड़यंत्रकारी राजनीतिज्ञों द्वारा देश की स्वतंत्रता के लगभग आठ दशक बाद आज भी उसी तरह का घिनौना खेल खेला जा रहा है ? क्या आज भी देश के विभिन्न इलाक़ों में उसी तरह की शक्तियां सक्रिय हैं जो वेश बदलकर या लुका छुपी कर साम्प्रदायिक उन्माद फैलाने व दंगे भड़काने में अहम किरदार निभा रही हैं। गत कई वर्षों से इसतरह की ख़बरों की सोशल मीडिया व अख़बारों में बाढ़ सी आई हुई है। जबकि इतने गंभीर विषय पर देश का स्वयंभू मुख्यधारा का मीडिया ख़ामोश रहता है। मिसाल के तौर पर हमारे देश में गौकशी या गौमांस का मुद्दा बेहद संवेदनशील मुद्दा है। उत्तर प्रदेश व अन्य कई राज्यों में गौ तस्करी या गोहत्या के मामाले सामने आये। कई मामलों में आरोपियों को पीट पीट कर मार डाला गया। कई का पुलिस एनकाउंटर किया गया। ज़ाहिर है ऐसे मामलों में मुसलमान ही प्रायः निशाना बनते रहे हैं। परन्तु जब पुलिस उत्तर प्रदेश के बिजनौर में राहुल, सचिन और बृजपाल को कार में दो क्विंटल गोमांस के साथ गिरफ़्तार करती है तो इसे किस नज़रिये से देखा जाना चाहिये ? जब आगरा और मुरादाबाद में भी पुलिस गोहत्या के मामले में हिंदूवादी कार्यकर्ताओं को गिरफ़्तार करे तो क्या कहा जाये ? इसी तरह इसी वर्ष गत 12 मार्च को ग़ाज़ियाबाद के सिहानी गेट थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने गौशाला में मांस रखकर उसे गौमांस बताने और धार्मिक उन्माद फैलाने की कोशिश की। पुलिस को पता चला कि यह साज़िश पास की ही एक दूसरी गौशाला की संचालक छाया शर्मा और उसके साथियों ने रची थी। उनका मक़सद श्रीराम गौशाला पर क़ब्ज़ा जमाना और धार्मिक माहौल ख़राब करना था। छाया शर्मा के साथियों ने स्वयं बाज़ार से मांस ख़रीदकर गौशाला में रखा और फिर गौरक्षकों को सूचना देकर साम्प्रदायिकता भड़काने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में योगेश चौधरी और शिवम को गिरफ़्तार किया था जिन्होंने बाद में यह स्वीकार किया था कि उन्होंने ही हिंडन विहार की किसी मांस की दुकान से मांस ख़रीदा और गौशाला में मांस रख कर ख़ुद ही फ़र्ज़ी नाम से गौरक्षकों को फ़ोन कर गौशाला में मांस होने की सूचना दी। बाद में इन्होंने अपना फ़ोन भी बंद कर दिया ताकि किसी को उन पर संदेह न हो। पूरे देश में अब तक ऐसे सैकड़ों मामले उजागर हो चुके हैं जिससे पता चलता है कि बड़े षड़यंत्र के तहत धर्म विशेष के लोगों के प्रति नफ़रत व ग़ुस्सा पैदा करने के लिये ऐसे कुकृत्य किये जाते हैं। इसी तरह कई मामले पाकिस्तानी झंडों व पाकिस्तान ज़िंदाबाद के नारों को लेकर सामने आ चुके। अभी पिछले ही दिनों लुधियाना के थाना हैबोवाल क्षेत्र स्थित सिद्वपीठ महाबली संकटमोटन श्री हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार पर मंगलवार को पाकिस्तान का झंडा लगा पाया गया। बताया जाता है कि यहाँ हर मंगलवार को 10 से 15 हज़ार तक श्रद्वालु मंदिर में दर्शनार्थ आते हैं। इसी मंदिर के चेयरमैन ऋषि जैन ने आरोपी की पहचान विक्रम आनंद व उसके अज्ञात साथी के रुप में की है। यह सब मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में देखा गया। पहलगाम हादसे के बाद देश का माहौल और भी ख़राब करने के उद्देश्य से पाकिस्तान का झंडा लगाया गया था। पुलिस ने इस मामले में केस भी दर्ज किया है। बिल्कुल इसी तरह की घटना पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना ज़िले के अकाईपुर रेलवे स्टेशन पर पिछले दिनों घटी। यहाँ रेलवे स्टेशन की दीवार पर कुछ लोगों ने पाकिस्तानी झंडा लगाया और 'हिंदुस्तान मुर्दाबाद' जैसे भारत विरोधी नारे लिखे। निश्चित रूप से पहलगाम हमले के बाद अंजाम दी गयी इस हरकत का मक़सद भी क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव फैलाना व दंगे भड़काना ही था। परन्तु पुलिस ने इन मामले में जिन दो लोगों को गिरफ़्तार किया है वे 'सनातनी एकता मंच' नामक संगठन के सदस्य निकले जिनके नाम चंदन मलाकार और प्रज्ञाजीत मंडल हैं। यह दोनों आरोपी एक राजनैतिक दल से भी जुड़े बताये गए हैं। देश में इससे मिलती जुलती अनेक घटनायें यहाँ के साम्प्रदायिक सद्भाव को बिगड़ने के मक़सद से होती रही हैं। वेश बदलकर इस तरह की हरकतों को अंजाम देना निश्चित रूप से किसी साधारण व्यक्ति का काम तो हरगिज़ नहीं हो सकता। निःसंदेह इसतरह की साज़िशों के पीछे उसी मानसिकता के लोग हैं जिन्होंने पहलगाम नरसंहार अंजाम दिया और पर्यटकों को उनका धर्म पूछ कर मारा। जो सन्देश वह आतंकी देना चाहते थे कि भारत में साम्प्रदायिक माहौल ख़राब हो और हिन्दू मुस्लिम एक दूसरे की जान के दुश्मन बन जायें। बिल्कुल वही मक़सद इन 'घरेलू आतंकियों' का भी है। हो सकता है ऐसे कुछ ही मामलों का भंडाफोड़ हो पाता हो और कई जगहों पर यह अपने नफ़रती एजेंडे को फैलाने व हिंसा भड़काने में कामयाब भी हो जाते हों। पंजाब से लेकर बंगाल तक



और वह भी पहलगाम हमले के बाद देश में उपजे तनावपूर्ण माहौल के बीच इसतरह की घटनाओं को अंजाम दिया जाना, यह कोई साधारण घटना नहीं है। इसके पीछे बहुत बड़ा षड़यंत्र है। और वही ताक़तें इसके पीछे हैं जिन्हें इसतरह के माहौल से राजनैतिक लाभ हासिल होता है। लिहाज़ा इस बात का पता लगाना बहुत ज़रूरी है कि वेश बदलकर या लुकछुप कर देश में साम्प्रदायिकता की आग लगाने वाले ये दुष्ट लोग हैं कौन ,कहाँ से आते हैं और इन्हें भेजता कौन है।

## प्रेमचंद की कहानियां



### ईदगाह

मोहसिन - लेकिन इन खिलौनों के लिए कोई हमें दुआ तो न देगा। महमूद-दुआ को लिए फिरते हो। उलटे मार न पड़े। अम्मां जरूर कहेंगी कि मेले में मिट्टी के खिलौने तुम्हें मिले?

हामिद को स्वीकार करना पड़ा कि खिलौनों को देखकर किसी की मां इतनी खुश न होंगी, जितनी दादी चिमटे को देखकर होंगी। तीन पैसों ही में तो उसे सब कुछ करना था, और उन पैसों के इस उपयोग पर पछतावे की बिलकुल जरूरत, न थी। फिर अब तो चिमटा रुस्तमे हिन्द है और सभी खिलौनों का बादशाह रास्ते में महमूद को भूख लगी। उसके बाप ने केले खाने को दिये। महमूद ने केवल हामिद को साझी बनाया। उसके अन्य मित्र मुंह ताकते रह गये। यह उस चिमटे का प्रसाद था। ग्यारह बजे सारे गांव में हलचल मच गयी। मेले वाले आ गये। मोहसिन की छोटी बहन ने दौड़कर भिश्ती उसके हाथ से छीन लिया और मारे खुशी के जो उछली, तो मियां भिश्ती नीचे आ रहे और सुरलोक सिधारे। इस पर भाई-बहन में मार-पीट हुई। दोनों खूब रोये। उनकी अम्मां यह शोर सुनकर बिगड़ों और दोनों को ऊपर से दो-दो चांटे और लगाये। मियां नूरे के वकील का अन्त उसके प्रतिष्ठानुकूल इससे ज्यादा गौरवमय हुआ। वकील जमीन पर या ताक पर तो नहीं बैठ सकता। उसकी मर्यादा का विचार तो करना ही होगा। दीवार में दो खूटियां गाड़ी गयीं। उन पर लकड़ी का एक पटरा रक्खा गया। पटरे पर कागज का कालीन बिछाया गया। वकील साहब राजा भोज की भांति सिंहासन पर विराजे। नूरे ने उन्हें पंखा झलना शुरू किया। अदालतों में खस की टट्टियां और बिजली के पंखे रहते हैं। क्या यहां मामूली पंखा भी न हो। कानून की गर्मी दिमाग पर चढ़ जायेगी कि नहीं। बांस का पंखा आया और नूरे हवा करने लगे। मालूम नहीं, पंखे की हवा से या पंखे की चोट से वकील साहब स्वर्गलोक से मृत्युलोक में आ रहे और उनका माटी का चोला माटी में मिल गया। क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

◆◆◆

**विद्या मित्रं प्रवासेषु भार्या मित्रं गृहेषु च।**
**व्याधितस्यौषधं मित्रं धर्मो मित्रं मृतस्य च।।**

विदेश जाने वालों का सच्चा मित्र विद्या है, अपने घर में रहने वालों की मित्र उनकी पत्नी है, रोगी व्यक्तियों का मित्र औषध है ओर मरने वालों का मित्र उनका धर्म है।

◆◆◆

# राष्ट्रीय विरासत की वैश्विक प्रतिष्ठा और चुनी हुई चुप्पी



- हरीश शिवनानी

इस वर्ष अपैल का महीना भारत के लिए ख़ासा महत्वपूर्ण रहा। ख़ुशी-ग़म, हर्ष-विषाद, मुस्कान और आँसू दोनों नज़रिए से। अभी 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस के मौके पर यूनेस्को ने भारतीयता के दो प्रतीक ग्रंथों - श्रीमद्भागवत गीता और नाट्यशास्त्र - को वैश्विक विरासत घोषित करने उल्लास पूरा हो भी न पाया था कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले ने विषाद से भर दिया। इन दोनों महत्वपूर्ण घटनाओं के संदर्भ में भारत के बौद्धिक जगत का पूर्वाग्रही और दोहरी मानसिकता का कृष्ण पक्ष एक बार फिर उजागर हो गया है। यूनेस्को से मिली भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा पर जिस रहस्यमय तरीकेसे यह वर्ग उदासीन, ख़ामोश रहा, वहीं आतंकी हमले के बाद एक सुनिश्चित-सी योजना के तहत परोक्ष रूप से आतंकवादियों, आतंकवाद के लिए जिम्मेदार देश के और आतंकवाद के मानसिक समर्थकों के पक्ष में चीख-चीख अपने दोगले चरित्र का परिचय दिया, वो गौरतलब है। यहाँ बात भारत को मिले वैश्विक सम्मान और उनकी चुप्पी की है। संयुक्त राष्ट्र संघ के वैश्विक संघटक संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन ( यूनेस्को ) ने विश्व धरोहर दिवस पर जो घोषणा की वो भारतवासियों के लिए सामान्य घोषणा नहीं थी। यूनेस्को ने इस वर्ष भारतीयता की अस्मिता और मानव समाज के लिए अद्भुत भेंट 'श्रीमद्भागवत गीता' और ललित कलाओं के अतुल्य ग्रंथ 'नाट्यशास्त्र' को 'मेमोरी ऑफ़ वर्ल्ड रजिस्टर' ( विश्व समृति दस्तावेज ) में शामिल कर उन्हें वैश्विक सम्मान दिया। भारत भारतवासियों के लिए यह गौरवशाली क्षण था। उन एक ऐसी उपलब्धि रही कि न केवल भारतीय बल्कि विश्व जगत के समूचे बौद्धिक वर्ग ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त व्यक्त कर यूनेस्को की इस पहल को सराहनीय बताया। इन सब के बीच भारतीय समाज का ही एक ऐसा वर्ग है जिसने अपने ही देश भारत के इस अंतरराष्ट्रीय सम्मान पर अपने होंठ कसकर सी लिये हैं और हमेशा की तरह एक चुनी हुई चुप्पी धारण कर ली है। हमारे लिए ये आल्हादकारी गौरव के क्षण के इसलिए नहीं हैं कि इन ग्रंथों को यूनेस्को के विश्व स्मृति दस्तावेज में अंकित किया गया है। वस्तुतः इसकी घोषणा एक ऐसे समय में की गई है जब भारतीय समाज का एक चुना हुआ बौद्धिक वर्ग भारत के स्वर्णिम अतीत, भारतीय प्रज्ञा, उसकी विचक्षण मेधा, उसके ज्ञान-दर्शन-साहित्य सहित समस्त विषयों, अकादमिक अनुशासन, अद्भुत मानवीय कौशल, उसकी विस्मयकारी उपलब्धियों को,यहाँ तक कि एक राष्ट्र के रूप में भारत और भारतीयता के विचार को ही पूरी चेष्टा के साथ नकारने में जुटा रहता है। इतना ही नहीं, इसे लेकर वे पत्र-पत्रिकाओं, विभिन्न मंचों के साथ ही सोशल मीडिया पर पूरे जोर-शोर से नकारात्मक नरेशन (मिथ्या, असत्य, निराधार धारणाएं) गढ़ने और उसे फैलाने में भी सक्रिय हो जाते हैं। यह पहली बार नहीं है। इतिहास साक्षी है जब कभी,कहीं भारतीयता और भारतीय दृष्टि, आस्था, परम्पराओं, मूल्यों, मान्यताओं, स्थापनाओं, धर्म, दर्शन ग्रंथों की चर्चा चलती-निकलती है, उस समय भारतीय बौद्धिक जगत का यह चुना हुआ समूह एक विस्मयकारी चुनी हुई चुप्पी धारण कर लेता है या फिर अपनी पूरी मानसिक, शारीरिक ऊर्जा से उसे नकारने, उसका खंडन करने, उसकी प्रासंगिकता, उसकी सामयिकता, उसकी वैज्ञानिकता खोजने में लग जाता है। ऐसा विशेष कर उस समय, दौर विशेष में होता है जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्र के लिए गौरव के पल होते हैं। भारत और भारतीयता,



भारतीय संस्कृति की चर्चा मात्र निकलने से उसकी 'प्रश्नाकुल मानसिकता' कुलबुलाने लगती है, उसका 'तर्कपूर्ण मस्तिष्क' एक सीमा तक आते-आते कुतर्कपूर्ण तरीके से उसके मूल्यों को कटघरे में खड़ा करने लगता है। निर्मल वर्मा ने 'चुनी हुई चुप्पी' शब्द का प्रयोग भारतीय बौद्धिक जगत की उस खामोशी को उजागर करने के लिए किया था, जो राजनीतिक निहितार्थों, प्रलोभनों और वर्तमान के अलावा भविष्य की कई 'संभावनाओं' के मद्देनज़र व्यक्त नहीं की जाती है। इस वर्ग की चुनी हुई चुप्पी या मुखरता के अंतर्विरोध का आलम यह है कि यह समूह कवि किसी हिंसक तामसी परम्पराओं या अमानवीय स्त्री विरोधी रवायतों का खुलकर समर्थन हो नहीं करेगा बल्कि उसमें भागीदार बन कर जश्न मनाते हुए मुबारकबाद भी देगा तो वहीं किसी आस्था से जुड़े सात्विक पर्व की वैज्ञानिकता और प्रासंगिकता पर प्रश्न खड़े करेगा।राष्ट्रीय विरासत की वैश्विक प्रतिष्ठा के इस गौरवपूर्ण क्षणों में एक निस्पृह चुप्पी, घोर उदासीनता, अजनबियत-सी दृष्टि, रखने वाले कोई समान्य,अपरिचित या गुमनाम लोग नहीं हैं, ये लोग राष्ट्रीय स्तर पर पत्र-पत्रिकाओं में छपने वाले, लिट् फेस्ट, साहित्य उत्सवों, महोत्सवों में दंभपूर्वक शिरकत करने वाले, विभिन्न मंचों के अलावा सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में फॉलोअर्स रखने वाले अपने-आपको वे 'पढ़ने-लिखने की दुनिया वाला' घोषित करते हैं। भारतीय समाज का यह वो बौद्धिक वर्ग है, अपनी संस्कृति, अपने धर्म,अपने राष्ट्र को लेकर हीन भावना से ग्रस्त है। श्रीमद्भागवत गीता और नाट्यशास्त्र को वैश्विक सम्मान देकर इस अंतरराष्ट्रीय संस्था ने उनके नकारात्मक नरेशन, कुप्रचार को ध्वस्त कर दिया है। ऐसे में हकबकाया-सा यह समूह हमेशा की तरह एक चुनी हुई चुप्पी धारण करके बैठ गया है। इनकी चुप्पी और मुखरता मौके के अनुसार तय होती है। बड़े जतन से और बड़े प्रचार-प्रसार से निर्मित की गई अपनी 'प्रगतिशील-सेकुलर' छवि को बनाए रखने के उद्देश्य के कारण यह समूह उस समय भी निर्लज्ज बन गया था, जब मार्च 2001में अफगानिस्तान के बामियान में जब तालिबान ने विशुद्ध मज़हबी कारणों से डेढ़ हज़ार साल पुरानी दो बुद्ध प्रतिमाओं को टैंकों, गोलियों और डायनामाइट से ध्वस्त कर दिया। उस ऐतिहासिक विश्व धरोहर के विध्वंस के बाद भी इस समूह ने रस्मी-तौर पर मिमियाते हुए बुदबुदा कर हल्का-सा विरोध जता दिया और चुप्पी धारण कर ली। आज भी जब यह प्रसंग आता है वे तो टालमटोल कर विषयांतर कर देते हैं। ऐसे ही जुलाई 2020 में तुर्की के इस्तांबुल स्थित छठी शताब्दी के ऐतिहासिक संग्रहालय की मूल पहचान मिटाते हुए इसे मस्जिद में बदल दिया गया तो इस दौरान भी उनमें गहरा सन्नाटा छाया रहा, सब चुप! जैसे कुछ हुआ ही न हो ऐसा ही एक दौर यह भी है। भारतीय बौद्धिक वर्ग के इस चरित्र को रेखांकित करते हुए मार्टिन लूथर किंग जूनियर के ये शब्द बेहद प्रासंगिक लगते हैं - 'अंत में,हम अपने शत्रुओं के शब्दों को नहीं, बल्कि अपने मित्रों की चुप्पी को याद रखेंगे।'

## प्रेरक प्रसंग वह अविस्मरणीय क्षण

महापुरुषों के जीवन में अनेक गुण होते हैं, लेकिन उनमें एक गुण विशेष रूप से पाया जाता हैं। वे छोटी-छोटी चीजों में अपनी महानता का परिचय देते हैं। जवाहरलाल नेहरू में यह गुण बहुत बड़े परिणाम में विद्यमान था।

उन दिनों की एक घटना मंत्री थे। डा. राजेन्द्र प्रसाद राष्ट्रपति थे।

नई दिल्ली में एक समारोह हुआ। उस समारोह में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दोनों को पहुंचना था। नियमानुसार प्रधानमंत्री को ऐसे अवसरों पर पहले पहुंचना होता है। वह राष्ट्रपति की अगवनी करते है।

संयोग की बात कि जवाहरलाल एक आवश्यक कार्य में घिर गये। उन्हें पता था कि अमुक जगह और अमुक समय उनको पहुंचना है और उन्होंने उसके लिए प्रसत्न भी किया, किन्तु फिर भी वहां पहुंचने में दो-तीन मिनट का विलम्ब हो गया। राष्ट्रपति तबतक आ चुके थे। जवाहरलाल राष्ट्र के महान नेता थे। दुनिया भर में उनका नाम था। चाहते तो अपने देर से पहुंचने की बात को दरगुजर कर जाते। किन्तु उनके लिए यह छोटी-सी बात भी बड़ा महत्त्व रखती थी। बिना असमंजस में पड़े वह तत्परता से राष्ट्रपति के पास गये और उनसे क्षमा-याचना करने लगे।

शायद और कोई राष्ट्रपति होता तो इस अप्रत्याशित घटना से बुरा मान जाता, लेकिन राजेन्द्रबाबू भी कम न थे। वह जवाहरलाल की शालीनता से इतने गद्‌गद् हो उठे कि आगे बढ़कर उन्हें गले लगा लिया।

वह क्षण अमर हो गया।

## आपका पत्र मिला

### आत्म प्रवंचना में कब तक जीएंगे हम भारतीय?

हम भारतीय आत्म श्लाघा की व्याधि से ग्रस्त है। हमें अपनी प्रशंसा बहुत प्रिय है फिर वह झूठी ही क्यों न हों। यह आत्म प्रवञ्चना नहीं तो और क्या है। अपनी छोटी सी उपलब्धि और सफलता भी हमें इतना आत्म विभौर कर देती है कि हम आगे कुछ करना भूल ही जाते हैं। छोटी सी सफलता का नशा हमें कई वर्षों तक चढ़ा रहता है और सारी दुनियां में अपनी छोटी सी सफलता के भी ढोल पीटते रहेंगे। अपने पिछड़े पन का यह भी एक सबसे बड़ा कारण है। हम धार्मिक कहलाते हैं। किन्तु यथार्थवादी नहीं है। जब कि धर्म यथार्थ की संस्थापना केलिये ही उपयोगी है। अपना राष्ट्रीय वाक्य सत्यमेव जयते है किन्तु विश्व के बड़े से बड़े पाखण्ड आपको भारत में मिल जायेंगे। सत्यमेव जयते की हमने संवैधानिक स्थापना अवश्य कर दी किन्तु इस वाक्य को राष्ट्र के स्तर पर या व्यक्ति गत स्तर पर कहीं पर भी हमने गहराई से नहीं लिया केवल विशेष पेपरों पर इसे छाप अवश्य दिया किन्तु इस तरह छाप देने मात्र से तो राष्ट्रीय स्तर पर इसकी सार्थकता नहीं हो सकती। हम अपने जीवन के वास्तविक धरातल पर तो असत्य को ही प्रोत्साहन देकर चलते है। कथनी करनी की इतनी दूरी जो आज व्याप्त है, संभवतः भारतीय जीवन में पहले कभी नहीं रही होगी। हम अपने गौरवशाली इतिहास पर बहुत इठलाते हैं। किन्तु उससे शिक्षा कुछ भी नहीं लेते। राम के जीवन को ही देख लीजिये रावण के धराशयी होने पर राम ने निःसकोच लक्ष्मण को रावण के पास राजनीति के रहस्य समझने को भेज दिया, लक्ष्मण भी सहर्ष चले गये कहीं कुछ अहं नहीं, कहीं कोई ग्रन्थि नहीं सबकुछ सरल सत्य यथार्थ। अपनी सफलता श्रेष्ठता का तनिक भी पाखण्ड नहीं। लक्ष्मण रावण के चरणों में नत मस्तक होकर राज नीति के रहस्य प्राप्तकर ले आये। आज हम जो कि राम के भक्त कहलाते हैं रामायण पढ़ते हैं। राम की पूजा करते हैं। किन्तु जीवन के स्तरपर कितने पाखण्ड और असत्य से ग्रस्त है। किसी राम की तरह दुश्मन की अच्छाई लेना तो दूर रहा, हम अपने पड़ोसी की अच्छी बात भी जबान पर नहीं लायेंगे। यह आत्म प्रवंचना जब टूटेगी हम एक नये भारत का निर्माण कर पायेंगे।

**कांतिलाल मांडोत**
**वाया ई-मेल**

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**

आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं। **संपादक,**
**स्वतंत्र भारत**
**1, जॉपलिंग रोड,**
**लखनऊ-226001**
**E-mail : swatantrab-harat77@gmail.com**

# प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीवों और पर्वतीय दृश्यावलियों का केन्द्र है मसिनागुडी

मसिनागुडी, जो तमिलनाडु राज्य के ओट्टी जिले में स्थित है, एक बेहद खूबसूरत और शांति प्रदान करने वाला स्थल है। यह स्थान मुख्य रूप से अपनी प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीवों और पर्वतीय दृश्यावलियों के लिए प्रसिद्ध है। मसिनागुडी का स्थान नीलगिरि पहाड़ियों के बीच है, जो इसे एक आदर्श स्थल बनाता है प्रकृति प्रेमियों, साहसिक पर्यटकों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए। यहां का शांत वातावरण, हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है। आइए जानते हैं मसिनागुडी के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।



**1. बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य**

मसिनागुडी का सबसे प्रमुख आकर्षण बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य है, जो भारत के सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है। यह अभयारण्य मसिनागुडी के पास स्थित है और यहां विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को देखा जा सकता है। यहां बाघ, हाथी, तेंदुआ, तिहुंनी, जंगली सुअर, विभिन्न प्रकार के पक्षी और कीट प्रजातियां पाई जाती हैं। वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह एक आदर्श स्थल है। यहां Safaris भी आयोजित की जाती हैं, जो पर्यटकों को जंगल के बीच रोमांचक अनुभव प्रदान करती हैं।

**2. मसिनागुडी जंगल सफारी**

मसिनागुडी में जंगल सफारी का अनुभव बहुत खास होता है। यहां पर आपको जंगल के बीच घूमते हुए वन्यजीवों के दर्शन हो सकते हैं। इन सफारियों के दौरान आप बंदिपुर राष्ट्रीय उद्यान, मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य और अन्य आस-पास के वन क्षेत्र का दौरा करते हैं। सफारी के दौरान आपको बाघ, हाथी, गैंडे, चिंकारा, तेंदुआ आदि जानवरों को प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलता है। यह अनुभव एक साहसिक और रोमांचक यात्रा होती है।

**3. मुदुमलाई नेशनल पार्क**

मसिनागुडी के पास स्थित मुदुमलाई नेशनल पार्क, एक और प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य है, जो पर्यटकों को वन्यजीवों के करीब लाता है। यह पार्क विभिन्न प्रकार की वन्यजीवों और पक्षियों का घर है। यहां की हरे-भरे जंगल, जलप्रपात, और पर्वतीय दृश्य इसे एक शानदार पर्यटन स्थल बनाते हैं। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और बोटिंग का भी आनंद ले सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो प्रकृति और वन्यजीवों से जुड़ा अनुभव चाहते हैं।

**4. सिंहपुरा जलप्रपात**

सिंहपुरा जलप्रपात मसिनागुडी का एक प्रमुख आकर्षण है। यह जलप्रपात नीलगिरि की पहाड़ियों से गिरता हुआ बहुत ही आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करता है। यहां की ठंडी हवा, बहते पानी की आवाज़ और आसपास का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह स्थान ट्रैकिंग और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए आदर्श है। जलप्रपात के पास पहुंचने के लिए थोड़ी कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है, जो इसे और रोमांचक बनाती है।

**5. कोल्लीमाला हिल्स**

कोल्लीमाला हिल्स, मसिनागुडी के आसपास एक और खूबसूरत स्थल है। यहां की पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करने से आपको पूरे क्षेत्र का शानदार दृश्य दिखाई देता है। इस स्थल पर आपको शांति और एकांत का अनुभव मिलेगा, जो शहर की हलचल से दूर एक सुकून भरा समय बिताने के लिए आदर्श है।

**6. वन्यजीव और पक्षी अवलोकन**


मसिनागुडी में जंगल सफारी और पार्क के अलावा, यहां पर पक्षी और वन्यजीवों का अवलोकन करने का भी अच्छा अवसर मिलता है। यह स्थल पक्षी प्रेमियों के लिए स्वर्ग से कम नहीं है, क्योंकि यहां विभिन्न प्रकार के पक्षी पाए जाते हैं। इसके अलावा, जंगल में घूमते हुए आप विभिन्न जानवरों के भी दर्शन कर सकते हैं, जिनमें हाथी, बाघ, तेंदुआ और हिरण जैसी प्रजातियां शामिल हैं।

**7. नीलगिरी पर्वत**

मसिनागुडी, नीलगिरी पर्वतों की तलहटी में स्थित है और यहां से आपको इन पर्वतों का सुंदर दृश्य दिखाई देता है। नीलगिरी की पहाड़ियों में कई छोटे-छोटे गांव स्थित हैं, जो पर्यटकों के लिए एक बेहतरीन गंतव्य बनाते हैं। यहां का ठंडा मौसम और शांति से भरा वातावरण, उन लोगों के लिए आदर्श है जो प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव करना चाहते हैं।

**8. तेंतमनी वॉटरफॉल**

यह जलप्रपात मसिनागुडी के पास एक छिपा हुआ खजाना है। यहां पहुंचने के लिए ट्रैकिंग करनी पड़ती है, लेकिन जब आप यहां पहुंचते हैं, तो यह दृश्य देखकर आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। झरने का गिरता हुआ पानी और उसके आसपास का हरित वातावरण इसे एक बेहतरीन पर्यटन स्थल बनाता है। मसिनागुडी एक आदर्श स्थल है उन पर्यटकों के लिए जो वन्यजीवों, जंगलों और प्रकृति के बीच शांति का अनुभव करना चाहते हैं। यहां के राष्ट्रीय उद्यान, जलप्रपात, सफारी और हरे-भरे जंगल, इस स्थान को एक अद्भुत पर्यटन गंतव्य बनाते हैं। यदि आप साहसिक यात्रा पसंद करते हैं या बस प्राकृतिक सौंदर्य में खोना चाहते हैं, तो मसिनागुडी आपके लिए एक बेहतरीन गंतव्य हो सकता है।



# घर पर बनाएं स्ट्रीट स्टाइल कुरकुरे मोमोज



मोमोज़ खाना भले ही किसी को पसंद न हो, खासकर शाम के स्नैक्स में गरमा-गरम मोमोज़ और तीखी चटनी मिल जाए तो क्या ही कहने। शाम का समय हो और ठंडी हवा के साथ किसी मसालेदार, गरम-गरम स्नैक का मन हो, तो मोमोज़ एक बेहतरीन ऑप्शन है। जब कुरकुरे मोमोज के साथ तीखी और स्वादिष्ट चटनी मिल जाए, तो इसका स्वाद दोगुना हो जाता है। खासकर जब आप अपने परिवार या दोस्तों के साथ बैठकर इन मोमोज़ को एन्जॉय करें, तो वो मोमेंट और भी खास बन जाता है।यहां हम आपको कुरकुरे मोमोज बनाने का एक आसान तरीका बताने जा रहे हैं, जिसे आप अपने घर पर कम समय में बना सकते हैं।

**कुरकुरे मोमोज की रेसिपी**

सबसे पहले, एक बड़े बर्तन में मैदा, नमक और तेल डालें।अब थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए नरम आटा गूंध लें। आटे को 10-15 मिनट के लिए ढककर रख दें ताकि वह सेट हो जाए।

एक कढ़ाई में थोड़ा सा तेल गर्म करें और उसमें अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें। अब प्याज डालकर हल्का सा भूनें। इसके बाद, कटी हुई पत्ता गोभी, गाजर, और शिमला मिर्च डालें। इन सबको 2-3 मिनट तक सॉटे करें। अब सोया सॉस, चिली सॉस, नमक और काली मिर्च डालें और अच्छे से मिक्स करें। आंच से उतारकर ताज़ा हरा धनिया डालकर मिला लें। अब गूंधे हुए आटे को छोटे-छोटे गोलों में बांट लें। हर गोले को बेलन से बेलकर पतला आटा बेल लें। इसके बीच में तैयार स्टफिंग भरें और मोमोज को अच्छे से बंद कर लें। मोमोज़ के किनारों को सिकोड़कर इसे अच्छे से बंद कर लें ताकि स्टफिंग बाहर न निकले।

**सामग्री**

मोमोज की स्टफिंग के लिए
- 1 कप कटा हुआ पत्ता गोभी
- 1/2 कप कटी हुई गाजर
- 1/2 कप प्याज (बारीक कटा हुआ)
- 1/2 कप कटा हुआ शिमला मिर्च
- 1/2 टीस्पून अदरक-लहसुन पेस्ट
- 1/2 टीस्पून सोया सॉस
- 1/2 टीस्पून सिज़लिंग सॉस (वैकल्पिक)
- 1/2 टीस्पून नमक (स्वाद अनुसार)
- 1/4 टीस्पून काली मिर्च
- 1/2 टीस्पून चिली सॉस
- 1/2 कप ताज़ा हरा धनिया (बारीक कटा हुआ)

मोमोज़ की आटा तैयार करने के लिए-
- 1 कप मैदा
- 1/4 टीस्पून नमक
- 1/2 टीस्पून तेल
- पानी (आटे को गूंधने के लिए)
- तेल (फ्राई करने के लिए)

एक कढ़ाई में तेल गर्म करें। तेल गर्म होने के बाद, मोमोज़ को एक-एक करके तेल में डालें और मध्यम आंच पर तलें।

मोमोज़ को सुनहरा और कुरकुरा होने तक तलते रहें।तले हुए मोमोज को किचन पेपर पर निकालकर अतिरिक्त तेल सोखने दें। कुरकुरे मोमोज तैयार हैं। इन्हें गरमा गरम हरे धनिये की चटनी या सॉस के साथ परोसें और आनंद लें।

# ताजगी के लिए रूटीन में ऐसे शामिल करें चमेली का तेल



गर्मियों की सुबह चिपचिपी और उमस भरी होती है। सुबह उठने के बाद ताजगी नहीं महसूस होती है। ऐसे में अगर आप भी सुबह के समय ताजगी महसूस नहीं करते हैं, तो एक खास तेल आपकी मदद कर सकता है। जो आपकी सुबह शांति और ताजगी से भरपूर बन सकती है। चमेली के तेल को प्रकृति का खजाना कहा जाता है। इस एसेंशियल ऑयल में वह शक्ति छिपी है, जो आपकी इंद्रियों को जगाता है और आपके अंदर एक नई ऊर्जा का संचार कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि चमेली के तेल को अपनी रूटीन में कैसे शामिल कर सकते हैं।

**ऐसे बनाएं रूटीन का हिस्सा**

अगर आप अपने दिन की शुरूआत को खुशनुमा बनाना चाहते हैं तो आपको नहाने के पानी में चमेली के तेल की कुछ बूंदे डालनी चाहिए। इसकी भीनी-भीनी खुशबू आपके मन को शांत करने के साथ आपको तरोताजा महसूस कराएगा। इससे आपका मूड पूरा दिन पॉजिटिव बना रहेगा। सप्ताह में एक बार बॉडी स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए आप थोड़ी सी चीना, नमक और ग्लिसरीन ले लें। फिर इसमें नींबू का रस मिलाएं और इसमें 2-3 बूंद चमेली के एसेंशियल ऑयल डालें। फिर इसे शरीर पर लगाकर 5-8 मिनट तक स्क्रब करें, जिससे डेड स्किन निकल जाएंगे और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाएगा। इससे भी पॉजिटिव संचार होता है। आप चाहें तो अपने मॉइस्चराइजर में 2-3 बूंद चमेली का तेल और 1 बूंद पेचौली मिलाकर लगा सकते हैं। यह आपके मूड और स्किन दोनों को तरोताजा करेगा और यह त्वचा को जबरदस्त चमक देगा। चमेली एसेंशियल ऑयल वाली मोमबत्ती जलाकर आप अपने आसपास खुशनुमा माहौल बना सकते हैं और यह आपके मूड को बेहतर बना सकता है। कई बार जब हम सुबह सोकर उठते हैं, तो अजीब सी निराशा होती है। ऐसे में जब भी आप लो फील करने लगें, तो हथेली पर एक बूंद तेल लेकर इसको रब करें और सूंघें। इससे आपको ताजगी का एहसास होगा और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

# लड़कियों में ये गुण लेकिन दिखाती नहीं



हर किसी में कुछ खूबियां होती हैं। लड़कियां अपनी खूबियों के कारण हर किसी को आकर्षित करती हैं। अधिकतर लड़कियों में कुछ सामान्य से गुण होते हैं, जैसे ज्यादातर लड़कियां भावुक होती हैं। अक्सर लड़कियों के लिए कहा जाता है कि वह छोटी-छोटी बातों में खुशियां तलाश लेती हैं। लड़कियां केयरिंग होती हैं और अपने प्रियजनों का ख्याल रखना अच्छे से जानती हैं। शादी से पहले अपने पिता और भाई के लिए केयर दिखाने वाली लड़कियां शादी के बाद पति और ससुराल का ख्याल रखती हैं। उनकी ये सारी खूबियां जगजाहिर है लेकिन क्या आपको पता है कि लड़कियों में कुछ ऐसे गुण भी होते हैं जो वह सबको नहीं दिखातीं।

लड़कियों के भीतर कई खूबसूरत गुण छुपे होते हैं, जिन्हें वे हर किसी के सामने जाहिर नहीं करतीं। ये गुण उनकी अंदरूनी ताकत और संवेदनशीलता को दर्शाते हैं। लड़कियों के ये गुण उनकी खूबसूरती को और भी बढ़ाते हैं। वे हर किसी के सामने इन्हें दिखाएं या न दिखाएं, ये गुण उन्हें भीतर से खास बनाते हैं। इस लेख में जानते हैं लड़कियों के गुणों के बारे में, जिन्हें वह सबसे छुपाकर रखती हैं।

**आत्मनिर्भरता**

भले ही वह बताती या दिखाती न हो लेकिन हर लड़की अंदर से निर्णय लेने, खुद के लिए खड़े होने और जिम्मेदारी निभाने में सक्षम होती है। भले ही वह कहें कि उन्हें समाज में अकेले रहना नहीं आता, वह कुछ बातों या कामों से अनजान होने की बात भी कह सकती हैं लेकिन वह अंदरूनी तौर पर काफी आत्मनिर्भर होती है। हालांकि हर बार अपनी ताकत को जाहिर करना उनकी फितरत नहीं होती।

**आत्मविश्वास**

लड़कियां अपना काम खुद करना जानती हैं। उनमें आत्मविश्वास की कमी नहीं होती लेकिन अधिकतर मामलों में समाज अबला नारी को संस्कारी समझता है। ऐसे में वह दुनिया के सामने अबला नारी बन जाती हैं ताकि उनका काम आसानी से हो जाए। सच्चाई यह है कि उन्हें अपने काम के लिए किसी की मदद की जरूरत नहीं होती।

**बच्चों से प्यार**

हर लड़की में मातृत्व का भाव होता है। बच्चों को देखकर लड़कियों का दिल पिघल जाता है। लेकिन दुनिया के सामने वह ये दिखाती हैं जैसे उन्हें बच्चे पसंद नहीं, ताकि कोई उन्हें आंटी न समझने लगे।



**किफायती**

अधिकतर सभी लड़कियों में यह गुण होता है। वह पैसे बचाना अच्छे से जानती हैं। म ह ं ग ... प्रोडक्ट्स. ब्रांडेड बैग और कपड़े खरीदने वाली यही लड़कियां ये भी जानती हैं कि बचत कैसे करनी है। अगर आप किसी लड़की को देखकर ये सोचते हैं कि यह तो बहुत खर्चीली है तो आपको यह भी पता होना चाहिए कि महीने के अंत तक वही लड़की सैलरी बचाने में भी सक्षम होती है।

**झांसी की रानी**

आमतौर पर सीधी और डरपोक सी दिखने वाली लड़कियां अंदर से झांसी की रानी होती हैं। वह अपने लोगों के लिए लड़ना और उनकी रक्षा करना अच्छे से जानती हैं लेकिन ऐसी लड़कियां अपने झांसी की रानी वाले रूप को दुनिया के सामने जाहिर नहीं करतीं। वह चाहती हैं कि उनका पार्टनर उन्हें प्रोटेक्ट करे। लेकिन जब पार्टनर पर कोई मुसीबत आती है तो वह आक्रामक रूप में आने की क्षमता रखती हैं।

# एलोवेरा से करें सेंसिटिव स्किन की केयर

अगर आपकी स्किन सेंसेटिव है तो ऐसे में आपको किसी भी प्रोडक्ट को बहुत ही सोच-समझकर इस्तेमाल करना होता है। अगर जरा सी भी लापरवाही बरती जाए तो इससे आपकी स्किन को बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सेंसेटिव स्किन की केयर करने के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। यह ना केवल स्किन पर जेंटल होता है, बल्कि इससे स्किन को ठंडक भी मिलती है। साथ ही साथ, बिना किसी साइड इफेक्ट के यह आपकी स्किन को ठीक भी करता है। चाहे सनबर्न हो, रैश हो या पूरे दिन की थकान, एलोवेरा आपकी स्किन की हर समस्या से निजात दिला सकती है।

एलोवेरा का इस्तेमाल करना भी बेहद आसान है। आप घर पर ही एलोवेरा के पौधे से जेल निकालकर उसे इस्तेमाल कर सकते हैं। आप इससे फेस मास्क बना सकते हो, मिस्ट की तरह स्प्रे कर सकते हो या रोज़ मॉइस्चराइज़र की तरह भी लगा सकते हो। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि सेंसेटिव स्किन की केयर करने के लिए आप एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किन तरीकों से कर सकते हैं-

**मॉइश्चराइज़र की तरह करें इस्तेमाल**

एलोवेरा जेल को आप सेंसेटिव स्किन पर बतौर मॉइश्चराइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप पौधे से एलोवेरा जेल निकाल लें। फेस वॉश के बाद आप थोड़ा सा जेल चेहरे पर लगाओ। इससे आपकी स्किन को दिनभर ठंडक और नमी मिलती रहेगी।

**फेस मिस्ट की तरह करें इस्तेमाल**

एलोवेरा जेल गर्मी के दिनों में आपकी स्किन के लिए एक बेहतरीन फेस मिस्ट भी साबित हो सकता है। इसके लिए आप 1 हिस्सा एलोवेरा जेल .2 हिस्से गुलाब जल लेकर मिक्स कर लें। अब इसे स्प्रे बोतल में भर लो। जब भी चेहरा टाइट या चिड़चिड़ा लगे, दिन में 2-3 बार स्प्रे कर लो। आप इसे मेकअप सेट करने के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हो।

# क्यों कुछ लोग फास्ट फूड खाकर भी नहीं होते मोटे?



हमने अक्सर देखा है कि कुछ लोग बिना खाए-पीए ही वजन बढ़ने की शिकायत करते हैं, जबकि कुछ लोग कितना भी जंक फूड खा लें, फिर भी उनका वजन नहीं बढ़ता। सवाल ये उठता है कि ऐसा क्यों होता है? आइए जानते हैं इसके पीछे छिपे कारण।

**जंक फूड खाने के बाद भी वजन क्यों नहीं बढ़ता?**

फास्ट फूड में कैलोरी और फैट भरपूर मात्रा में होते हैं। बावजूद इसके कुछ लोगों के शरीर पर इसका असर नहीं होता। इसका सबसे बड़ा कारण है उनकी जींस, मेटाबॉलिज्म और लाइफस्टाइल।

**जींस का प्रभाव**

एक स्टडी में पाया गया कि कुछ लोगों की जींस ऐसी होती हैं, जो उनके मेटाबॉलिज्म को तेज कर देती हैं। इस स्टडी को यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज के रिसर्चर्स ने किया था। उन्होंने बताया कि पतले-दुबले लोगों में जींस का एक खास सेट मौजूद होता है, जो शरीर के फैट को तेजी से बर्न करता है।जिन लोगों के परिवार के सदस्य या माता-पिता पतले-दुबले होते हैं, उनके बच्चे भी आमतौर पर फिट रहते हैं। वहीं, जिनके परिवार में मोटापा सामान्य होता है, उनके बच्चों पर भी यह असर दिखता है।

**फास्ट फूड का असर क्यों नहीं पड़ता?**

इस स्टडी में 40त्न ऐसे लोगों ने भाग लिया, जो हर तरह का खाना खाते हैं, फिर भी वजन नहीं बढ़ता। शोधकर्ताओं ने इसे उनकी जींस का कमाल बताया।

**लाइफस्टाइल की भूमिका**

फास्ट फूड का असर न होने में सिर्फ जींस ही नहीं, बल्कि व्यक्ति की जीवनशैली भी अहम भूमिका निभाती है। इसमें उनकी नींद का पैटर्न, भोजन की आदतें, शराब का सेवन और शारीरिक गतिविधियां शामिल हैं।

**ऐसे रखें खुद को फिट-**

1. केवल कम खाने और ज्यादा चलने पर फोकस न करें।
2. अपनी जीवनशैली में सुधार करें।
3. रोजाना थोड़ी एक्सरसाइज करें।
4. शराब और अन्य अनहेल्दी आदतों को नियंत्रित करें।
5. अपनी नींद को पूरा करें।

हर व्यक्ति का शरीर अलग तरीके से काम करता है। कुछ लोगों का मेटाबॉलिज्म तेज होता है, जिससे उनका वजन आसानी से नहीं बढ़ता। वहीं, कुछ लोगों का धीमा मेटाबॉलिज्म वजन बढ़ाने का कारण बनता है। इसलिए, फिट रहने के लिए अपनी आदतों और जीवनशैली में सुधार करना सबसे अच्छा तरीका है।

# कार्बाइड से तो नहीं पके आम इन तरीकों से करें पहचान



आम के शौकीन लोग गर्मियों के मौसम का बेसब्री से इंतजार करते हैं। भले ही उन्हें गर्मी न पसंद हो लेकिन मीठे-मीठे आमों का स्वाद लेने के लिए गर्माहट भी बर्दाश्त करने को तैयार रहते हैं। इन दिनों बाजारों में आम दिखना भी शुरू हो गए हैं। सफेदा से लेकर लगड़ा और दशहरी आम उपलब्ध हैं, जो कि बड़े- और पीले यानी पूरी तरह के पके नजर आ रहे हैं। लेकिन क्या आपने सोचा है कि कहीं ये आम नकली तो नहीं। नकली से मतलब है कि कृत्रिम तरीके से पकाए गए आम। आम की मांग को देखते हुए वक्त से पहले उन्हें कार्बाइड के जरिए पकाया जाता है। कार्बाइड से पकाए आम न केवल स्वाद में फीके होते हैं बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हो सकते हैं। आम का आनंद तभी है जब वह स्वाभाविक तरीके से पका हो। ऐसे में यह जानना बेहद जरूरी है कि असली और प्राकृतिक तरीके से पके आम की पहचान कैसे करें। बाजार से आम खरीदते समय कुछ तरीकों को अपनाकर आप प्राकृतिक और सुरक्षित आम का चयन कर सकते हैं।

**कार्बाइड से पके आम के नुकसान**

पेट में जलन, गैस और अल्सर जैसी समस्याएं, सिरदर्द, चक्कर और उलझन जैसी न्यूरोलॉजिकल समस्याएं, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से खतरनाक

लिवर, किडनी और आंतों को नुकसान पहुंचाने का खतरा

**प्राकृतिक और कार्बाइड वाले आमों की पहचान के आसान तरीके**

**रंग पर ध्यान दें**

प्राकृतिक आमों का रंग एक समान नहीं होता। आम पर पीले, हरे और हल्के भूरे रंग के धब्बे हो सकते हैं, जबकि कार्बाइड से पके आम पूरी तरह से चमकदार पीले या नारंगी रंग के दिखते हैं, जो अस्वाभाविक लगता है।



**गंध से पहचानें**

प्राकृतिक आमों से मीठी, सौम्य और प्राकृतिक खुशबू आती है, जबकि कृत्रिम तरीके से पकाए गए आमों में गंध कम या नकली सी लगती है। कई बार ऐसे आम से गंध बिल्कुल नहीं आती।

**स्वाद की परख**

प्राकृतिक आम का स्वाद गाढ़ा, मीठा और रसदार होता है। कार्बाइड से पके आमों का स्वाद फीका, बेमजा और कभी-कभी तीखा भी लगता है।

**आम का छिलका**

प्राकृतिक आमों की त्वचा थोड़ी मोटी और असमान होती है, जब कि कृत्रिम पके आमों का छिलका अधिक चिकना और नाजुक हो सकता है।

**डंठल से जांचें**

असली पके आम के डंठल के आसपास पीलेपन के साथ थोड़ा हरा रंग भी रहता है। कार्बाइड वाले आम के डंठल के आसपास रंग हल्का सफेद या भूरापन दिख सकता है।

**आम को लेकर सावधानियां**

कोशिश करें कि स्थानीय किसानों या विश्वसनीय फल विक्रेताओं से ही आम खरीदें। ऑर्गेनिक या जीआई टैग वाले आम खरीदना बेहतर विकल्प हो सकता है। घर लाने के बाद आम को पानी में अच्छी तरह धो लें।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ सोमवार, 5 मई 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोत्तमे शुक्ल पक्षे। अष्टमी तिथौ सोम वासरे 07/37/ आश्लेष नक्षत्रे 14/02/ वृद्धि योग 24/20/ बव करणे 07/37/ सिंह राशिगत चन्द्रमा घं.14 मि.02 पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** श्री दुर्गाष्टमी व्रत बगलामुखी जयंती। श्री सीता नवमी। श्री सीता जयंती।

**मेष :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायी होगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। जीवन सुखमय होगा।

**वृष :** विभागीय परिवर्तन अथवा नये अनुबंध की दिशा में सफलता मिलेगी। किसी कार्य के सम्पन्न होने से आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क :** यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद और लाभकारी रहेगी। निजी संबंध प्रगाण होंगे। रुके धन की प्राप्ति होगी।

**सिंह :** दूसरों से सहयोग लेने में सफल होंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा देशाटन में लाभ होगा। ऋण भार में कमीं रहेगी।

**कन्या :** ग्रहोपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। उपहार का लाभ मिलेगा। संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। सुसंगति लाभ होगा।

**तुला :** आत्मविश्वास में शुद्ध होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। वृद्ध परिजनों पर व्यय होगा।

**वृश्चिक :** मैत्री संबंधों में तनाव व विवाद से बचे। रोग विकार व मौसम के रोगों से प्रभावित हो सकते हैं। सकते हैं। व्यावसायिक प्रयास भलीभूत होंगे।

**धनु :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में किया गया श्रम सार्थक होगा। जीवन सुखमय होगा। दाम्पत्य सुख मिलेगा।

**मकर :** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में चल रहे प्रयास फलीभूत होंगे। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। किसी कार्य के करने से प्रभाव बढ़ेगा।

**कुंभ :** उपहार या मान सम्मान का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बर्ग संबंधों में निकटता आयेगी। मान सम्मान बढ़ेगा।

**मीन :** धन, यश, कीर्ति में वृद्धि होगी। जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। यात्ता देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी।

स्वतंत्र भारत

कानपुर सोमवार, 5 मई 2025 8


# जालौन ललितपुर, झांसी

### पण्डितपुर में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण में कंस वध एवं उद्धव गोपी संवाद की कथा,

**कुठौंद(जालौन)।** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत पंडितपुर में 2 जनवरी दिन गुरुवार से गणेश पूजन के साथ श्रीमद् श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा शुरू हुई चल रहे कार्यक्रम में सरस मधुर कथा वाचक आचार्य पंडित श्री पुनीत जी मिश्रा राधे राधे दिवियापुर के मुखारविंद से पावन कथा भगवान का मथुरा गमन,कंस वध, उद्धव गोपी संवाद एवं भगवान का रुक्मणी के साथ विवाह की कथा आए हुए भक्तों ने सुनी ।

## खबर एक नज़र

### रेलवे स्टेशन का नाम महर्षि वेदव्यास कालपी करने की मांग हुई मुखर




कालपी : पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव को ज्ञापन सौंपतेदेवेंद्र श्रीवास्तव

**कालपी(जालौन)।**अपनी ऐतिहासिकता को संजोयेधर्मानगरी कालपी को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रमुख अधिवक्ता देवेंद्र श्रीवास्तव के द्वारा पहलझं तेज कर दी गई है। उन्होंने नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष अरविंद यादव को ज्ञापन सौंपते हुए मांग उठाई है कि रेलवे स्टेशन का नाम महर्षि वेदव्यास कालपी को कराने के लिये नगर पालिका परिषद के बोर्ड से प्रस्ताव पारित कराया जाये।

नगर पालिका कार्यालय में देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट ने पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव को ज्ञापन सौंपते हुए अवगत कराया है कि पावन भूमि नगर कालपी महर्षि वेदव्यास जन्म स्थान तीर्थ क्षेत्र कालपी भारतवर्ष के साथ-साथ वैश्विक स्तर से घोषित हो। उन्होंने कहा के नगरीय निकाय कालपी के अध्यक्ष होने के नाते पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव नगर पालिका परिषद की आगामी मीटिंग में रेलवे स्टेशन का नाम महर्षि वेदव्यास कालपी कराने हेतु प्रस्ताव को पारित कराकर रेल मंत्रालय के लिए भेजें। इससे धर्म नगरी कालपी का महत्व बढ़ जायेगा। समाजसेवी डेविल श्रीवास्तव ने बताया कि देश एवं दुनिया में कालपी नगरी को पहचानने के लिए मैं पूरी सदस्य कार्य करूंगा। उन्होंने बताया जितने भी सामाजिक संगठन कालपी में है उनके माध्यम से प्रस्ताव पारित कर करके रेल मंत्रालय को भेजने का दायित्व में निभाऊंगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं जनता से भी सहयोग करने की अपील की है।

### पाडोरी में51 कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ का हुआ शुभारंभ'



कोंच : श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ में मौजूदग्रामीणजन ।

कोंच(जालौन)।श्री श्री 108 संत श्री सरमनदास त्यागी महाराज के आश्रम, ग्राम पाडोरी में 51 कुंडीय श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है यह महायज्ञ 4 मई 2025 से प्रारंभ होकर 12 मई 2025 तक चलेगा आयोजित कार्यक्रम मेंकथा प्रवक्ता बुंदेलखंड पीठाधीश्वर महंत श्री सीताराम दास जी महाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता निर्मोही अखाड़ा गोवर्धन यज्ञाचार्य पंडित सोमदत्त शुक्ल वृंदावन धाम रामकथा वाचक श्री श्री 108 महंत रणछोड़दास जी महाराज लाल कोठी गोला घाट अयोध्या धाम यज्ञ पारीक्षित कुशल पाल सिंह पाडोरीभागवत पारीक्षित शैलेंद्र प्रताप सिंह पूर्व प्रधान पाडोरी इस पावन आयोजन के व्यवस्थापक गोविंद सिंह नारसिंह महाराज बब्बू राजा (कारस देव मंदिर) हरगोविंद बाबा एवं नाटी महाराज हैं कार्यक्रमआयोजक श्री सरमनदास त्यागी महाराज ने बताया कि यह महायज्ञ उनके गुरु बलराम दास त्यागी जी के आशीर्वाद से संपन्न हो रहा है उन्होंने सभी भक्तों ग्रामवासियों क्षेत्रवासियों तथा अन्य जिलों से आए श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया इस अवसर पर शर्मन दास जी महाराज कुशल पाल सिंह राजपाल सिंह, शैलेंद्र प्रताप सिंह, अनंत पाल सिंह, नारायण दास, गोविंद सिंह, बाबू इंद्रभान सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, कुलदीप सिंह, कान्हा, वैभव प्रताप, भगवान सिंह, मुलायम, निरंजन, रणवीर, राजीव, महेंद्र पाल सिंह, शिवपाल सिंह, यश प्रताप सिंह, प्रभु दयाल, धीरेंद्र सिंह, शिवराज सिंह कुशवाहा सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सिक्योरिटी गार्ड की सड़क दुर्घटना में मौत

जालौन। मोहल्ला चौधरयाना निवासी सिक्योरिटी गार्ड की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। घटना 30 अप्रैल की रात करीब 8 बजे की है। जब उरई रोड सात मील के पास आरसीसी डेवलपर्स कंपनी में ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड को एक ट्रक ने टक्कर मार दी थी।

मृतक दिनेश द्विवेदी के बेटे राहुल द्विवेदी ने पुलिस को बताया उनके पिता को सोना सिक्योरिटी सर्विस कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते थे। कोतवाली क्षेत्र के सातमील के पास आरसीसी डेवलपर्स कंपनी का काम चल रहा है। जिसमें सिक्योरिटी गार्ड कंपनी द्वारा उनके पिता की ड्यूटी सातमील के पास लगा दी गई। बीती 30 अप्रैल को रात करीब आठ बजे कंपनी में कार्यरत विनय पाठक उनके घर आए और बताया कि पिता का एक्सीडेंट हो गया है। जिसमें कंपनी के ट्रक ने पिता को टक्कर मार दी है। जिन्हें मेडीकल कॉलेज उरई भेजा गया है। सूचना मिलने पर वह तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचे। जहां पिता ने बताया कि वह प्रतिदिन की भांति ड्यूटी कर रहे थे। तभी कंपी के ट्रक ने डन्हें टक्कर मार दी। ट्रक चालक शराब के नशे में था और उसकी लापरवाही से ही यह हादसा हुआ है।इलाज के दौरान उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान एक मई को उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के बेटे ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, पुलिस ने आरोपी ट्रक व उसके चालक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बच्ची समेत छत से नीचे गिरी घायल मां की इलाज के दौरान मृत्यु

**जालौन।** डेढ़ वर्षीय बच्ची को लेकर छत पर खड़ी महिला अचानक संतुलन बिगड़ जाने से बच्ची समेत छत से नीचे जा गिरी। घायल मां की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पश्चिम बंगाल के जिला हुबली निवासी हासिम नगर में सोने चांदी की सफाई का काम करते थे। नगर के मोहल्ला नारोभास्कर में किराए के मकान में पत्नी शेख अरबिया (31) व डेढ़ वर्षीय बेटी एलविट एवं पत्नी का भाई हुसैन साथ में रहते थे। शनिवार की शाम करीब सात बजे पति व भाई काम पर गए थे। घर पर शेख अरबिया अपनी बेटी के साथ थी। गर्मी के मौसम में शाम की ठंडक लेने के लिए मां अपनी बेटी को लेकर घर की छत पर चढ़ गई। छत पर चढ़ने के बाद वह मोबाइल पर किसी से बात करने लगी। बात करते हुए वह छत पर बनी बाउंड्रीवाल पार पहुंच गई और बांउड्रीबाल के बाहर कुछ देखने लगी। इसी दौरान गोद में बच्ची का संतुलन बिगड़ गए और बच्ची बाहर की ओर झुक गई। बच्ची को बचाने के चक्कर में मां भी अपना संतुलन खो बैठी और मां, बेटी समेत छत से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मोहल्ले के लोगों ने इसकी सूचना पति को दी। तत्काल पति व भाई दोनों को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उरई में इलाज के दौरान शेख अरबिया की मौत हो गई। जबकि डेढ़ वर्षीय अरबिया को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। उधर, सूचना पर मौके पर पहुंचे एसआई रमेशचंद्र ने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## कालपी क्षेत्र के विकास तथा जनता की सेवा के लिये सदैव तत्पर रहूंगा-विनोद



कालपी : संत पथिक जी आश्रम मेंविधायक कोसम्मानित करते समिति के सदस्य ।

**0 बड़ी परियोजनाओं को एक तहत विकास कराने पर विधायक का हुआ सम्मान**

**कालपी (जालौन)** ।रविवार को यमुना नदी के तट में स्थित संत पथिक जी आश्रम में विख्यात कथा वाचक रामश्याम महाराज की मौजूदगी में क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी का समिति के सदस्यों, बुद्धिजीवियों, उधमियों, व्यापारियों तथा गणमान्य नागरिकों के द्वारा जोरदार तरीके से फूल मालाओं के साथ सम्मान किया गया। तथा विधायक के द्वारा तीन साल के दौरान कराये गये विकास कार्यों की जमकर तारीफकी गई।

स्थानीय नगर के मोहल्ला तरी बुला स्थित पथिक जी आश्रम के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में इलाकाई विधायक विनोद चतुर्वेदी ने गुरू कुल में पढ़ रहें बच्चों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ नांगा सन्त व सन्त पथिक जी महाराज की पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में विधायक विनोद चतुर्वेदी का अतुल गुप्ता सिंटू, हाथ कागज निर्माता समिति के अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, कृष्ण कुमार,विनीत गुप्ता,सन्दीप गुप्ता,नरेन्द्र तिवारी,राजेश गुप्ता,राजेन्द्र गुप्ता, अतुल गुप्ता,गगन गुप्ता,अभिषेक गुप्ता,विनीत गुप्ता ने माल्यार्पण कर सम्मान किया। अपने सम्बोधन में विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि कालपी की जनता के द्वारा जो सहयोग प्रदान किया गया है उसका ऋण कभी नही उतार पायेंगे जब तक जीवन है कालपी की सेवा करता रहूंगा।आपने विधायक बनाया इस लिये मैं कुछ दे सकता हूं। न बनाया होता तो क्या दे पाता। विधायक ने कहा कि समस्या के लिये आधी रात को भी आपकी सेवा के लिये तैयार है।हाथ कागज संघ के अध्यक्ष नरेन्द्र तिवारी ने कहाकि कागज उधमियों को अब राहत मिली है जब सीवर ट्रीटमेंट प्लांट की मंजूरी सरकार से मिली है। विधायक जी के प्रयास की सराहना करता हूं। मनोज चतुर्वेदी,रमेश मिश्रा,श्याम किशोर गुप्ता,दीपेन्द्र गुप्ता,सुबोध द्विवेदी,अरविन्द सोनी,ऋषि पुरवार, हर्षित खन्ना,सचिन त्रिपाठी,वैभव विश्नोई,अतुल गुप्ता,अरविन्द शर्मा,रामदत्त मोनस,रामजी गुप्ता,पिंकू शर्मा,तरण गुप्ता,राजू गुप्ता,उमाशंकर गुप्ता,शिव कुमार गुप्ता,रविन्द्र सिंह,राम कुमार ओमरे,राम सुन्दर तिवारी,रविन्द्र श्रीवास्तव एड0, कौशलेंद्र सिंह एड0,उज्ज्वल गुप्ता,अनूप पाण्डेय आदि लोगो ने सहभागिता की।

## चार अलग अलग ग्रामों में आग लगने की घटनाओं से मची खलबली




कालपी : आग बुझाने में शामिल दमकल कर्मचारी ।

**कालपी(जालौन)।** प्रशासन तथा अग्निशमन विभाग के द्वारा जनता को जागरूक करने के वावजूद आग लगने की घटनाओं में कमी नहीं हो पा रही है। दो दिन में कालपी तहसील के अलग-अलग 4 जगह आग लगने की घटना हो गयी। फलस्वरूप नागरिकों में खलबली मच गयी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को चुरखी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टड़वा में स्थित नीम के पेड़ में आग लग गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची आग्नि शमन विभाग की टीम ने आग की घटना पर काबू पाया। इसी क्रम में अग्निशमन केंद्र कालपी के प्रभारी विनोद कुमार नायक ने बताया कि इसके पहले ग्राम आटा गांव में स्थित सार्वजनिक घूरे आग लगने की घटना हुई थी।जो बुझा लिया गया है।कदौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हरचंदपुर में अरहर की फसल तथा हार्वेस्टर से कटे गेहूं के खेतों में आग लगने की घटना हो गई।

इसी प्रकार उसरगांव में रेलवे लाइन के किनारे खेत में आग लगने की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मचारियों के द्वारा बुझाया गया।अग्निशमन केंद्र कालपी के प्रभारी विनोद कुमार नायक के नेतृत्व में आग बुझाने में प्रदीप कुमार, मानवेंद्र सिंह, शिवकुमार मिश्र, सर्वेश कुमार, अनिल कुमार गोविंद सिंह आदि फायरमैनो के अलावा होमगार्ड जवान शामिल रहे। स्मरण हो कि आग की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन तथा अग्निशमन विभाग के द्वारा जनता को जागरूक किया जा रहा है इसके बावजूद भी अग्नि की कमी नहीं आ पा रही है।

## नाले पर हो रहे अतिक्रमण को हटाए जाने के लिए एस डी एम को दिया पत्र



कोंच : ज्योति सिंह को एक शिकायती पत्र सौंपते ग्रामीण ।

**कोंच (जालौन)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम सदूपुरा निवासी ग्रामवासियों ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए बताया कि ग्राम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे नाले पर बर्तमान प्रधान द्वारा अवैध कब्जा कर आर आर सी सी की दीवार नाले में बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा है एवं चित्तरपुरा माइनर की मिट्टी का खनन कर नाला में भरवाई जा रही है मना करने पर उक्त प्रधान ग्रामवासियों को धमकी दी है कि तुम लोगों।को जहां शिकायत करना है कर दो मैं नाले पर अवैध कब्जा करूंगा ग्रामवासियों ने लेखपाल रमेश कुमार पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि लेखपाल द्वारा प्रधान से मिलकर नाले की गलत पैमाइश की है बल्कि नाले के उस पार मनोज पटेल पुत्र भगवान सिंह का खेत मौके पर खतौनी में दर्ज रकवे से कम है खेत व नाले की सही पैमाइश नहीं की है ऐसी स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा मौका मुआयना कर सही पैमाइश की जाए और उक्त नाले पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को नहीं हटाया गया और पानी की निकासी नहीं होने पर हमारे खेतों की फसलें बर्बाद हो जायेगीं ग्रामवासियों ने एस डी एम से मौके पर हो रहे नाले के अतिक्रमण हटाकर पैमाइश किये जाने की मांग की है इस अवसर पर मनोज कुमार गजेंद्र सिंह गौरव कुमार सौरभ श्रीगोविन्द कौशल किशोर धीरज कुमार राजीब कुमार राम कुमार आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

## मंदिर से अज्ञात चोरों ने किया घंटा चोरी

ललितपुर। थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम लखनपुरा निवासी प्रकाश पुत्र चन्नू रजक ने थाना जखौरा पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि गांव में उसके ही घर के पास ब्रह्मदेव एवं काली का माता का मंदिर बना हुआ है, जहां श्रद्धालु दर्शनों के लिए आते हैं और शंकर झालर घंटा बजाकर भगवान की आराधना करते हैं, लेकिन इस मंदिर में टंगे हुए भारी भरकम घंटे पर अज्ञात चोरों की नियत खराब हो गई और उन्होंने वहां टंगे घंटे को चोरी कर लिया, इस घटना की जानकारी दूसरे दिन उस समय हुई, जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, तो वहां से घंटा नदारद था, मंदिर में चोरी की घटना की जानकारी होने पर श्रद्धालुओं में आक्रोश पनप रहा है। थाना जखौरा पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर ग्रामीण द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ303(2) धारा में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

### ग्यारह मई को मनाया जायेगा मदर्स डे

**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति की बैठक समिति अध्यक्ष श्रीमती गुलाबबाई सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें ग्यारह मई को मदर्स डे मनाये जाने की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति की सचिव श्रीमति गीता सेन ने कहा कि मदर्स डे एक ऐसा उत्सव है, जिसमें माताओं और माताओं के प्रति उनके प्यार और योगदान के लिये सम्मान व्यक्त किया जाता है। भारत और अमेरिका सहित कई देशों में मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला यह दिन बच्चों के लिये उपहार, फूल और गुणवत्तापूर्ण समय के माध्यम से आभार व्यक्त करने का दिन है। माँ को भगवान से कम नहीं माना गया व प्रत्येक वर्ष मई में आने वाले दूसरे रविवार को मदर्स डे यानी मातृ दिवस के रूप में मनाया जाता है। बैठक की अध्यक्षता कर रहीं बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती गुलाबबाई सेन ने कहा कि महिलाओं में जागरूकता के उद्धेश्य से माँ के महत्व पर प्रकाश डालकर जानकारी देकर उनके जीवन को बेहतर बनाया जाये, जिससे आने वाले समय में संस्कारवान पीढ़ी में नये आदर्श स्थापित हो सके।

## पुलिस ने गिरफ्तार किये दो वांछित अभियुक्त



**ललितपुर।** अपराध और अपराधियों पर लगाम लगाए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के दिशा निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार एवं क्षेत्राधिकारी महरौनी रक्षपाल के निकट पर्यवेक्षण मे अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महरौनी पुलिस द्वारा धारा 303(2)/317(2) में प्रकाश में आये 2 वाछिंत अभियुक्तगण गोलू लोधी पुत्र करन सिंह 29 वर्ष निवासी मुड़ारी थाना बन्डा एवं आमिर खान पुत्र हबीब खान 30 वर्ष निवासी गनेशगंज शाहपुर थाना सानोदा जिला सागर मध्य प्रदेश को मुर्गा मन्डी बाईपास ललितपुर-बानपुर रोड कस्बा महरौनी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जें से चोरी किया हुआ एक मोबाइल इनफिनिक्स व वादी का आधार कार्ड बरामद हुआ। अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र, उप निरीक्षक गुलाम फरीद, कॉस्टेबिल सूरज सिंह और राहुल चौधरी शामिल रहे।

## बसपा के जिला स्तरीय कैडर कैंप ने दिया संगठन को 2027 के लिए मजबूत करने का मंत्र



उरई : कैडर कैंप को संबोधित करतेबुंदेलखंड प्रभारी शमसुद्दीन राईन ।

**■ सामाजिक न्याय के प्रति संकल्प संकल्प बद्ध है बसपा की विचारधारा -शमसुद्दीन राईन**

**■ बुंदेलखंड प्रभारी रहे मुख्य अतिथि, सेक्टर अध्यक्षों को दी गई संगठनात्मक दिशा**

उरई,(जालौन)। बहुजन समाज पार्टी द्वारा रविवार को शहर के एक गेस्ट हाउस में जिला स्तरीय कैडर कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप दो विधानसभा क्षेत्रों उरई और माधौगढ़ को केंद्र में रखते हुए आयोजित किया गया। कैंप का उद्देश्य संगठन को आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए तैयार करना और नए-पुराने कार्यकर्ताओं को संगठित करना रहा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बुंदेलखंड प्रभारी शमसुद्दीन राईन रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में रविकांत मौर्य, अतर सिंह पाल और अमित वर्मा मौजूद रहे। कैडर कैंप की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ब्रजेश जाटव ने की। मंच संचालन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उदयवीर सिंह दोहरे द्वारा किया गया।कैंप में उरई व माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर अध्यक्षों एवं महासचिवों को संगठन की विचारधारा, अनुशासन व आगामी रणनीतियों के बारे में विस्तार से बताया गया। पूर्व बसपा सरकार की नीतियों और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि संगठन बूथ स्तर तक मजबूत किया जा रहा है।इस अवसर पर जगजीवन अहिरवार, पूर्व जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र चौधरी,पूर्व जिलाध्यक्ष संजय गौतम,जिला प्रभारी शैलेन्द्र शिरोमणि, उदय विलैया, उरई विधानसभा प्रभारी मानवेन्द्र पटेल, डॉ. देवेंद्र अहिरवार, माधौगढ़ विधानसभा प्रभारी कन्हैया लाल कुशवाहा, रामसनेही जाटव, उरई विधानसभा अध्यक्ष बबलू चौधरी, माधौगढ़ विधानसभा अध्यक्ष सरदार सिंह, जिला सचिव भगवती शरण पंचाल, जिला पंचायत सदस्य मनोज ज्ञागिक (गढ़र), रफीउद्दीन पन्नू, अल्ताफ राजा,जितेन्द्र दयालु,जितेंद्र दोहरे, आनंद परिहार, महेश कुशवाहा,महेंद्र सोमई, कीरत दोहरे, पूर्व जिला प्रभारीराजेश जाटव, एड. शैलेन्द्र गौतम, विनय गौतम, मनोज दिवाकर, राजेश तिवारी श्भुआश, निर्मल जाटव, गोलू जाटव, हरिदास पाल सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कलारी बंद करवाने के लिए महिलाओं ने शराब की दुकान बंद कर किया प्रदर्शन




**ललितपुर।** तहसील पाली क्षेत्रांतर्गत ग्राम कालोथरा की महिलाओं ने गांव में संचालित होने वाली शराब की दुकान पर ताला डाल दिया और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान महिलाओं ने धरना प्रदर्शन करते हुए कलारी बंद करवाने के लिए नारेबाजी की और धरने पर बैठ गई। महिलाओं का आरोप है कि गांव में शराब की कलारी संचालित होने से उनके परिवार के लोग शराब पीने के आदी हो गए हैं और घर की महिलाओं के साथ मारपीट भी करते हैं, इतना ही नहीं शराबियों के आतंक से गांव की महिलाएं भी काफी परेशान हैं, इस दौरान उन्होंने अपने गांव में संचालित कलारी पर बिक रही शराब को तत्काल प्रभाव से बंद करने की मांग उठाई। इस मामले में कलोथरा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मानसिंह पटेल का कहना हैं की महिलाओं को गांव में मैन रोड पर शराब की दुकान होने से गांव की महिलाओं को निकलने में परेसानियो का सामना करना पड़ रहा है जिससे गांव की महिलाए प्रदर्शन कर रही है देसी शराब की दुकान को गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर होना चाहिए। महिलाओं ने यह भी आवाहन किया कि यदि शासन प्रशासन उनके गांव में संचालित शराब की दुकान को बंद नहीं करवाता, तो वह स्वयं शराब की दुकान बंद करवाने के लिए मजबूर होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया छत्रसाल महाराज का जन्मोत्सव

**क्षत्रिय महासभा ने बैठक कर अर्पित की पुष्पांजलि**



**ललितपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक कार्यालय पर सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में सर्व प्रथम महाराजा छत्रसाल जू देव की फॅटो के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए गए, इसके बाद बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार ने कहा कि बुन्देलखण्ड केसरी महाराज छत्रसाल जू देव का जन्म 4 मई 1649 को टीकमगढ़ जिले के कछार कचनाई में बुन्देला राजपूत परिवार के चंपतराय एवम सारन्धा के घर में जन्म हुआ था, जो ओरछा के राजा रुद्रप्रताप सिंह जू देव के बंशज थे। जिला महामंत्री भगवत सिंह बैस तेरा ने कहा कि महाराजा छत्रसाल जू देव का जन्मदिन एवं महाराणा प्रताप जी का जन्मदिन हिंदी मास के अनुसार जेष्ठ मास की तृतीया को एक साथ मनाया जाता है। भूपेंद्र सिंह तोमर बॉबी राजा ने कहा कि उनके बारे में एक दोहा प्रचलित है-छत्ता तेरे राज में,धक धक धरती होय, जित जित घोड़ा मुख करे, उत उत फत्ते होय, जिस तरफ छत्रसाल महाराज का घोड़ा निकल जाता था, उस ओर दुश्मन कांपने लगते थे। महिपाल सिंह परिहार ने कहा कि महाराज छत्रसाल अद्वितीय साहस एवं पराक्रमी थे। जयहिंद सिंह परमार ने कहा कि छत्रसाल महाराज का बुन्देलखण्ड समेत पूरे भारत मे गौरव गाथा फैली हुई है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह परमार, छत्रपाल सिंह परमार, भगवत सिंह बैस, जयहिंदर सिंह, धर्मेन्द्र सिंह परमार, भूपेंद्र सिंह तोमर, बॉबी राजा, महिपाल सिंह परिहार, ध्रुव राजा सिसोदिया, युवराज सिंह सिकरवार, शिवा राजा, डग्गी राजा बुन्देला, बृजेन्द्र सिंह सोलंकी, बीरपाल सिंह बुन्देला, राजाभैया परिहार, शिवपाल सिंह चौहान, अखण्ड प्रताप सिंह, हरेन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन बॉबी राजा पटसेमरा ने किया। अंत मे जिला महामंत्री भगवत सिंह बैस तेरा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# घायलों का अस्पताल पहुंचाने में करें मदद

- दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला
- एएसपी ने पीड़ित परिवारों को समय से मदद दिलाए जाने पर दिया जोर



बांदा : बैठक लेते अपर पुलिस अधीक्षक ।

**बांदा।** दुर्घटना के शिकार व्यक्तियों को समय से अस्पताल पहुंचाकर इंसानियत का फर्ज निभाएं। इसके अलावा मोटर अधिनियम के तहत जितने भी मामले है, उनका शीघ्रता से निस्तारण कराएं। ताकि पीड़ित परिवारों को राहत मिल सके। उपरोक्त निर्देश आयोजित कार्यशाला के दौरान एडीशनल एसपी ने दिए।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में रविवार को नवीन सभागार पुलिस लाइन में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले घायलों को अस्पताल पहुंचाने, सड़क दुर्घटना संबंधी अभियोगों की विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा न्यायालय और मोटरवाहन दावा प्राधिकरण में समय से रिपोर्ट प्रेषित करने के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में क्षेत्राधिकारी यातायात, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, यात्री कर अधिकारी, जनपद न्यायालय में स्थित मोटरवाहन दावा प्राधिकरण के शासकीय अधिवक्ता, विभिन्न बीमा कम्पनियों के स्थानीय अधिवक्ता सभी थानों के सड़क दुर्घटना के अभियोगों के विवेचक तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर मौजूद रहे। कार्यशाला में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा सड़क दुर्घटना में घायलों को डायल यूपी-112, एम्बुलेंस सेवा-108 के माध्यम से शीघ्र अस्पताल पहुंचाने तथा गोल्डेन ऑवर के समय प्रभावी चिकित्सा सुविधा प्रदान करने पर जोर दिया गया जिससे हानि को न्यूनतम किया जा सके। सड़क दुर्घटनाओं की सूचना देने वालो को प्रोत्साहित करने तथा ÷गुड समेरिटन सर्टिफिक्रेट÷ देकर पुरस्कृत करने तथा विवेचनाओं के दौरान ऐसे जिम्मेदार एवं सामाजिक व्यक्तियों को विवेचक द्वारा परेशान न करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होने कहा कि दुर्घटना स्थल पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का वीडियो आईआरएडी पोर्टल पर शत-प्रतिशत अपलोड करना सुनिश्चित करें साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की एफ्आईआर आईआरएडी के माध्यम से दर्ज किए जाएं। कार्यशाला में उपस्थित एनआईसी के नोडल अधिकारी विकास द्वारा सभी विवेचकों से अनुरोध किया गया कि कहीं भी सड़क दुर्घटना होती है तो मौके पर जाकर आईआरएडी पोर्टल में तुरन्त सूचना अवश्य दर्ज की जाय। कार्यशाला में बताया गया कि आईआरएडी में सूचना भरते ही परिवहन विभाग के आरआई द्वारा मौके पर जाकर दुर्घटनाग्रस्त वाहनों का तकनीकि मुआयना कर सूचना ऑनलाइन भर दी जाती है। कार्यशाला में सभी विवेचकों को जानकारी दी गई कि सड़क दुर्घटना से सम्बन्धित एफ्आईआर दर्ज होने पर एफ्आईआर की एक प्रति पीड़ित को एक प्रति न्यायालय भेजी जाए, एफ्आईआर दर्ज होने के 48 घण्टे के भीतर प्रथम दुर्घटना रिपोर्ट दावा प्राधिकरण को सीधे भेजी जाएगी और एक कॉपी बीमा कम्पनी के नोडल अधिकारी को मेल के माध्यम से दी जाएगी। ऐसे मामलें जिनमें दुर्घटना करने वाले वाहन का पता नहीं चलता है और विवेचक द्वारा अभियोगों की विवेचना जरिये अन्तिम रिपोर्ट समाप्त की जाती है ऐसे हिट एण्ड रन के मामलों में पीड़ितो को मुआवजा देने के लिए अन्तिम रिपोर्ट की प्रति के साथ डीएआर रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की जाएगी और वादी को भी अवगत कराया जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा ऐसे मामलों में निर्धारित प्रक्रिया के तहत मृतकों को 02 लाख रुपए तथा गम्भीर रुप से घायलों को 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता दिए जाने के संबंध में अग्रिम निर्णय लिया जाता है।

## जरूरतमंदों को वितरित की गई सामग्री

**बांदा।** समाजसेवियों के द्वारा जरूरतमंदों को कपड़ों सहित तमाम जरूरतमंद सामग्री वितरित की गई। सामग्री मिलने पर महिलाओं तथा बच्चों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख सादी जमा और रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्र मौली भारद्वाज, मनु बंसल के संरक्षण में रोटी बैंक सोसाइटी के उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता में रोटी बैंक सोसाइटी के सदस्य महेन्द्र पाल के नेतृत्व में ग्राम प्रधान राधे पाल ग्राम गोविन्दपुर ब्लॉक महुआ तहसील नरैनी की उपस्थिति में कपड़े, किताबें, जूते चप्पल, पर्स आदि का वितरण जरूरतमंदों ग्रामीणों को किया गया। साथ ही ग्रामीणों को नशामुक्ति, जल संरक्षण तथा उनके कानूनी अधिकार के प्रति रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के उपाध्यक्ष मुईनुद्दीन फारूकी और सचिव मोहम्मद इदरीश के द्वारा जागरूक किया गया। उक्त कपड़े, किताबें, जूते चप्पल आदि पाकर ग्राम वासियों में अपार खुशी दिखाई दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष रिजवान अली, मोहम्मद शमीम कार्यालय प्रभारी, अलीम अहमद खान शाखा प्रमुख मर्दन नाका, अलीमुद्दीन आदि पदाधिकारी, सदस्य एवं समाजसेवी मौजूद रहे।

## सीएम योगी को मानिकपुर ब्लाक प्रमुख ने बताई पाठा की समस्याएं



**चित्रकूट ब्यूरो:** मानिकपुर ब्लाक प्रमुख अरविन्द मिश्रा ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी को क्षेत्र की समस्याओं के सम्बन्ध में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री से हुई मुलाकात में मानिकपुर ब्लॉक प्रमुख अरविन्द मिश्रा ने चित्रकूट में एक मेडिकल कॉलिज खोलने, देवांगना एयरपोर्ट घाटी से मारकुंडी तक डबल लेन का निर्माण कराने, चमरौहा नदी पर सेतु निर्माण कराने, बरदहा नदी को ओहन बाध से जोड़ने, मां मंदाकिनी में सीवर लाइन का कार्य कराने, चित्रकूट में रामायण म्यूजियम बनवाने तथा राम वन पथ के समानांतर चित्रकूट से अयोध्या तक रेलवे लाइन का निर्माण कराने की मांग की। इसके साथ ही ब्लाक प्रमुख ने मानिकपुर के पाठा में होने वाली पानी की किल्लत को समाप्त करने के लिए नमामि गंगे योजना के माध्यम से पेयजल परियोजना का कार्य करने वाली कंपनी को जल्द से जल्द कार्य पूरा कराने का अनुरोध किया। इसके अलावा मानिकपुर ब्लाक प्रमुख ने जनपद के विकास को लेकर मुख्यमंत्री से गहन चर्चा की। जिस पर मुख्यमंत्री ने ब्लाक प्रमुख को भरोसा दिया कि चित्रकूट की समस्याओं का निदान करना उनकी पहली प्राथमिकता में है। इस दौरान मानिकपुर ब्लाक प्रमुख ने समाजसेवी रमाकांत मिश्रा के साथ मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह् भी भेंट किया।

## खबर एक नज़र

### बाल मित्रों को बैठक कर दी अधिकारों की जानकारी




चित्रकूट ब्यूरोः जनपद के सभी विकासखण्डों के ग्रामों में गठित बाल मित्र पंचायतों के साथ खण्ड विकास अधिकारियों ने चौपाल लगाकर कर बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें बच्चों के संरक्षण के लिए हर मुमकिन प्रयास करने के गुण बताए गए।

खण्ड विकास अधिकारी मऊ ओपी यादव की अध्यक्षता में आयोजित चौपाल में बाल मित्र पंचायत सुरौधा की अध्यक्ष बालिका साधना देवी, उपाध्याय रंजीत कुमार, शिक्षा मंत्री अनुराग सेन, सुरक्षा मंत्री गौतमबुद्ध, खेलकूद मंत्री हर्ष नारायण, स्वास्थ्य स्वच्छता मंत्री लवकुश, संचार मंत्री रामदीप, योजना मंत्री पार्वती को अपने मंत्रिमंडल की बैठक प्रत्येक माह आयोजित कर मुद्दे और समस्याओं को प्रस्तावित कर अवगत कराने तथा पढ़ाने व गांव की सफाई व्यवस्था देखने की जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही बच्चों को सरकरी योजनाओं, सरकारी आवश्यक टोल-फ्री नम्बरों के प्रचार-प्रसार के लिए भी जागरूक किया गया। इस मौके पर गांव ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हनुमान, सचिव विश्व प्रकाश मिश्र, प्रधानाध्यापक जूनियर रामकिशोर यादव, प्रधानाध्यापक प्रावि रविकांत, एएनएम, आंगनबाड़ी, आशा और बच्चे मौजूद रहे।

बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह ने बताया कि खण्ड विकास अधिकारी कर्वी की अध्यक्षता में बाल हितैषी पंचायत लोढ़वारा, खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी की अध्यक्षता में बाल हितैषी ग्राम पंचायत चकौंध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व खण्ड विकास अधिकारी रामनगर की अध्यक्षता में बाल हितैषी ग्राम पंचायत पियरियामाफी तथा खण्ड विकास अधिकारी मानिकपुर की अध्यक्षता में बाल हितैषी ग्राम पंचायत मदना में चौपालों का आयोजन कर सभी बाल अधिकारों जैसे जीवन जीने का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार, भागीदारी का अधिकार आदि के प्रति बच्चों को जागरूक किया गया।

### सभी ब्लाकों में खुलेंगे कॉग्रेस के कार्यालय



**चित्रकूट ब्यूरो:** जिला कॉग्रेस समिति की मासिक बैठक रविवार को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एडवोकेट की अध्यक्षता में कॉग्रेस कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की गई।

बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सभी ब्लाकों में जल्द से जल्द कार्यालय खोले जाने की बात कही गई। साथ ही प्रत्येक महीने की तीन तारीख को जिला कॉग्रेस समिति की मासिक बैठक आयोजित किए जाने की बात कही गई। इस दौरान जिले के सभी कौंग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मासिक बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए कहा गया। इस मौके पर पीसीसी सदस्य रंजना बराती लाल पांडेय, पीसीसी सदस्य सत्यनारायण कोल, जिला महासचिव विजयमणि त्रिपाठी, कॉग्रेस नेता शिवशंकर खंगार, योगेंद्र कुमार रैकवार, शुभम सिंह पटेल, रामरूप सिंह पटेल, जगजाहिर सिंह पटेल, अगनू प्रसाद, महेंद्र सिंह पटेल, गोरेलाल, रामबदन प्रजापति, कुलदीप द्विवेदी, प्रशांत कुमार आदि जन मौजूद रहे।

### अर्द्धरात्रि को घर में घुसकर चोरों ने लाखों का माल उड़ाया



**मऊ, चित्रकूट:** अज्ञात चोरों ने सूने घर में हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बरिया गांव के निवासी अखिलेश कुमार के घर में बीती रात अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिया। अखिलेश ने बताया कि रात्रि में उनके घर में कोई नहीं था, वह लोग बाहर गए थे। इस दौरान चोरों ने सोने-चांदी के जेवर और कीमती बर्तन की चोरी की घटना को अंजाम दे दिया। रविवार को वह अपने दूसरे घर से घटना स्थल वाले घर की सफाई करने पहुंचे, तो देखा कि ताला टूटा हुआ पड़ा है। अंदर जाने पर पता चला कि सारा सामान घर से चोरी हो चुका है। जिसमें पीतल के सात थाल, छह परात, नौ हंडा, आठ घड़े, चांदी के दो सिक्के व उनकी पत्नी के सोने के कान के टाप्स, झुमके, तीन अंगूठियां, चांदी के पायल, करधनी, गैस सिलेंडर, आठ कुर्सिया व छह हजार रुपये चोरी हो गए। उन्होंने घटना की जानकारी मऊ थाने में दी है।

## ट्रक की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

**कुरारा,हमीरपुर।** कुरारा क्षेत्र के रिठारी गांव निवासी गुलाब सिंह कुशवाहा उम्र 26 वर्ष पुत्र राजा सिंह व हेमंत उर्फलल्ला उम्र 25 वर्ष पुत्र राधे मोहन शादी समारोह में खाना बनाने के लिए शनिवार को बेरी गांव गए थे। रात में खाना बनाने के लिए वहीं रुके थे। आज शाम चार बजे दोनो लोग अपनी बाइक से बेरी से वापस गांव की तरफ आ रहे थे देवी गंज गांव के आगे राजा का पुरवा के आगे मोड़ पर कुरारा से बेरी जा रहे ट्रक चालक ने सामने से टक्कर मार दिया तथा गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर थाना पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा दोनो को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। जहां चिकित्सक ने गुलाब को देखते ही मृत घोषित कर दिया तथा दूसरे घायल हेमंत को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

## गैंगरेप करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया अरेस्ट

- नाबालिग के साथ आरोपियों ने किया था सामूहिक दुष्कर्म
- एसपी ने मुकदमा दर्ज करने के साथ दिए थे गिरफ्तारी के निर्देश



बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़े गए अभियुक्त ।

**बांदा।** नाबालिग को अपनी हवश का शिकार बनाने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना नरैनी पुलिस द्वारा नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है। सीओ नरैनी अंबुजा त्रिवेदी ने बताया कि विगत 2 मई को थाना नरैनी क्षेत्र के रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा थाना नरैनी पर सूचना दी कि उनकी नाबालिग लड़की के साथ ग्राम मोतियारी के रहने वाले 02 व्यक्तियों द्वारा 27 अप्रैल को सामूहिक दुष्कर्म किया गया। सूचना पर तत्काल थाना नरैनी पर नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें गठित की गई। इसी क्रम में थाना नरैनी पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तों को थाना नरैनी क्षेत्र के ग्राम मोतियारी मोड़ अतर्रा रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना नाम सोनू पुत्र लक्ष्मी निवासी मोतियारी, थाना नरैनी, तथा विमल पुत्र चुन्ना निवासी मोतियारी, थाना नरैनी बताया। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। सीओ अंबुजा त्रिवेदी ने यह भी बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भाग खड़े हुए थे। जिनकी सरगरमी से तलाश की गई। तलाश के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में निरीक्षक अपराध रामकिशोर सिंह, आरक्षी सतीश यादव, ऋषभ शामिल रहे।

## सामान मिलने पर महिला हुई गदगद

- स्टेशन से गायब हो गया था जेवरात से भरा बैग
- गुमशुदगी दर्ज करने के बाद पुलिस ने की तलाश



**बांदा।** सफर के दौरान महिला स्टेशन में जेवरात से भरा बैग भूल गई। शिकायत मिलने पर तत्काल जीआरपी पुलिस ने सुरागरसी करते हुए बैग को बरामद करते हुए पीड़िता के सुपुर्द किया। बैग मिलने पर महिला की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

आवेदिका रजनी गुप्ता पुत्री रामदास निवासिनी न्यू पंचवटी कालोनी थाना सिहानी गेट गजियाबाद जिला गाजियाबाद के द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र के आधार पर गुमशुदगी दर्ज की गयी जिसमें आवेदिका ने बताया कि एक छोटा लेडीज पर्स जिसमें 04 सोने के कंगन, एक जोड़ी कान के टप्स, 2200 रूपये नगद एवं एक एटीएम कार्ड व आधार कार्ड रखा हुआ था। प्लेटफार्म नं0-1 रेलवे स्टेशन बांदा में कही खो गया है, वह बांदा से अतर्रा जाने के लिये प्लेटफार्म नं0-1 पर आयी हुई थी तथा पानी लेने गयी हुई थी वापस आने पर नही मिला। पीड़िता ने तुरन्त थाने पर आकर सूचना दी जिस पर प्रभारी निरीक्षक नवेन्दु शेखर अग्निहोत्री द्वारा थाने पर मौजूद एवं प्लेटफार्म ड्यूटी में लगे हुये पुलिस फोर्स को ब्रीफकिया गया और आवेदिका को साथ में लेकर लेडीज पर्स ढूंढा गया। जिस पर कुछ ही देर बाद लेडीज पर्स मिल गया। आवेदिका को सोने के जेवरात सहित अन्य सामान सुरक्षित वापस किया गया है। आवेदिका द्वारा जीआरपी बांदा की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी है।

## भुजाओं की शक्ति बढ़ाना है, तो करें भुजबंध शक्ति विकासक योग- योगाचार्य



चित्रकूट ब्यूरोः जिला मुख्यालय के कुबेर गंज निवासी योगाचार्य रमेश सिंह राजपूत ने कंधों व भुजाओं को निरोगी और मजबूत बनाने वाले भुजबंध शक्ति विकासक क्रिया का अभ्यास कराते हुए बताया कि यह एक शक्तिशाली योग क्रिया है, जो शारीरिक व मानसिक दोनों तरह के लाभ प्रदान करता है । बताया कि इस योग क्रिया को नियमित करने से अनेक लाभ प्राप्त होते हैं। इस क्रिया को वार्मअप के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। भुजाओं, कंधों, छाती और पीठ के ऊपरी भाग में होने वाले दर्द को मिटाकर उनकी मांसपेशियों को पुष्ट और मजबूत बनाने के लिए यह सर्वोत्तम व्यायाम है। खासकर सैनिकों और आरक्षियों के लिए यह योग विशेष उपयोगी है। बताया कि यह योग रक्त संचार बेहतर करता है, जिससे ऊर्जावान बनाकर तनाव, चिंता और अवसाद को कम करता है। मानसिक स्पष्टता और भावनात्मक स्थिरता बढ़ती है। शरीर को अधिक ऑक्सीजन और पोषक तत्व मिलते हैं। यह योग जोड़ों को लचीला और बाहों की गतिशीलता बढ़ाता है। फेफ्ड़ों की कार्य क्षमता और प्राणिक स्तर बढ़ाता है। कंधों और भुजाओं के तनाव और जकड़न में राहत देता है। मस्तिष्क में शांति और नसों को आराम पहुंचाता है। शरीर की सूजन और दिल को स्वस्थ रखता है। योगाचार्य ने बताया कि यह क्रिया बहुत ही आसान, सहज सरल, नाजुक और जोखिम मुक्त है। बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह बहुत ही उपयोगी है। इसे करने के लिए आसन मैट या दरी पर साम्यावस्था में अर्थात एडी पंजा मिलाकर दोनों हाथ बाजू में करके सीधे खड़े होते हैं। दोनों हाथ के अंगूठे छुपा कर मुट्ठी बंद करते हैं। कर पृष्ठ सामने और मुड़ी हुई उंगलियां पीछे की ओर रखते हैं। श्वास भरते हुए दोनों हाथ सामने की ओर फैलाते हुए दोनों हाथों के मध्य सीने की चौड़ाई के बराबर दूरी रखते हैं, दोनों हाथों को तेजी से श्वास छोड़ते हुए कोहनी से मोड़ते हुए भुजा और कोहनी सीने के पार्श्व भाग से स्पर्श करते हुए भुजा और कलाई समकोण पर लाते हैं तथा यह क्रिया 10 बार दोहराते हैं।

## तमंचे के साथ पकड़ा गया लुटेरा



बांदा : पुलिस हिरासत में पकड़ा गया लुटेरा ।

- लिफ्ट देने के बहाने तमंचे की नोक पर लुटेरे ने की थी लूटपाट
- लुटेरे के कब्जे से लूट की नगदी व तमंचा भी हुआ बरामद

**बांदा।** विगत दिनों मटौंध थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई तमंचे की नोक पर लूट की घटना का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने शातिर लुटेरे को पकड़ा है। जिसके कब्जे से लूट की नगदी व घटना में प्रयुक्त तमंचा व बाइक भी बरामद हुई है।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मटौंध पुलिस द्वारा थाना मटौंध क्षेत्र में लूट व टप्पेबाजी के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी पलाश बंसल ने बताया कि विगत 26 अप्रैल को महोबा के रहने वाले रामबलि पाल को मटौंध बस स्टैंड के पास एक मोटर साइकिल सवार ने नमस्कार करते हुए अपनी पहचान से भ्रमित कर अपनी मोटर साइकिल पर बैठा लिया, कुछ दूर चलने के उपरांत अभियुक्त ने व्यक्ति से किसी काम के लिए कुछ पैसे मांगे। जब व्यक्ति ने उसे पैसे देने के लिए जेब से पैसे निकाले तो अभियुक्त ने तमंचा दिखाकर 47000 रुपये लूट कर वहां से भाग गया। इस संबंध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में अभियुक्त को मटौंध पुलिस द्वारा मौदहा रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त को कब्जे से घटना में लूटे गये 47000 रुपए, घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम संजय कुमार साहू पुत्र प्रेमनारायण साहू निवासी ग्राम लामा थाना कोतवाली देहात हाल पता बंगालीपुरा थाना कोतवाली नगर बताया। बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने अभियुक्त को जेल भेज दिया है। एसपी पलाश बंसल ने यह भी बताया कि लुटेरा शातिर किस्म का अपराधी है। कई वारदातों को वह अंजाम दे चुका है। लेकिन पहली बार पकड़ में आया है। उन्होंने कहा कि मामले की गहराई से जांच कराई जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष सन्दीप कुमार सिंह, उपनिरीक्षक सन्तोष कुमार सरोज, आरक्षी पुष्पेन्द्र कुमार, महेन्द्र प्रताप सिंह शामिल रहे।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना सुमेरपुर का किया अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

**हमीरपुर।** आज अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता ने थाना सुमेरपुर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशानिर्देश दिये। निरीक्षण के तहत एएसपी ने सर्वप्रथम गार्द सलामी लेकर थाना कार्यालय, लॉकअप, अपराध रजिस्टर, महिला हेल्पडेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, विवेचना कक्ष, ई-मालखाना, मैस सहित थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों को गहनता से चेक करते हुये समय से अद्यावधिक किये जाने हेतु निर्देशित किया। इसके बाद थाना परिसर की साफ सफाई को देखकर संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्ष तथा अन्य पुलिस कर्मियों को थाने में आने वाली जनताध्पीड़ितों से सम्मानजनक व्यवहार करने व जनता की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। ग्राम प्रहरीध्चौकीदार से वार्ता कर थाना क्षेत्र के बारे में जानकारी लेकर उन्हें सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। कहा कि क्षेत्रों में संदिग्ध लोगो पर निगाह रखते हुये भूमि विवाद व रंजिश के मामलो में उन लोगों पर नजर रखें जिससे कोई वारदात होने से पहले पुलिस को सूचना मिल सके। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी सदर राजेश कमल, थानाध्यक्ष अनूप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## महाराजा छत्रसाल की जयंती पर वर्णिता ने दी श्रद्धांजलि



**भरुआ सुमेरपुर।** देश के लिए देशभक्तों की भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में सुमेरपुर विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत एक बेजोड़ बुन्देला शासक महाराजा छत्रसाल की जयंती पर श्रद्धांजलि देते हुए संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने कहा कि छत्रसाल सही अर्थों में संघर्षी अवधारणा के अग्रदूत थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। पुरोधत्व के कारण ही छत्रसाल बुन्देलखण्ड केसरी कहलाये। इन्होंने 1731 तक अपने जीवन के करीब आठ दशकों में हमेशा देश के लिए मुगल शासकों से युद्ध किया। औरंगजेब को पराजित किया, बुन्देलखण्ड में स्वतंत्र राज्य की स्थापना की। इनके राजनीतिक गुरु शिवाजी थे। इन्हें महाराजा की पदवी भी मिली। छत्रसाल ने बाजीराव प्रथम के साथ मिलकर बंगस को भी पराजित किया। इनके राज्य की राजधानी पन्ना थी। इनका जीवन काल 4 मई 1649 से लेकर 20 दिसम्बर 1731 तक रहा। इस कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, आयुष शिवहरे, सन्तोष, महावीर, प्रिन्स, आशुतोष, विकास, रिचा, रामनरायन, मनबोधन, अजय, दस्सी आदि ने मौजूद रहकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

## ग्राम समूह पेयजल योजना के अर्जुन बांध में निर्मित इन्टेकवेल का डीएम ने किया निरीक्षण



**महोबा।** नवागंतुक जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सलइया.नथुपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के अर्जुन बांध में निर्मित इन्टेकवेल का निरीक्षण किया गयाए जिसमें इन्टेकवेल में 2 नग पम्प क्रियाशील पाये गये। उन्होंने इन्टेकेवल में कार्यरत स्टाफ के बारे में जानकारी लेते हुये विद्युत आपूर्ति न होने की दशा में जनरेटर द्वारा पम्पों को क्रियाशील रखने के निर्देश दिये एवं मौके पर उपस्थित कार्यदायी संस्था मैसर्स जेण्एमण्सीण् जेण्डब्ल्यूण्आईण्एलण् ;जेवीण्द्ध के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि ग्रीष्म ऋतु में ग्रामवासियों को पेयजल समस्या का सामना न करना पड़े। इसके पश्चात् उन्होने गोरखा ग्राम में स्थित 25 एमण्एलण्डीण् डब्ल्यूण्टीण्पीण् का निरीक्षण कियाए जिसमें उन्होंने डब्ल्यूण्टीण्पीण् के सभी यूनिटों जैसे कॉशकेड एरियेटरए फ्लैश मिक्चरए क्लेरीफ्लोक्यूलेटरए फिल्टरबेडए एमण्सीण् डब्ल्यूण्आरण् एवं पम्प हाउस का निरीक्षण किया। सभी घटक क्रियाशील एवं व्यवस्थित पाये गये। इसके बाद उन्होने जल परीक्षण लैब में जाकर परीक्षण उपकरण एवं जल परीक्षण प्रक्रिया की जानकारी ली। इसके पश्चात उन्होने स्काडा रूम जाकर स्काडा के द्वारा सम्पूर्ण योजना के अवयवों को नियंत्रित करने के बारे में गहन जानकारी ली। जिलाधिकारी द्वारा स्काडा का भली प्रकार से कान्फीग्रेशन एवं इन्ट्रीग्रेशन न होने पर असंतोष व्यक्त किया एवं मैसर्स जेण्एमण्सीण् जेण् डब्ल्यूण् आईण्एलण् ;जेवीण्द्ध के प्रोजेक्ट मैनेजर को तुरन्त कान्फीग्रेशन कराने हेतु निर्देशित किया। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा ग्राम छेदीमऊ में जाकर ग्रामीणों से जलापूर्ति के बारे में जानकारी ली। ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि ग्राम में नियमित रूप से जलापूर्ति हो रही हैं तथा सड़क मरम्मत का भी कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोईनुल इस्लामए उप जिलाधिकारी चरखारी डॉ प्रदीप कुमारए अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण सन्देश सिंह तोमरए टीण्पीण् आईण् सेन्सिस एवं सम्बंधित फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर तथा विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बाइक सवार खाई में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया**

छिबरामऊकन्नौज निवासी धनसिंहपुर बिशनगढ़ से बाइक लेकर देर शाम खाने पीने का सामान लेने जा रहा था तभी धीरपुर मोड पर बाइक की अचानक लाइट बंद हो गई लाइट बंद हो जाने से बाइक आमंत्रित होकर खाई में गिर गई जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया खेत में गेहूं की कटाई हो रही थी लेबर के लिए विष्णुगढ़ बाजार गए हुए थे रानू पुत्र पूरन सिंह 17 वर्ष अपनी बाइक से खेत में लेबर काम कर रही थी उसी के लिए खाने पीने का सामान बिशुनगढ़ लेने के लिए रास्ते में गाड़ी की लाइट बंद हो जाने के कारण आमंत्रित होकर खाई में गिर गई जिससे रानू गंभीर रूप से घायल हो गए

# भरथना स्टेशन पर डीएमटी ट्रेन की बोगी में लगी आग

**.रेल कर्मचारियों ने मिट्टी और पानी से पाया काबूए कोई नुकसान नहीं**

**इटावा।** भरथना रेलवे स्टेशन पर उस वक्त अफरा.तफरी मच गईए जब स्टेशन से कुछ दूरी पर खड़ी डिपार्टमेंटल मैटेरियल ट्रेन की खुली बोगी में पड़े कचरे में अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। हादसा रात करीब 10ण्30 बजे हुआए ट्रेन स्टेशन से करीब पांच सौ मीटर दूर प्लेटफार्म संख्या 4 की अप लूप लाइन पर खड़ी थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डीएमटी ट्रेन की खुली बोगी में सूखी घास.फूस व कचरा जमा थाए जिसमें अचानक आग भड़क उठी। आग की ऊंची लपटें देखकर यात्रियों में हड़कंप मच गया। एक यात्री ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दियाए जिससे मामला तेजी से फैल गया। सूचना मिलते ही जीआरपीए आरपीएफ और रेलवे कर्मियों की टीम मौके पर पहुंच गई। कर्मचारियों ने मिट्टी और पानी की मदद से आग पर काबू पा लिया। गनीमत रही कि आग समय रहते बुझा दी गई और कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय रेल प्रशासन के मुताबिकए यह डीएमटी रैक एनआईटी में खड़ी थी जोकि कानपुर से चलकर पहुंची थी। यह ट्रेन रेलवे कार्यों में प्रयोग होने वाली सामग्री जैसे स्लीपरए पटरियाँ और अन्य उपकरणों को ढोने के लिए उपयोग की जाती है। फिलहाल आग लगने से कोई नुकसान नहीं हुआ।

**दिल्ली.हावड़ा रूट पर ट्रेनों की स्पीड बढ़ेगी**

**इटावा।** दिल्ली.हावड़ा रेलखंड पर ट्रेनों की रफ्तार अब 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंचने वाली है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत रेलवे ट्रैक और विद्युत प्रणाली को उच्च गति के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। ट्रेनों को निर्बाध और स्थिर विद्युत आपूर्ति देने के लिए ओवरहेड इलेक्ट्रिक सिस्टम को मजबूत किया जा रहा हैए जिसके तहत रेल मार्ग पर जगह.जगह सब सेक्शनिंग एंड पैनल ;एसएसपीद्ध बूस्टर ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे हैं।

शनिवार को रेलवे बोर्ड के सदस्य एवं एडिशनल मेंबर ट्रैक्शन विजय प्रताप सिंह ने इटावा जंक्शन पहुंचकर कार्य प्रगति की समीक्षा की। विशेष ट्रेन से दोपहर 12ण15 बजे जंक्शन पहुंचे सिंह ने एसएसपी निर्माण स्थल का निरीक्षण किया और परियोजना में लगे अभियंताओं को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इटावा जंक्शन के पूर्वी दिशा में फर्रुखाबाद फाटक के समीप फ्लाईओवर के नीचे यह नया एसएसपी स्थापित किया जा रहा है। वर्तमान में रामनगर रेलवे क्रॉसिंग पर पहले से संचालित हैए लेकिन नया ट्रांसफार्मर हाई और लो वोल्टेज की स्थिति में सप्लाई को संतुलित रखने में ज्यादा सक्षम होगा।

# आग से किसान की 6 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद ;अमृतपुरद्ध।** जिले के अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम आसमपुर में शनिवार शाम गांव निवासी रामखिलाड़ी पुत्र बालकराम के खेत में अचानक आग लग गई। यह हादसा शाम करीब 7 बजे का है जब रामखिलाड़ी के खेत में ढेर के रूप में रखे गेहूं में अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि किसानों और ग्रामीणों द्वारा बचाव के प्रयासों के बावजूद कुछ ही देर में पूरी फसल राख में तब्दील हो गई।

बताया जा रहा है कि रामखिलाड़ी की कुल 6 बीघा गेहूं की तैयार फसल इस हादसे की भेंट चढ़ गईए जिसकी अनुमानित कीमत ?60000 आंकी जा रही है।किसान की मेहनत का यह नुकसान देखकर पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।घटना की जानकारी मिलते ही राजस्व निरीक्षक विवेक पांडेय तुरंत मौके पर पहुंचे और आग से हुए नुकसान का आंकलन किया

राजस्व निरीक्षक ने पीड़ित किसान को हर संभव सहायता देने का भरोसा दिलाया और आश्वस्त किया कि शासन द्वारा मिलने वाली सहायता में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।राजस्व निरीक्षक विवेक पांडेय ने मीडिया से बातचीत में कहा प्रशासन की ओर से पीड़ित किसान को यथासंभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।नुकसान का सर्वे कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी ताकि जल्द से जल्द सहायता राशि स्वीकृत हो सके।ष्विवेक पांडेय की सक्रियता और संवेदनशीलता को देखते हुए ग्रामीणों ने उनकी खुलकर प्रशंसा की।

## खबर एक नज़र

### खेत की फसल को बर्बाद कर रहे प्रार्थी के मना करने पर मिली जान से मारने की धमकी

छिबरामऊ कन्नौज निखिल दिवाकर पुत्र अवनीश दिवाकर ग्राम असलत नगर ने लिखित प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया की 35 2025 को सुबह 10रू30 बजे अपने खेत पर गए थे वहां पर देखा मोहल्ले के ही आर्यन मुशर्रफ हरि सूरज करिया अज्ञात साथ लोगों ने खेत में खीरे की फसल को बर्बाद कर रहे थे तभी प्रार्थी ने मना किया तो प्रार्थी को गंदी गंदी गलियां देने लगे और प्रार्थी को लात घुसो से एक राय होकर मारने पीटने लगे प्रार्थी जब किसी तरह से जान बचाकर अपने घर आ गया तो पीछे से उक्त लोग भी आ गए और प्रार्थी को गाली गलौज फिर से करने लगे और लात ओशो से मारने पीटने लगे प्रार्थी को प्रार्थी की दादी ने बढ़ाने की कोशिश करी तो दादी को भी उक्त लोगों ने लात घुसे मारकर धक्का दिया जिससे प्रार्थी की दादी गंभीर रूप से घायल हो गई प्रार्थी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है

### कंटेनर ने मारी टक्कर बाइक सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल

छिबरामऊ कन्नौज अपनी बेटी सरस्वती की बेटी का एक्सीडेंट हो गया था उसको देखने के लिए आए हुए थे तब वापस लौटते समय तभी फर्रुखाबाद चौराहे पर तेज रफ्तार में कंटेनर ने टक्कर मार दी जिससे बाइक से बाहर पति वह पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए घटनास्थल से पति का मोबाइल किसी ने चुरा लिया हालत गंभीर होने पर पत्नी को तिर्वा मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया चंद्रकांति पत्नी रघुवर 52 वर्ष रघुवर पुत्र गोपीचंद 55 वर्ष नगला सेट थाना शमशाबाद अनंतपुर थाना कानपुर देहात निवासी अपनी बेटी सरस्वती की एक्सीडेंट हो गया था उसको देखने के लिए माता.पिता आए हुए थे अपनी बेटी के घर से वापस अपने घर लौट रहे थे तभी फर्रुखाबाद चौराहे पर कंटेनर ने टक्कर मार दी जिस पति.पत्नी लंबे रूप से घायल हो गए घायल को ससैया अस्पताल ले जाया गया जिसमें पत्नी की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया

# सुभाष अग्रवाल बने भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला चेयरमैन



**स्वतंत्र भारत संवाददाता**

**फर्रुखाबाद।** भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता एवं महिला जिला अध्यक्ष प्रीति पवन तिवारी ने एक बैठक में अपनी अपनी कार्यकारिणी घोषित कर दी इसके साथ ही नगर फर्रुखाबाद नगर फतेहगढ़ की कार्यकारिणी की घोषित की गई बैठक में वरिष्ठ समाजसेवी व्यापारी सुभाष अग्रवाल को जिला अध्यक्ष बनाया गया है।

बताते चलें कि भारतीय व्यापार मंडल में कार्यकारी जिला अध्यक्ष रहे प्रमोद गुप्ता को भारतीय व्यापार मंडल से अलग होकर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नाम से ज्ञानेश मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष के रूप में व्यापार मंडल का गठन किया है उन्होंने प्रमोद गुप्ता को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया था क्योंकि भारतीय व्यापार मंडल में जिला अध्यक्ष और कार्यकारी जिला अध्यक्ष विवाद इतना गहरा हो गया था जो निपट नहीं पा रहा था। प्रमोद गुप्ता ने उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष बनने के बाद में पहली बैठक कर अपने पदाधिकारी की घोषणा की बनी महिला भारतीय उद्योग व्यापार में व्यापार प्रतिनिधि मंडल महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने भी अपनी कार्यवाही कार्यक्रम घोषित कर दी। नगर अध्यक्ष बनाए गए जितेंद्र अग्रवाल ने भी अपनी कार्यकारिणी घोषणा की है।

# भारत विकास परिषद बजरंग शाखा के पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। भारत विकास परिषद् की नवगठित बजरंग शाखा की कार्यकारणी का प्रथम दायित्व एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

जे एन मेमोरियल स्कूल में समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भारत विकास परिषद क्षेत्र 2 भारत भूषण जुनेजा विशिष्ट अतिथि जिला कमांडेंट होमगार्ड डीएनण्सिंह तथा शपथ अधिकारी के रूप में प्रान्तीय महासचिव भा0वि0प0 पांचाल प्रान्त आलोक रायजादा तथा जिला सम्यन्वयक अजय शंकर तिवारी रहे।

अध्यक्ष अंजुम कुमार दुबे सचिव अवनीन्द्र कुमार कोषाध्यक्ष चमन टंडन महिला सहभागिता श्रीमती बिन्दू दुबे तथा संजय दुबे मनोज रस्तोगी सुभाष गुप्ता उपाध्यक्ष उपासना शर्मा डाण् कविता त्रिपाठी दिनेश गंगवार अंकुर रस्तोगी अथर्व गुप्ता तथा अमित वर्मा द्वारा विभिन्न प्रकोष्ठ के गतिविधि संयोजक के रूप में शपथ लेकर



दायित्व ग्रहण किया गया।

विशिष्ट अतिथि डीएनण्सिंह जिला होमगार्ड कमांडेन्ट ने कहा भारत विकास परिषद् सेवा व संस्कार के कार्य में हमेशा तत्पर रहती हैउन्होंने कहा कि नवगठित शाखा भी सेवा कार्यों में अग्रणी रहेगी। मुख्य अतिथि भारत भूषण जुनेजा ने सभी सदस्यों से कहा कि हमें पाँच सूत्रों सम्पर्क सहयोग संस्कार सेवा समर्पण के सिद्धान्त पर चलना ही हमारा परम कर्तव्य है।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय गतिविधि संयोजिका अनीता पाठक तथा प्रान्तीय सेवा गतिविधि संयोजक संजय गुप्ता तथा विवेकानन्द शाखा से बृजेश गंगवार के एस कुशवाहा प्रफुल्ल गर्ग महीयसी शाखा से पंकज सक्सेना साथ ही बजरंग शाखा के सदस्य प्रवीन कटियार डाण् आशीष महरोत्रा डाण् रितेश राठौर डाण् पुष्पेन्द्र बुन्देला ब्रजकिशोर सिंह किशार वृजेन्द्र अग्निहोत्री मनीष दीक्षित मनीष शुक्ला विजय गुप्ता विजय यादव रमेश गुप्ता विशाल वर्मा राजन दुबे आशीष वर्मा बरखा सक्सेना शिल्पी सीमा सक्सेना प्रीती रायजादा बृजकिशोर दुबे अनीता संक्सेना आदि मौजूद रही।

कार्यक्रम का संचालन दिनेश गंगवार तथा अवनीन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का समापन पहलगाम नरसंहार के दिवंगतों की आत्मा की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजली दी गयी

**कांग्रेस ने शोक व्यक्त किया**

**इटावा।** जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल थाना ऊसराहार ब्लॉक ताखा ग्राम स्थित कदमपुर निवासी सन्तोष तिवारी की पुत्री प्रभा तिवारी के आत्महत्या के बाद मृतका के पिता से मुलाकात करने पर संतोष तिवारी ने बताया कि ग्राम के कुछ नौजवान हमारी बेटी को आए दिन परेशान करते थे जिसकी शिकायत थानाध्यक्ष ऊसराहार को कई बार की गई परन्तु पुलिस की गैरजमदराना रवैया रहा कोई रिपोर्ट नहीं लिखाई गई पुलिस आरोपित लोगों पर कोई कोई कानूनी कार्यवाही नहीं कर रही थी इस वजह से मेरी बेटी ने आत्महत्या कर ली। जिलाध्यक्ष ने मृतका के पिता की प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी से बात कराई प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस उन के साथ खड़ी है हर संघर्ष मैं उन के साथ है जिलाध्यक्ष ने मीडिया को बताया कि हम सरकार से पीड़ित परिवार की सुरक्षा एवं तत्कालीन थानाध्यक्ष पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबेए प्रशांत तिवारीए अंबुज त्रिपाठी व ऋषभ राजपूत रहे।

# दबंग मनोज यादव ने 15 मिनट में खून खराबे की धमकी दे अवैध खनन कर बालू की ट्रालियां ले गया



स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। अवैध बालू खनन को लेकर आसमपुर बालीपट्टी गंगा की कटरी में दबंग मनोज यादव ने पुलिस की मौजूदगी में बालू के पट्टा धारक के साथ जमकर गाली.गलौज की और धमकी दी की 15 मिनट में यहां खून खराबा हो जाएगा और बालू लदी ट्रॉलियां अपने साथ ले गया

अमृतपुर थाने की पुलिस मनोज यादव की खुशामद करती रही और वह लगातार गाली देता रहा और उसके साथ के लोग असला लहराते रहे

दबंग किस्म का मनोज यादव शमशाबाद थाने के मुरैठी गांव का रहने वाला है इससे पहले उसने अमृतपुर क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी को शमशाबाद में बड़ी बेरहमी से सारे बाजार दौड़ा.दौड़ा कर पीटा था।

उसे समय तत्कालीन एसपी अशोक कुमार मीणा ने तत्काल एक्शन लेते हुए जेल भिजवाया था और उसके अवैध शराब और खनन के कामों को बंद करा दिया था आसमपुर में बालू खनन का ठेका कुइयां बूट के अनंत राम शाक्य के नाम है मनोज यादव जबरदस्ती यह खनन का काम कर रहा है हालांकि अमृतपुर थाने की पुलिस भी इससे मिली हुई है और यहां तक की तहसील प्रशासन की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता झगड़े की सूचना पर खनन स्थल पर पहुंची पुलिस दबंग मनोज यादव के आगे नतमस्तक थी और वह लगातार आक्रामकता के साथ गाली गलौज कर रहा था

यह हाल तब है जब उत्तर प्रदेश में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्य करने की निर्देश दिए गए हैं लेकिन यहां पुलिस और राजस्व पूरा तंत्र ही इस दबंग के आगे घुटने टेक चुका है तहसील प्रशासन की ओर से बताया गया की मनोज यादव ने सिविल कोर्ट से बालू खनन का 75 फ़ीसदी हिस्सा ले लिया है लेकिन बालू खनन का पट्टा अनंतराम शाक्य के नाम है और उसे सिकमी के रूप में किसी अन्य को नहीं दिया जा सकता है

# आरपीएफ ने प्लेटफार्म पर बाइक को सीज किया

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद।फर्रुखाबाद जंक्शन रेलवे प्लेटफार्म पर फर्राटा भर कर चल रही बाइक सवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया एवं उसकी बाइक को सीज कर दिया है

आरपीएफइंस्पेक्टर ओमप्रकाश मीणा जब सुबह 9रू30 बजे प्लेटफार्म नंबर एक पर थे तभी एक बाइक पर दो सवार लोग प्लेटफार्म से बाइक को निकाल रहे थे इंस्पेक्टर ने उन्हें पकड़ा और सिपाहियों को सौंप दिया पकड़े गए युवक ने बताया वह विकलांग युवक को छोड़ने आया था लेकिन वह विकलांग युवक को दिखा नहीं पाया

आरपीएफइंस्पेक्टर ओमप्रकाश मीणा ने बताया रेलवे प्लेटफार्म पर भाई के अलावा और लोगो की भी बाइके दौड़ रही हैं जिसमें रेलवे के कर्मचारी भी शामिल हैं उनको जल्द से जल्द नोटिस दिया जाएगा और अगर नहीं मानते हैं तो उनकी बाइक सीज कर दी जाएगी

उन्होंने बताया आज प्लेटफार्म नंबर एक पर बाइक चला रहा युवक थाना शमशाबाद के गांव कदमपुर निवासी मुकेश कुमार को रेलवे एक्ट की धारा में गिरफ्तार किया गया है और उसकी बाइक को सीज कर दिया गया है गिरफ्तार युवक को थाने से जमानत भी मिल गई उसकी बाइक को कोर्ट से रिलीज कराया जाएगा


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड-हमीरपुर

पत्रांकः– /ल0सिं0/लेखा/निविदा/2025–26 दिनांकः–

**अल्पकालीन ई–टेन्डरिंग सूचना सं0– 04/अधि0अभि0/2025–26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से अटल भूजल योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु निम्नलिखित कार्यो के लिये ऑन लाईन प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस–बिड/फाइनेन्शियल बिड शासनादेश संख्या 1600/62– 2–2018–2/4(49)/2006 दिनांक 26.08.2019 में दिये गये प्राविधान के अनुसार सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत/सूचीबद्ध ठेकेदारों अथवा लघु सिंचाई विभाग के ऐसे ठेकेदारों जिन्हें 02 वर्ष कार्य का अनुभव हो और उनके विरूद्ध कोई जॉच लम्बित न हो। ऐसे फर्म/ठेकेदार जो समस्त अर्हताएं पूर्ण करते हो, से दिनांक 07.05.2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 16.05.2025 तक प्रातः 10.00 बजे तक निम्नानुसार तालाब पुनरोद्धार कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 16.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधियों के समक्ष ऑन लाईन डाउनलोड की जायेगी, एवं प्री–क्वालीफिकेशन बिड में जॉचोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं की प्राइस बिड/फाइनेन्शियल बिड दिनांक 19.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन डाउनलोड की जायेंगी। किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से यदि निविदा खोला जाना सम्भव नही हो पाता है तो तकनीकी खराबी दूर होने या समस्या के समाप्त होने के उपरान्त ही निविदा खोली जायेगी। अवकाश की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

अटल भूजल योजनान्तर्गत तालाब पुनरोद्धार कार्य

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | मात्रा (बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 +स्टेशनरी चार्ज सहित (रू0 में) | सिंचाई विभाग में पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | खेरापति तालाब, बिदोखर पुरई | सुमेरपुर | 21.55 | As per BOQ | 2.16 | 3 माह | 300+54+2000 | बी0 एवं उच्च |
| 2 | गुरखुरा बड़ा तालाब, बौखर | सरीला | 25.51 | As per BOQ | 2.56 | 3 माह | 300+54+2000 | बी0 एवं उच्च |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट सूचना विभाग की वेबसाइट एवं ई–टेण्डर पोर्टल पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी, जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड रहेगी। Technical Evaluation by tender committee will be done online. Financial bid will be opened only for those tenders who will qualify the technical bid. The Financial bid will be opened online at on dated 19-05-2025

उ0प्र0 233333 दिनांक- 02.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड, हमीरपुर



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई प्रखण्ड-महोबा

पत्रांकः– 63/निविदा/लेखा/2025–26 दिनांकः–28.04.2025

**अति अल्पकालीन ई–टेन्डरिंग सूचना सं0– 05/अधि0अभि0/2025–26**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से जिला योजना एनिकट के कार्यो हेतु ऑन लाईन के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस–बिड/फाइनेन्शियल बिड शासनादेश संख्या 1600/62–2–2018–2/4(49)/2006 दिनांक 26.08.2019 में दिये गये प्राविधान के अनुसार सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत/सूचीबद्ध ठेकेदारों या लघु सिचांई विभाग के ऐसे ठेकेदारों जिन्हें 02 वर्ष का अनुभव हो और कोई जॉच लम्बित न हो तथा ऐसे फर्म/ठेकेदार जो समस्त अर्हताएं पूर्ण करते हो, से दिनांक 07.05.2025 को पूर्वान्ह 09:00 बजे से दिनांक 13.05.2025 तक पूर्वान्ह 09:00 बजे तक जिला योजनान्तर्गत एनिकट का निर्माण कार्य के योजनान्तर्गत निम्नलिखित एनिकट कार्य हेतु निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनांक 13.05.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि के समक्ष ऑन लाईन खोली जायेगी, एवं प्री–क्वालीफिकेशन बिड में जॉचोपरान्त उपयुक्त पाये गये निविदादाता के प्राइस बिड/फाइनेन्शियल बिड दिनांक 13.05.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता लघु सिंचाई वृत्त झाँसी के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेंगी। किसी तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण से यदि निविदा खोला जाना सम्भव नही हो पाता है तो तकनीकी खराबी दूर होने या समस्या के समाप्त होने के उपरान्त ही निविदा खोली जायेगी। अवकाश की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। उक्त निविदा बजट की प्रत्याशा में प्रकाशित की जा रही है अनुबन्ध बजट प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा। बजट की उपलब्धता के आधार पर कमांक 01 से जिस कमांक तक बजट उपलब्ध होगा उस कमांक तक कार्यो का अनुबन्ध गठन किया जायेगा। अवशेष कार्यो को स्वतः निरस्त माना जायेगा। निविदा में आवश्यक प्रपत्र के अतिरिक्त प्रपत्र न लगाये इस कार्य में बाधा के रूप में स्वीकार किया जायेगा। और निविदा निरस्त कर दी जायेगी। अतः पूर्ण रूप से सेवा शर्ते पढ़ने के उपरान्त ही निविदा प्रकिया में प्रतिभाग करें उपरोक्त शर्तों के अधीन ही निविदा प्रक्रिया में फर्म प्रतिभाग करें।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का विवरण | विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | मात्रा | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+जी0एस0टी0 +स्टेशनरी चार्ज सहित (रू0 में) | सिंचाई विभाग में पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| एनिकट का निर्माण कार्य | | | | | | | | | |
| 1 | जिला योजना | गुढा प्रथम | चरखारी | 8.29 | बिल आफ क्वांटिटी के अनुसार | 0.829 | 3 माह | 854 | न्यूनतम बी–श्रेणी अथवा उच्च श्रेणी |
| 2 | | गुढा द्वितीय | चरखारी | 8.08 | | 0.808 | 3 माह | 854 | न्यूनतम बी–श्रेणी अथवा उच्च श्रेणी |
| 3 | | गुढा तृतीय | चरखारी | 8.31 | | 0.831 | 3 माह | 854 | न्यूनतम बी–श्रेणी अथवा उच्च श्रेणी |
| 4 | | गोरखा चतुर्थ | चरखारी | 7.40 | | 0.740 | 3 माह | 854 | न्यूनतम बी–श्रेणी अथवा उच्च श्रेणी |
| 5 | | गोरखा प्रथम | चरखारी | 8.23 | | 0.823 | 3 माह | 854 | न्यूनतम बी–श्रेणी अथवा उच्च श्रेणी |
| 6 | | गोरखा द्वितीय | चरखारी | 8.26 | | 0.826 | 3 माह | 854 | न्यूनतम बी–श्रेणी अथवा उच्च श्रेणी |
| 7 | | गोरखा तृतीय | चरखारी | 8.46 | | 0.846 | 3 माह | 854 | न्यूनतम बी–श्रेणी अथवा उच्च श्रेणी |
| 8 | | इमिलियाडांग प्रथम | चरखारी | 8.32 | | 0.832 | 3 माह | 854 | न्यूनतम बी–श्रेणी अथवा उच्च श्रेणी |
| 9 | | इमिलियाडांग द्वितीय | चरखारी | 8.53 | | 0.853 | 3 माह | 854 | न्यूनतम बी–श्रेणी अथवा उच्च श्रेणी |
| 10 | | इमिलियाडांग तृतीय | चरखारी | 8.12 | | 0.812 | 3 माह | 854 | न्यूनतम बी–श्रेणी अथवा उच्च श्रेणी |

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट सूचना विभाग की वेबसाइट एंव ई–टेण्डर पोर्टल पर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्ते निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होगी, जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड रहेगी। Technical Evaluation by tender committee will be done financial bid will be opened only for those tender's who will qualify the technical bid. The Financial bid will be opened online at 13 -05 -2025 on dated 03P.M.

उ0प्र0 233358 दिनांक- 02.05.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रखण्ड–महोबा

# मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में 260 मरीजों का हुआ उपचार

**हलिया (मिर्जापुर)।** उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में कुल 260 मरीजों का चिकित्सक द्वारा उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पर आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला चिकित्सक डॉक्टर विवेक खरे कि देखरेख में 67 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार में चिकित्सक कामेश्वर तिवारी के देखरेख में 46 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ड्रमण्डगंज में डॉक्टर बालकृष्ण मिश्रा के देखरेख में



57 मरीजों का उपचार किया गया। इसी प्रकार नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरौधा में 53 मरीजों का उपचार कर दवा वितरित किया गया है। नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुड़पेली पर 37 मरीजों का उपचार कर दवा वितरण किया गया। नया इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की उच्चीकृत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया सहित नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मतवार, ड्रमण्डगंज, बरौधा मुड़पेली में आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में कुल 260 मरीजों का उपचार कर निः शुल्क दवा वितरित किया गया है। इस दौरान चिकित्सक डॉक्टर निर्मल, फार्मासिस्ट अजय कुशवाहा, मनोज कुमार, सुभाष पटेल किशोर कुमार, राकेश पटेल, अरविन्द कुमार, स्टॉफनर्स माया, ज्ञानेंद्र सिंह चौहान आदि मौजूद रहें।

## ऑटो के धक्के से बालक घायल, रेफर

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पंवारी कला गांव में रविवार कि शाम ऑटो के धक्के से बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जंहा पर चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखकर मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के पंवारी कला गांव निवासी जीतेन्द्र का 12 वर्षीय पुत्र संतोष को ऑटो ने टक्कर मार दिया जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुँचे परिजनों ने बालक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे ने प्राथमिक उपचार के बाद बालक को मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया है। इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया कि ऑटो के धक्के से घायल बालक को परिजनों द्वारा उपचार के लिए लेकर आए थे प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया है।

## नगर पंचायत कचगांव की बोर्ड बैठक हुई सम्पन्न, विकास कार्यों पर हुई चर्चा

**जफराबाद जौनपुर।** नगर पंचायत कचगांव की बोर्ड बैठक शनिवार को चेयरमैन फिरोज अहमद खान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस दौरान




चेयरमैन द्वारा वार्डो में करवाए जा रहे विकास कार्यो पर चर्चा की गई। शनिवार को नगर पंचायत कचगांव कार्यालय में चेयरमैन फिरोज अहमद खान एवं सभासद गण की उपस्थिति में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। इसमे प्रत्येक वार्डो में किये जा रहे कार्यो पर चर्चा की गई। चेयरमैन फिरोज अहमद खान ने कहा कि सभी वार्डो में एक समान रूप से विकास कार्य करवाया जा रहा है। हर वार्ड में स्थानीय लोगों के सुविधाओ के लिए विकास कार्य करवाया जा रहा है। और कार्यो को करवाया जाएगा। चेयरमैन फिरोज अहमद खान एवं ईओ सुश्री आस्था पाठक ने सफाई सुपरवाइजर को वार्डो में साफ-सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के लिए निर्देश दिया। इस दौरान आयोजित बोर्ड बैठक सकुशल सम्पन्न हुई। इस अवसर पर सभासद गण मौजूद रहे।

## मालव पिटोखर गांव का मुख्य सड़क बदहाल चलना हुआ दूभर

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना-करहा मुख्य मार्ग से जुड़ी मालव पिटोखर गांव को जाने वाली मुख्य सड़क लगभग 10 वर्षों से बदहाल पड़ा है। जिस पर लोगों को आने-जाने में काफी समस्या हो रही है। यह सड़क लगभग 3 से 4 गांवों से जुड़ी हुई है। जो इस समय पूरी तरह से जगह-जगह क्षतिग्रस्त व गड्ढों में तब्दील हो चली है । जिसकी पटरिया भी पूरी तरह से गायब हो गई है । इस पर चलना वैतरणी नदी पार करने जैसा है । यह मुख्य सड़क से होकर दर्जनों लोग प्रतिदिन आते जाते हैं । लेकिन मजबूरी में लोग इस क्षतिग्रस्त मार्ग पर आने व जाने को मजबूर है । आज से लगभग 10 वर्ष पूर्व इस सड़क को संबंधित विभाग द्वारा बनाया गया था। लेकिन कुछ वर्षो के बाद ही यह सड़क पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। तभी से यह सड़क आज तक क्षतिग्रस्त हालत में पड़ी हुई है। इस मार्ग पर जगह-जगह बीच-बीच में हर कदम पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। जिस पर बाइक, चार पहिया एवं साइकिल सवार लोग अक्सर गिरकर चोटिल होते रहते हैं । सड़क में बने गड्ढों के कारण कई बार आपस में वाहन टकरा जाते हैं। जिसके कारण लोगों के वाहनों का भारी नुकसान हो जाता है । मुहम्मदाबाद गोहना करहा मुख्य मार्ग के भैसही चट्टी से लगभग 3 किलोमीटर की दूरी है । जिस पर चलना लोगों के लिए किसी कटीले रास्तो पर चलने जैसा लगता है। जिसमे जगह-जगह रोड गड्ढे में तब्दील है। यहां पर आने जाने वाले ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । इस मुख्य मार्ग से जुड़े ग्रामीण चंद्रभान चौहान एवं कपिल देव राजभर आदि ने मांग किया की इस क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत जल्द से जल्द कर दी जाए। ताकि स्कूली बच्चों, स्कूली वाहन एवं बुजुर्गो माता बहनों को आने-जाने में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

## ऐच्छिक ब्यूरो की सुनवाई में 54 मामले पेस,16 का हुआ निस्तारण

**स्वतंत्रभारत मऊ।**पुलिस अधीक्षक कार्यालय के जन सुनवाई केन्द्र पर ऐच्छिक ब्यूरो की बैठक हुई जिसमें 54 मामले पेश हुए तथा 16 का निस्तारण हुआ है। 2 एफआई आर लिखे गए ,3 सुलह हुए तथा 38 में अगली तारीख 18 दी गयी है।12 फाईल बन्द की गयी है। रन्जना व संजय,सुनीता व अनील ,तरन्नुम व रईसुलहसन सुलह करके साथ रहने को राजी हो गए हैं। एक मामला फातमा ,हकीकत पुरा,शौहर अमीर फैसला ,डोमनपूरा का है जिसमें बीबी अलग एक मकान में रहती है तथा शौहर अपने बच्चों के साथ घर पर रहता है।पत्नि अलग रहकर खर्च चाहती है जबके शौहर का कहना है के वो 5 वर्ष तक दुबई कमाई करके सब पैसा भी दे चुका है और अब वो बच्चों की परवरिश करें या खर्च दे।ब्यूरो ने महिला को समझाया के बच्चों और पति के साथ रहो ।वो तैयार नहीं है लेकिन उसे सोचने का समय दिया गया है। बैठक में अर्चना उपाध्याय,सर्वेश दूबे,शाहिद पैरिस,मौलवी अरशद ,एस आई समरजीत यादव ने मामले का निस्तारण किया ।साथ में पूनम पाल,राजलक्ष्मी त्रिपाठी आदि रहे।

## जायसवाल समाज ने की बैठक

**स्वतंत्र भारत मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना नगर पंचायत के मोहल्ला सैदपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में रविवार को जय सवाल समाज के पदाधिकारी की एक बैठक आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए तहसील अध्यक्ष द्वारपाल जाए सवाल ने समाज के लोगों से अपील किया कि हम सब अपने परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा दें समाज में एक जुट होकर कार्य करें छोटे बड़ों को सम्मान दें एवं गरीबों की मदद करते हुए पर्यावरण पर भी विशेष ध्यान दें आपके घर अगर किसी का जन्मदिन अथवा पुण्यतिथि या कोई अन्य कार्यक्रम हो तो उसे पर आप यह विशेष ध्यान दें कि उन्हें पौधे देकर उनका मान बढ़ाएं ताकि यही पौधे बड़े होकर हमें शुद्ध हवा तथा ऑक्सीजन देंगे और समाज में एक अच्छा संदेश जाएगा इसके लिए हम सब एक होकर कंधे से कंधा मिलाकर किसी भी कार्य को करें तभी सफल होंगे इस मौके पर जयसवाल समाज के संरक्षक हरिश्चंद्र जायसवाल प्रेमचंद जायसवाल सुधीर कुमार जवाहर प्रसाद प्रदीप कुमार हरिप्रसाद आकाश जायसवाल अरविंद जायसवाल दरबारी लाल दीनदयाल जायसवाल आदर्श कुमार सौरभ जयसवाल एवं मीडिया प्रभारी राजेश कुमार जायसवाल उपस्थित रहे।

## साहू गुप्ता मित्र मण्डल का हुआ पारिवारिक स्नेह मिलन सम्मान समारोह




**सीखड़ (मिर्जापुर)।** कालूपुर गोरईया सिखड़ में पारिवारिक स्नेह मिलन सम्मान समारोह साहू गुप्ता मित्र मंडल द्वारा आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विधायक गाजीपुर जैकिशन साहू रहे। इस दौरान अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि समाज को संगठित करके आर्थिक राजनीतिक और शैक्षिक दिशा में नया पहल करने जा रहा हूँ।

हमारे समाज के लोग बच्चे जन्म लेते हैं तो पढ़ लिख कर क्या करेंगे। हमारे समाज को जागरूक होना चाहिए जिसमें पढ़ लिखकर आईएएस पीसीएस धार्मिक राजनीतिक में बाढ़-चढ़ आना चाहिए।

हमारे समाज को आगे आना चाहिए। हम संगठित रहेंगे राजनीतिक एवं उनका सहभागी रहेगा तो हमारा समाधान स्वयं निकाल कर आएगा। इस दौरान श्री श्री 108 स्वामी कृपानंद जी महाराज दिव्यांग पीठ के प्रथम पिता ईश्वर मंडलेश्वर महाराज भी रहे। उन्होंने भी समाज को जागरूक रहने को हवन किया। डॉक्टर स्वामी नीरज महाराज भी ज्योतिष आचार्य ने भी समाज को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का हवन किया। इस दौरान उपस्थित ओम प्रकाश गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष पूर्वांचल साहू समाज तेज बहादुर गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता, माया साहू, लल्लन प्रसाद गुप्ता, अभिषेक साहू, हरी लाल साहू, लालजी गुप्ता, संचालन जितेंद्र कुमार गुप्ता ने किया। अलग-अलग जिलों से आए प्राधिकारीगण स्थानीयगण मौजूद रहे।

## प्रतिकर भुगतान के संदर्भ में पड़ी आपत्तियों की हुई सुनवाई



**जौनपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग भदोही जौनपुर- पर स्थित पाली और

### 81आपत्तियों का मौके पर हुआ निस्तारण

अहिरौली ग्राम में रविवार को प्रतिकर भूकतान के संदर्भ में एनएचआई और तहसील के अधिकारियों के उपस्थिति में एडीएम भू राजस्व अजय कुमार अम्बष्ठ ने काश्तकारों के साथ प्रतिकर भुगतान के संदर्भ में एक खुली बैठक की। इस खुली बैठक में दोनों ग्राम पंचायतों से कुल 81 काश्तकारों के प्रतिकर भुगतान के संदर्भ में आपत्ति आई हुई थी, जिस पर एडीएम भू राजस्व द्वारा इन आपत्तियों की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों की मौजूदगी में तथ्यों के आधार पर सुनवाई करते हुए मौके पर ही निस्तारण किया गया।

एडीएम भू राजस्व अजय कुमार अम्बष्ठ ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर आज पाली और अहिरौली गांव में प्रतिकर भूकतान के संदर्भ में सम्बंधित काश्तकारों के साथ खुली बैठक की गई। जिसमें काश्तकारों की सुनवाई करते हुए मौके पर ही आपत्ति का निस्तारण किया गया। जल्द ही जिन- जिन काश्तकारों के आपत्तियों के निस्तारण हो रहा उनका प्रतिकर की राशि सम्बंधित काश्तकारों के खाते में भेज दिया जाएगा। इस दौरान नायब तहसीलदार व एन एच आई के अधिकारी भी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री हस्तशिल्प पेंशन योजना से हस्तशिल्पियों को पेंशन का लाभ

**स्वतंत्र भारत मऊ।** उपायुक्त उद्योग राजेश रोमन ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, कानपुर द्वारा मुख्यमंत्री हस्तशिल्प पेंशन योजना अन्तर्गत हस्तशिल्पियों के जीवन स्तर व उनकी आर्थिक स्थिति में गुणात्मक सुधार लाने तथा पराम्परिक कलाओं को अक्षुण्य बनाये रखने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री हस्तशिल्प पेंशन योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना के अन्तर्गत चयनित हस्तशिल्पी को रू0 500/- प्रतिमाह पेंशन दी जायेगी। योजना की क्रियान्वयन की इकाई जिला उद्योग केन्द्र, मऊ होगा तथा धनराशि कम होने की स्थिति में शारीरिक रूप से अक्षम तथा अधिक आयु के हस्तशिल्पियों को वरीयता प्रदान की जायेगी। हस्तशिल्पियों की न्यूनतम आयु 60 वर्ष या इससे अधिक हो। शारीरिक रूप से विकलांग शिल्पकार होने की स्थिति में न्यूनतम आयु सीमा में पाँच वर्ष की छूट अनुमन्य होगी, जिसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा।

## जातीय जनगणना के निर्णय पर जताया हर्ष

**स्वतंत्र भारत मऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सामान्य जनगणना के साथ जातीय जनगणना कराए जाने के निर्णय के उपलक्ष में आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा मऊ में आजगढ़ मोड़ पर ढोल नगाड़ों के साथ ही आतिशबाजी व मिष्ठान वितरित करने के साथ ही हर्ष व्यक्त किया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष रामाश्रय मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहसिक निर्णय लेते हुए देश की राजनीति में नया इतिहास लिखने का कार्य किया है।

जातिगत जनगणना होने से भारत के अतिपिछड़ों को अपना संवैधानिक अधिकार पाने में सुविधा होगी।पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामप्रवेश राजभर ने मौके पर उपस्थित मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक फैसले का देश तथा प्रदेश का पिछड़ा वर्ग हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता है। प्रधानमंत्री के इस सराहनीय फैसले पर संपूर्ण पिछड़ा समाज ऋणी रहेगा। देश इस बात को जानता है कि अंतिम रूप से जातीय जनगणना देश की आजादी से पहले 1931 में हुई थी। विगत 94 वर्ष के लम्बे अंतराल में अधिकतर कांग्रेस या उनके सहयोगी दल सरकार में रहे लेकिन अफसोस की मोदी के अलावा किसी सरकार ने जातीय जनगणना के बारे में नहीं सोचा। आज उन्हीं कांग्रेस सपा राजद जैसे पार्टियों के नेता जातीय जनगणना का श्रेय लेने की होड़ में आपस में लड़ रहे हैं। अच्छा होगा कि ये लोग अपने ओछी राजनीतिकों किनारे कर पिछड़े समाज से माफी मांगे। आज प्रधानमंत्री के निर्णय से पिछड़े समाज में जश्न का माहौल है।

## पेज 1 का शेष ...

### पहलगाम की पुकार : ----

पहलगाम में धार्मिक पहचान प्रमाणित करते हुए गैर-मुस्लिमों को चिन्हित कर उनका नरसंहार करने के पीछे की सोच और साजिश यही थी कि इस घटना के बाद पूरा भारत सुलग उठेगा और पहले से ही मंदिर-मस्जिद से लेकर वक्फ तक के विवादों की आंच से तप रहे भारतीय समाज में सांप्रदायिक दंगों की आग भड़क उठेगी। लेकिन इसे सौभाग्य कहें या भारतीय बहुसंख्यकों की समझदारी कि पूरा देश इस मसले पर एकजुट हो गया। तमाम आपसी मतभेदों, मनमुटावों और तनातनी को हाशिए पर डालते हुए देश के सभी नौ धर्म, चार वर्ण, सैकड़ों जातियों व हजारों उपजातियों के सभी वर्ग के लोग पहलगाम का सिर्फ प्रतिउत्तर नहीं बल्कि संपूर्ण प्रतिकार के लिए उठ खड़े हुए। देश के इस आक्रोश के साथ खुद को जोड़ते हुए समूचा सियासी तबका भी आतंकवाद का संपूर्ण प्रतिकार करने के लिए एकजुट हो गया और इसकी पुष्टि सर्वदलीय बैठक में भी हो गई। लेकिन अब जबकि पहलगाम का प्रतिशोध लेने की दिशा में ना सिर्फ सरकार बल्कि सेनाएं भी आगे की रणनीति को अंतिम रूप देने में जुटी हुई हैं तब अलग-अलग क्षेत्रों से ऐसी बातें सुनाई पड़ रही हैं जो ना सिर्फ सैन्य बलों और सरकार के मनोबल पर आघात करती हुई दिखाई पड़ रही हैं बल्कि भारत की एकता और एकजुटता पर भी प्रहार कर रही हैं। मसलन किसी को इस पूरे मामले में पाकिस्तान का हाथ होने पर ही शक है तो किसी को इस बात से आपत्ति है कि आतंकियों द्वारा धार्मिक पहचान सुनिश्चित करके नरसंहार किए जाने की सच्चाई को क्यों सार्वजनिक किया गया। कोई इस घटना के लिए भारत में मुसलमानों पर शासन और प्रशासन के लगातार बढ़ते कथित दबाव को जिम्मेदार बताने की कोशिश कर रहा है तो किसी की नजर में यह इतनी बड़ी घटना ही नहीं है जिस पर इतनी सख्त प्रतिक्रिया दी जाए। कोई इसके लिए देश के ही मुसलमानों को जिम्मेदार बताने में जुटा है तो कोई कश्मीरियों को इसका गुनहगार साबित करने की कोशिश कर रहा है। आलम यह है कि पहलगाम प्रकरण सामने आने के शुरूआती दिनों में देश हित को सर्वोपरि बताते हुए आतंकवादियों और उनके आकाओं के समूल नाश के लिए एकजुट दिखाई पड़ रही राजनीतिक बिरादरी अब इस पूरे प्रकरण को सियासी बढ़त का हथियार बनाने के प्रयासों में जुट गई है। सत्ता पक्ष और विरोधी पक्ष के बीच तू-तू-मैं-मैं और पोस्टर वार से लेकर नीति-नीयत को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला आरंभ हो गया है जिसे भारत विरोधी देशों, तत्वों और संस्थानों द्वारा चटखारे लेकर विभिन्न मंचों पर प्रसारित-प्रचारित कर भारत के पक्ष को कमजोर करने की स्वाभाविक कोशिशें हो रही हैं। ऐसे में मुशायरे और कवि सम्मेलन के मंच पर अक्सर दोहरायी जाने वाली पंक्तियां अपने सियासतदानों को एक बार फिर याद दिलाना जरूरी है कि- बुलंदी का नशा सिम्तो का जादू तोड़ देती है, हवा उड़ते हुए पंछी के बाजू तोड़ देती है, सियासी भेड़ियों थोड़ी बहुत गैरत जरूरी है, तवायफ तक किसी मौके पे घुंघरू तोड़ देती है। 'जैसी नज़र वैसा नज़रिया।'

## एसएसपी के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक ने पुलिसकर्मियों के साथ किया परिसर की साफ सफाई

**हलिया (मिर्जापुर)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन बर्मा के निर्देश पर रविवार को प्रभारी निरीक्षक हलिया वीरेंद्र सिंह ने पुलिसकर्मियों के साथ थाना परिसर बैरक कार्यालय आदि में श्रमदान कर वृहद साफ सफाई अभियान चलाकर परिसर बैरक कार्यालय को साफ किया है। सफाई अभियान थाना परिसर कार्यालय बैरक आदि स्थानों पर किया गया है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिसकर्मियों के साथ श्रमदान कर साफसफाई किया गया है जिससे थाना परिसर बैरक कार्यालय आदि साफ व सुन्दर रहे। इस दौरान एसआई उदय शंकर सिंह, परमात्मा यादव, शैलेश सिंह, श्याम लाल, हेड कांस्टेबल इमरान खान, जय प्रकाश यादव, मनोज गौतम, सुनील कुमार, चालक हेड कांस्टेबल खभोरी सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## आभूषण व नगदी चुराने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बरुआ गांव के बाण सागर नहर के पास से पुलिस ने मुखबिर कि सूचना पर चोरी के आरोपित को आभूषण व नगदी रूपये के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह के निर्देश पर एसआई गजाधर प्रसाद मय हमराह हेड कांस्टेबल जयप्रकाश यादव के साथ मुखबिर कि सूचना पर चोरी के आरोपित बरुआ गांव निवासी आजाद कोल को बरुआ गांव बाण सागर नहर के पास से गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी का लाकेट, पायल व बिछिया आधार कार्ड तथा पांच हजार रूपये नगद बरामद करते हुए आजाद कोल को जेल भेज दिया है। बरुआ गांव निवासी महेंद्र प्रसाद अग्रहरी ने थाने में तहरीर देकर गांव निवासी आजाद कोल के विरुद्ध बीते मंगलवार कि रात्रि में चोरी कि घटना को अंजाम देकर आभूषण व नगदी रूपये चुरा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित कि तलाश करने में जुट गई थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी के मामले में आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की जमीन चिन्हित करने के लिए पहुंचे जिलाधिकारी



**रामपुर जौनपुर।** जिले के तेज तर्रार जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र रविवार को रामपुर विकासखंड के पूरेदयाल गांव में पहुंचे। जिलाधिकारी डॉक्टर दिनेश चंद्र ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देश में शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय के निर्माण के लिए पूरेदयाल गांव में जमीन चिन्हित करने के लिए राजस्व टीम के साथ पहुंचे, उनके साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल , मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खड़िया, मड़ियाहु के तेज तर्रार उपजिलाधिकारी कुणाल गौरव सहित राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर यहां मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय बनेगा उसके लिए जमीन चिन्हित करने के लिए राजस्व के टीम सहित सभी लोग उपस्थित हुए है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह विद्यालय जब बनकर तैयार होगा तो काफी सुविधाजनक रहेगा विद्यालय मे बहुत ही अच्छी तरह से पढ़ाई और कैंटीन, खेल कूद का मैदान सहित सभी व्यवस्था रहेगी। आंगनबाड़ी से लेकर कक्षा 12 तक सभी छात्र-छात्राएं पढ़ सकेंगे इसके लिए काफी सुविधाजनक होगा। जिलाधिकारी ने वहां पर सभी ग्रामीणों को मिठाई भी खिलाया सभी जिलाधिकारी द्वारा मिठाई पाकर बहुत ही खुश दिखे और जिलाधिकारी के इस सराहनीय कार्य से लोग प्रशंसा ने कर रहे हैं।

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

## जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण, मऊ द्वारा जनहित में जारी

**स्वतंत्र भारत मऊ।** दामिनी ऐप एक मोबाइल एप्लीकेशन है,जो उपयोगकर्ता को बिजली गिरने के बारे में चेतावनी देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उपयोगकर्ता के स्थान के आधार पर 40 किलोमीटर के दायरे में बिजली गिरने की संभावना का पूर्वानुमान लगाता है। ऐप उपयोगकर्ता को 20-40 किलोमीटर के दायरे में बिजली गिरने की संभावना के बारे में वास्तविक समय में चेतावनी देता है। यह ऐप उपयोगकर्ता के स्थान के आधार पर चेतावनी देता है, जिससे उपयोगकर्ता को अपने आसपास के क्षेत्र में बिजली गिरने की संभावना के बारे में जानकारी मिलती है।ऐप बिजली गिरने के मामले में प्राथमिक चिकित्सा संबंधी जानकारी भी प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ता को बिजली गिरने के बाद आवश्यक कदम उठाने में मदद मिलती है।ऐप बिजली गिरने से बचाव के लिए कुछ उपयोगी जानकारी भी प्रदान करता है, जैसे कि सुरक्षित स्थान पर कैसे जाना है और क्या करना है।ऐप उपयोगकर्ता के स्थान के आसपास के क्षेत्र में मौसम की जानकारी भी प्रदान करता है, जिससे उपयोगकर्ता को मौसम की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती है।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

# हमें सहयोगी चाहिए, उपदेशक नहीं : जयशंकर

**नई दिल्ली।** 'जब हम दुनिया की तरफ देखते हैं, तो हम साझेदार ढूंढते हैं, उपदेश देने वाले नहीं। खासकर वे प्रवचनकर्ता, जो विदेश में जो उपदेश देते हैं, उसे अपने घर में अमल में नहीं लाते।' विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह बात दिल्ली में

## यूरोप से मदद के सवाल पर विदेश मंत्री का तंज

आयोजित आर्कटिक सर्कल इंडिया फोरम 2025 में कही। उनसे समिट के होस्ट समीर सरन ने सवाल किया था कि भारत को यूरोप से क्या उम्मीद होनी चाहिए।

जयशंकर ने कहा- यूरोप में अभी यह समस्या मौजूद है, लेकिन यूरोप उस दौर में पहुंच चुका है, जब



वास्तविकताओं के साथ उसकी परीक्षा होगी। वे इस पर कितना खरे उतरते हैं, यह देखना बाकी है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पश्चिमी देशों ने भारत के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। हालांकि, इन देशों ने पाकिस्तान के साथ बातचीत के जरिए इस समस्या का हल निकालने की बात कही है। 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले में पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 26 लोगों की हत्या की थी। इस हमले का मास्टरमाइंड आतंकियों में पाक सुरक्षाबलों में रह चुका कमांडर मूसा है। भारत सरकार ने कार्रवाई करने के लिए सेनाओं की खुली छूट दी है।

जयशंकर फरवरी में जर्मनी के दौरे पर गए थे। यहां उन्होंने म्यूनिख में आयोजित सिक्योरिटी कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया था। इस दौरान उन्होंने लोकतंत्र पर पश्चिमी देशों के दोहरा रवैये पर सवाल उठाया था। जयशंकर ने कहा था कि पश्चिमी देश लोकतंत्र को अपने यहां की व्यवस्था मानते हैं और ग्लोबल साउथ के देशों में गैर-लोकतांत्रिक ताकतों को बढ़ावा देते हैं।

# अब 'स्टारबेस' नाम से जाना जाएगा दक्षिण टेक्सास शहर

**मैकलेन।** अमेरिकी राज्य टेक्सास के दक्षिणी टेक्सास शहर को अब स्टारबेस के नाम से जाना जाएगा। नए शहर को लेकर हुए मतदान के दौरान मतदाताओं ने अपनी मुहर लगाकर इसे मंजूरी दी। दक्षिणी टेक्सास का नाम बदले जाने को एलन मस्क की बड़ी जीत माना जा रहा है। दक्षिणी टेक्सास में स्टारबेस एलन मस्क की स्पेसएक्स रॉकेट कंपनी का प्रक्षेपण स्थल है। रक्षा विभाग और नासा के साथ अनुबंध के तहत यहां से अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जाता है। एलन मस्क ने 2021 में स्टारबेस शहर बनाने का प्रस्ताव पेश किया था। इसे लेकर शनिवार को मतदान हुआ। इसमें मतदाताओं ने स्टारबेस शहर बनाने की मंजूरी दी।

# युद्ध छिड़े तो चार दिनों में घुटनों पर होगा पाक

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की सेना इन दिनों एक गंभीर गोला-बारूद संकट से जूझ रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सेना के पास सिर्फ 96 घंटे तक युद्ध लड़ने के लिए जरूरी गोला-बारूद बचा है। इसका मतलब है कि अगर कोई भी उच्च तीव्रता वाला युद्ध शुरू हो जाए, तो पाकिस्तान की सेना ज्यादा देर तक टिक नहीं पाएगी। इस संकट की एक बड़ी वजह पाकिस्तान द्वारा हाल ही में यूक्रेन को भेजा गया हथियारों का जखीरा है। खास तौर पर 155 मिमी आर्टिलरी शेल्स की भारी मात्रा में आपूर्ति से पाकिस्तान के पास अपने भंडार खत्म हो गए हैं। ये गोले पाकिस्तान की आर्टिलरी-आधारित युद्ध नीति के लिए बेहद जरूरी हैं, जो अब सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। पाकिस्तान की हथियार निर्माण कंपनी पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्ट्री (पीओएफ), जो सेना को गोला-बारूद उपलब्ध कराती है, अब पुराने उपकरणों और सीमित उत्पादन क्षमता के कारण घरेलू मांग पूरी नहीं

## पड़ोसी देश में गोला-बारूद के भी लाले

कर पा रही है। पीओएफ का दावा है कि उसकी प्राथमिकता घरेलू जरूरतें हैं, लेकिन वर्तमान हालात में वह असफल रही है।

पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा पहले ही पाकिस्तान की सीमित युद्ध क्षमता को लेकर चेतावनी दे चुके थे। उन्होंने आर्थिक और लॉजिस्टिक समस्याओं को प्रमुख वजह बताया था। पाकिस्तान की वर्तमान आर्थिक स्थिति, जिसमें महंगाई चरम पर है, कर्ज लगातार बढ़ रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार गिर रहा है, इसने हालात और भी बिगाड़ दिए हैं। इस संकट के कारण सेना को अपने प्रशिक्षण अभ्यासों को रद्द करना, राशन में कटौती करना और युद्धाभ्यास स्थगित करना पड़ा है क्योंकि ईंधन की भी भारी कमी है। पाकिस्तान भारत से इतना डर गया है कि उसने होटल और मदरसों को भी बंद कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक मस्जिदों पर लाउडस्पीक बजने तक बंद कर दिए गए हैं। पाकिस्तान दुनिया के सामने अपनी सच्चाई छिपाने की पूरी कोशिश कर रहा है। हालांकि भारत ने भी उसे बेनकाब करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

# 'ऑस्ट्रेलिया में विभाजन नहीं एकता के लिए पड़े वोट'

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में शनिवार को आम चुनाव के लिए मतदान हुआ और देर शाम तक नतीजे घोषित कर दिए गए। चुनाव नतीजों के अनुसार, मौजूदा पीएम एंथनी एल्बानीज के नेतृत्व में सेंटर लेफ्ट लेबर पार्टी को जीत मिली है, जिसके बाद एंथनी एल्बानीज का लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है। शनिवार देर रात चुनाव में जीत के बाद एंथनी एल्बानीज मेलबर्न के एक कैफे में पहुंचे और वहां मौजूद लोगों से बात की। कैफे में लोगों को संबोधित करते हुए एल्बानीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई लोगों ने चुनाव में विभाजन की बजाय एकता के लिए वोट किया। सेंटर लेफ्ट लेबर पार्टी ऑस्ट्रेलिया के 150 सीटों वाले निचले सदन में 85 सीटें जीत चुकी है। पिछले चुनाव में लेबर पार्टी

## चुनाव में जीत के बाद बोले पीएम एल्बानीज

ने 78 सीटों पर जीत दर्ज की थी। ऐसे में इस बार लेबर पार्टी ने और ज्यादा सीटें जीतकर सभी को चौंका दिया है। ऑस्ट्रेलिया के चुनाव नतीजे कनाडा के चुनाव नतीजों से मिलती जुलती कहानी कह रहे हैं। जिस तरह से कनाडा में विपक्षी नेता पिएरे पोइलिवरे अपनी सीट भी नहीं बचा पाए थे, उसी तरह ऑस्ट्रेलिया में भी विपक्षी नेता पीटर डटन भी अपनी सीट हार गए और उनकी पार्टी को सिर्फ 37 सीटों से संतोष करना पड़ा। लेबर पार्टी ने चुनाव के दौरान ऐसा माहौल बनाया कि पीटर डटन पीएम बने तो वे भी ट्रंप की तरह सरकारी दक्षता विभाग का गठन कर संघीय सरकार के खर्च में कटौती कर सकते हैं। लेबर पार्टी का यह दांव सफल रहा और पीटर डटन, लेबर पार्टी के आरोपों का प्रभावी तरीके से जवाब नहीं दे पाए।

# भारतीय जहाजों के लिए पाक बंदरगाह बंद

**इस्लामाबाद।** भारत की कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय जहाजों द्वारा अपने बंदरगाहों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। पाकिस्तान का यह कदम तब सामने आया है, जब भारत ने शनिवार को पाकिस्तान से आने वाले या पाकिस्तान से होकर गुजरने वाले माल के आयात और अपने बंदरगाहों में पाकिस्तानी जहाजों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। इतना ही नहीं, भारत ने पाकिस्तान के लिए सभी श्रेणियों की डाक और पार्सल सेवाओं पर रोक लगा दी है। अब डाक और पार्सल को हवाई और जमीनी रास्तों से न ही भेजा जा सकेगा और न ही प्राप्त किया जा सकेगा।

# अब पाक राजदूत ने दी परमाणु हमले की धमकी

**मॉस्को।** पाकिस्तान के राजदूत ने रूस में भारत को खुलेआम परमाणु हमले की धमकी दी है। मुहम्मद खालिद जमाली ने कहा कि अगर नई दिल्ली पड़ोसी देश पर हमला करता है तो इस्लामाबाद परमाणु हथियारों सहित अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा। आर.टी. के साथ एक साक्षात्कार में राजदूत मुहम्मद खालिद जमाली ने दावा किया कि कुछ लीक हुए दस्तावेजों से पता चला है कि भारत पाकिस्तान के कुछ इलाकों पर हमला करेगा और संघर्ष आसन्न है। उन्होंने कहा, भारत के उन्मादी मीडिया और उस तरफ से आने वाले गैरजिम्मेदाराना बयानों ने हमें मजबूर कर दिया है। कुछ अन्य लीक हुए दस्तावेज हैं, जिनके अनुसार पाकिस्तान के कुछ इलाकों पर हमला करने का फैसला किया गया है। इसलिए, इससे हमें लगता है कि ऐसा होने वाला है और यह आसन्न है। जमाली ने कहा, जब भारत और पाकिस्तान की बात आती है, तो हम संख्यात्मक ताकत की इस बहस में शामिल नहीं होना चाहते। हम अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेंगे - पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह की ताकत। उन्होंने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान के लोगों द्वारा समर्थित सशस्त्र बल पूरी ताकत के साथ जवाब देंगे।

## एक नज़र

### पीओके में बंकर और घरों को सैन्य चौकी बनाया

**मुजफ्फराबाद।** पहलगाम आतंकी हमले की घटना को 10 दिन से ज्यादा हो गए हैं और दिन गुजरने के साथ ही पाकिस्तान की घबराहट बढ़ती जा रही है। भारत की सख्त चेतावनियों और ऐक्शन से घबराया पाकिस्तान अब 'वार मोड' में आ चुका है। सूत्रों का कहना है कि भारतीय सेना की संभावित कार्रवाई के डर से पाकिस्तान ने पीओके में बंकरों की खुदाई शुरू कर दी है। आम नागरिकों के घरों को खाली कराकर उन्हें सैन्य चौकियों में बदला जा रहा है। युवाओं को हथियारों की ट्रेनिंग दी जा रही है और खैबर पख्तूनख्वा जैसे संवेदनशील इलाकों में वॉर सायरन तक लगाए जा चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तानी सेना ने पीओके में तीन गुना बंकर तैयार किए हैं, जहां आम नागरिकों की संपत्तियों को कब्जा कर सैन्य ठिकानों में बदला जा रहा है। गिलगित-बाल्टिस्तान के युवाओं को हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही है।

### महाराष्ट्र में कुल्हाड़ी से अधेड़ की हत्या, एक गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के एक गांव में कथित तौर पर आपसी विवाद के कारण 52 वर्षीय व्यक्ति की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि वारदात शनिवार सुबह मुरबाड तालुका के जामब्रुडे गांव में हुई। उन्होंने कहा कि पांच लोगों ने कथित तौर पर गांव के चौराहे पर बरचंद्र बिरहाड़े की कुल्हाड़ी से हमला करके हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचित किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए पास के सरकारी अस्पताल भेजा गया। अधिकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक का पुत्र गांव का उप सरपंच है, जबकि आरोपी वर्तमान महिला सरपंच के करीबी हैं। विकास परियोजनाओं और पीड़ित पक्ष द्वारा आरटीआई (सूचना का अधिकार) से प्राप्त जानकारी से आधार पर किए गए खुलासे को लेकर दोनों समूहों के बीच महीनों से तनाव था।

### ब्रिटेन को भी दहलाने की थी आतंकी साजिश

**लंदन।** ब्रिटेन में आतंकवादी हमले की योजना बनाने के संदेह में चार ईरानी नागरिकों सहित पांच लोगों को हिरासत में लिया गया। यह जानकारी मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने दी। बयान में कहा गया कि आतंकवाद रोधी पुलिस ने सक्रिय जांच के अंतर्गत आतंकवाद संबंधी अपराधों के संदेह में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसका नेतृत्व मेट्रोपोलिटन आतंकवाद रोधी कमान कर रही है। पांचवें व्यक्ति की नस्ल का पता लगाया जा रहा है। वे सभी अभी हिरासत में हैं। हिरासत में लिए गए लोगों की उम्र 29 से 46 वर्ष के बीच है। जांच के दौरान पुलिस लंदन, स्विंडन और ग्रेटर मैनचेस्टर में भी तलाशी ले रही है। बता दें कि पहलगाम में हुए आतंकी हमलों के बाद ब्रिटेन ने खुलकर भारत का समर्थन किया है। ब्रिटेन ने यह भी कहा था कि दोनों देशों के बीच तनाव को कम करने में भी वह सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है।

### डिजिटल डेटा संरक्षण में भारतीय सिनेमा

**मुम्बई।** वेव्स 2025 में भारतीय सिनेमा ने एक महत्वपूर्ण पैनल चर्चा के साथ केंद्र स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज की, जिसका शीर्षक था बियॉन्ड नॉस्टैल्जिया द बिजनेस ऑफ रिस्टोर्ड क्लासिक्स। इस चर्चा का संचालन फिल्म व्यापार विश्लेषक तरण आदर्श ने किया, जिसमें उद्योग के दिग्गजों ने पुरानी फिल्मों को बहाल करने के महत्व, चुनौतियों और भविष्य पर विचार किया। नम्रता शुक्ला की रिपोर्ट में बताया की कमल जियंचंदानी ने चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि पुरानी फिल्मों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराना आवश्यक है, क्योंकि दर्शक अक्सर पुरानी फिल्मों को देखने की इच्छा व्यक्त करते हैं। शहजाद सिप्पी ने फिल्म निर्माण की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला और कहा कि पुरानी फिल्मों की कहानी कहने की विधियां आज भी दर्शकों को आकर्षित करती हैं। जैकी भगनानी ने कहा कि दर्शकों की पसंद अनिश्चित होती है और वे गुणवत्ता वाली सामग्री की मांग करते हैं। प्रकाश मागडूम, अतिरिक्त महानिदेशक, पीआईबी और सीबीसी, अहमदाबाद ने सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला और कहा कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन के तहत पुरानी फिल्मों को संरक्षित और बहाल करने के लिए कई कदम उठाए हैं। प्रकाश मागडूम ने राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन के बारे में विस्तार से बताया, जो भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वाकांक्षी पहल है जिसका उद्देश्य सिनेमाई खजाने को संरक्षित, डिजिटाइज़ और बहाल करना है।

### बांग्लादेश में महिला सुधार निकाय पर फिर भड़के कट्टरपंथी

**ढाका।** बांग्लादेश के कट्टरपंथी इस्लामी समूह हिफाजत-ए-इस्लाम के हजारों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ढाका में एक रैली निकालकर महिला मामलों के सुधार आयोग को भंग करने की मांग की। उन्होंने कहा है कि अगर मांग नहीं मानी गई तो बांग्लादेश में सबकुछ ठप कर देंगे और आग लगा देंगे। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस्लामी समूह ने अपने नेताओं के खिलाफ मामलों को वापस लेने और अवामी लीग पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की। हिफाजत के नेताओं के खिलाफ 300 मामले लंबित हैं।

# सिंगापुर आम चुनाव : सत्तारूढ़ पीएपी 14वीं बार जीती

**सिंगापुर।** सिंगापुर की सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने शनिवार को हुए आम चुनाव में मजबूत जनादेश प्राप्त किया है। पीएपी ने लगातार 14वीं बार जीत दर्ज कर अपनी छह दशकों से भी अधिक पुरानी सत्ता को बरकरार रखा है। पार्टी को 65.57 प्रतिशत वोट मिले हैं, जो 2020 के 61.24 प्रतिशत से ज्यादा है। यह जानकारी रविवार को जारी आधिकारिक परिणामों से प्राप्त हुई। पीएपी ने संसद की 97 निर्वाचित सीटों में से 87 पर जीत दर्ज की है तथा वह शहर-राज्य के 33 निर्वाचन क्षेत्रों में से 30 पर शासन करेगी। विपक्षी वर्कर्स पार्टी (डब्ल्यूपी) ने पूर्वी सिंगापुर में अपनी तीन सीटों पर कब्ज़ा करते हुए 10 सीटें बरकरार रखीं। किसी अन्य विपक्षी पार्टी को कोई सीट नहीं मिली। 1965 में सिंगापुर की स्वतंत्रता के बाद से सत्तारूढ़ पार्टी पीएपी की फिर से जीतने की व्यापक उम्मीद थी।

### पीएम मोदी ने लॉरेंस वोंग को दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगापुर के आम चुनाव में प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की शानदार जीत पर रविवार को उन्हें बधाई दी और कहा कि वह उनके साथ मिलकर काम करते रहने के लिए उत्साहित हैं। वोंग के दल पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने शनिवार को सिंगापुर के आम चुनाव में 97 संसदीय सीट में से 87 सीट हासिल कर भारी जीत दर्ज की। वह सिंगापुर में फिर से सत्ता संभालेंगे।

# गाजा में अब 'आखिरी जंग' की तैयारी

**तेल अवीव।** गाज़ा में 18 महीने से जारी जंग के बीच इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा कदम उठाया है। नरसंहार के आरोपों

## इजरायल ने उतारे हजारों सैनिक

## नेतन्याहू ने रद्द किया विदेश दौरा

और अंतरराष्ट्रीय दबाव के बीच नेतन्याहू सरकार ने हजारों सैनिकों को मैदान में उतारते हुए ऑपरेशन विस्तार की तैयारी शुरू कर दी है। सुरक्षा कैबिनेट की अहम बैठक के बाद इस फैसले पर मुहर लगी है, वहीं हालात की गंभीरता को देखते हुए नेतन्याहू ने अपना विदेश दौरा भी रद्द कर दिया है। ब्लूमबर्ग के मुताबिक, इजरायल की योजना है कि आने वाले दिनों में हजारों सैनिकों को युद्ध में उतारा जाए,



जिसकी पुष्टि एक वरिष्ठ सूत्र ने की है। यह फैसला प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सुरक्षा कैबिनेट की बैठक के बाद लिया गया।

वर्तमान में इजरायली सेना और टैंक गाजा के लगभग एक-तिहाई हिस्से पर काबिज हैं और दो मिलियन से अधिक आबादी के लिए मानवीय सहायता में रुकावट बनी हुई है। दूसरी ओर, हमास अब भी गाजा में नियंत्रण में है और 59 बंधकों में से 24 जीवित बताए जा रहे हैं, जिन्हें 7 अक्टूबर 2023 के हमले में अगवा किया गया था।

एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ 12 मई को इजरायल पहुंच सकते हैं और नेतन्याहू व रक्षा मंत्री इज़राइल काट्ज़ से मुलाकात करेंगे। वहीं नेतन्याहू ने 7 मई से शुरू होने वाला अजरबैजान का दौरा रद्द कर दिया है, जिसकी वजह गाजा और सीरिया में बिगड़ते हालात बताए जा रहे हैं। इस बीच, डोनाल्ड ट्रंप 13 मई से मध्य पूर्व दौरे पर जाएंगे, जिसमें सऊदी अरब, क़तर और अबूधाबी शामिल हैं, लेकिन इजरायल नहीं।

# मंगलुरु : तनाव के बीच छुरा घोंपने में तीन गिरफ्तार

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु में पुलिस ने सांप्रदायिक तनाव के बीच शहर में शुक्रवार तड़के हुई छुरा घोंपने की दो अलग-अलग घटनाओं के सिलसिले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों अपराधों के मामले में गिरफ्तार आरोपियों ने इन मामलों में अपनी संलिप्तता कबूल कर ली है। पहली घटना में (कंकनाडी टाउन थाना क्षेत्र) में कंकनाडी टाउन थाना क्षेत्र के अंतर्गत कन्नूर में छुरा घोंपने की घटना की सूचना मिली थी। इस मामले में पीड़ित नौशाद (39 वर्ष) को तुरंत यूनिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दूसरी घटना (उल्लाल थाना क्षेत्र) के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने थोकोट्टू के पास छुरा घोंपने की एक और घटना में शामिल होने की बात भी स्वीकार की।

# मुइज्जू ने बनाया सबसे लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस का रिकार्ड

**माले।** पड़ोसी देश मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने रविवार को लगभग 15 घंटे लगातार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। राष्ट्रपति कार्यालय ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि

## 15 घंटे तक सवालों का जवाब देकर निकले जेलेंस्की से आगे

मुइज्जू ने इस कॉन्फ्रेंस के जरिए यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की द्वारा बनाया गया सबसे लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए उन्होंने लगभग सभी सवालों के जवाब दिए।

रिपोर्ट के मुताबिक 46 साल के मुइज्जू ने सुबह 10 बजे अपनी मैराथान प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू की और कुछ प्रार्थना और छोटे-छोटे ब्रेक के



साथ यह प्रेस कॉन्फ्रेंस कुल मिलाकर 14 घंटे 54 मिनट तक चलती रही। कार्यालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि यह कार्यक्रम आधी रात तक जारी रहा। यह किसी भी राष्ट्रपति द्वारा बनाया गया एक नया विश्व रिकॉर्ड है।

ऐसा ही दावा साल 2019 में यूक्रेन की राष्ट्रीय रिकॉर्ड एजेंसी ने किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि जेलेंस्की ने लगातार 14 घंटों तक पत्रकारों के जवाब देकर, बेलारूस के नेता लुकाशेंकों का सात घंटे का रिकॉर्ड तोड़ा है। लगभग 15 घंटे तक चली इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति का इरादा इसे विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के साथ शामिल करने का था। इसलिए उन्होंने इसे और भी ज्यादा लंबा कर दिया। कार्यलय न कहा, राष्ट्रपति ने समाज में प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया और तथ्यात्मक, संतुलित और निष्पक्ष रिपोर्टिंग के महत्व पर जोर दिया। मुइज्जू रिपोटर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा प्रकाशित विश्व प्रेस सूचकांक में अपने देश के पिछले साल की तुलना में दो पायदान ऊपर 104वें स्थान पर आने का जश्न मना रहे थे।

# झारखंड में ढहा अस्पताल का गलियारा, तीन मरे

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले में एक सरकारी अस्पताल के गलियारे के ढहने के बाद एक और शव बरामद किया गया जिससे इस घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।अधिकारी ने बताया कि इस घटना में घायल हुए दो अन्य लोगों का उपचार किया जा रहा है। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि अस्पताल के गलियारे के ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि जमशेदपुर के साकची इलाके में एमजीएम अस्पताल के मेडिसिन विभाग की दूसरी मंजिल पर गलियारे का एक हिस्सा शनिवार शाम करीब चार बजे ढह गया जिसके बाद कुल 15 लोग मलबे में फंस गए।

# पाकिस्तानी महिला से शादी करने वाला सीआरपीएफ जवान बर्खास्त

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानी महिला से शादी की वजह से चर्चा में आए सीआरपीएफ जवान को सुरक्षा बल ने बर्खास्त कर दिया था। अब बर्खास्तगी के कुछ ही घंटों बाद जवान मुनीर

## जवान मुनीर ने कहा शादी के लिए ली थी अनुमति

अहमद ने कहा कि पिछले साल शादी करने के पहले उन्होंने बल के मुख्यालय से अनुमति ली थी। अनुमति मिलने के करीब एक महीने बाद उन्होंने शादी की थी। मुनीर ने कहा कि उन्हें यह फैसला मान्य नहीं है, वह इस फैसले के खिलाफ कोर्ट जाएंगे। मुनीर ने कहा, शुरुआत में मुझे मीडिया के माध्यम से ही अपनी बर्खास्तगी की खबर मिली थी। कुछ देर में मेरे पास सीआरपीएफ का एक लेटर भी आ गया, जिसमें मेरी बर्खास्तगी के बारे में बताया गया था। यह मेरे और मेरे परिवार के लिए एक झटका था क्योंकि शादी के पहले जब मैंने अपने मुख्यालय से पाकिस्तानी महिला से शादी की अनुमित मांगी थी तो मुझे अनुमति मिल गई थी। इससे पहले केंद्रीय रिजर्व पुलिस ने जवान मुनीर अहमद के मामले में बयान देते हुए कहा था कि अहमद को पाकिस्तानी महिला मीनल खान से 'छिपाकर' शादी करने और उसे जानबूझकर वीजा के खत्म होने के बाद भी भारत में शरण देने के लिए बर्खास्त कर दिया गया है। बल की तरफ से कहा गया कि यह हरकतें देश की सुरक्षा के लिए हानिकारक हो सकती हैं।

# पालतू जानवर खुशी और जीवन का सच्चा प्यार!

यह सच है कि घरेलू पालतू जानवर हमारी ज़िंदगी में खुशी, सुकून और अपनापन लाते हैं। ज़ी टीवी के पॉपुलर एक्टर्स ने अपने प्यारे पालतू साथियों के साथ अपने अनमोल रिश्तों को बताया। 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में मानवी का किरदार निभा रहीं आकांक्षा चमोला ने कहा, ''मेरे पालतू स्पार्की और मोगली मेरे लिए प्यार का वो छोटा-सा पैकेट हैं, जो हर पल को खास बना देते हैं।'' 'वसुधा' में चंद्रिका का किरदार निभा रहीं नौशीन अली सरदार ने कहा, ''मेरे पालतू जानवर मेरी ज़िंदगी में इतना प्यार, जोष और शरारत भर देते हैं कि उनके साथ गुज़ारा गया कोई भी पल कभी बोरिंग नहीं होता।'' 'भाग्य लक्ष्मी' में लक्ष्मी का किरदार निभा रहीं ऐष्वर्या खरे ने कहा, ''बरफी सिर्फ एक पालतू नहीं है, वो मेरी खुशी, मेरी परछाई और मेरे जीवन का सबसे सच्चा प्यार है।'' 'जमाई नं. 1' में कंचन का किरदार निभा रहीं पापिया सेनगुप्ता ने कहा, ''मेरे तीन छोटे से फरबॉल्स - कैरेमल, लकी और शुगर सिर्फ मेरे पेट्स नहीं, बल्कि मेरी धड़कनें हैं, मेरी परछाई हैं और मेरी ज़िंदगी का सबसे सच्चा प्यार हैं।'' 'कुमकुम भाग्य' में रौनक का



किरदार निभा रहे अक्षय देव बिंद्रा ने कहा, ''इस नेशनल पेट्स डे पर मैं अपनी प्यारी डॉगी लैला बिंद्रा के साथ बिताए उन अनगिनत पलों को याद कर रहा हूं, जिनमें ढेर सारा प्यार, सुकून और बिना बोले समझने वाली एक खास बॉन्डिंग छुपी है।''

# गर्मियों में आम का पना, सत्तू का शरबत व ठंडाई

जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती है और धूप तेज़ होती है, हमें अपने पुराने दिन याद आने लगते हैं, खासकर बात जब खाने की हो। एण्डटीवी के कलाकार भी अपने-अपने शहरों की गर्मियों की खान-पान से जुड़ी खास यादों के बारे में बता रहे हैं। 'भीमा' की धनिया यानी स्मिता सेबल कहती हैं, ''आमरस के बिना गर्मी अधूरी थी। मेरी दादी एकदम ठंडे आमरस को गरम पूरियों के साथ परोसती थीं, वह जबदर्स्त कॉम्बिनेशन चिलचिलाती गर्मी में फौरन सबका मूड ठीक कर देता था। मैं अब भी घर पर आमरस बनाती हूँ, और अब मेरे बेटे को भी यह बहुत पसंद है। एक और चीज़ जो मुझे गर्मी में बहुत याद आती है, वह है कैरी पन्ना, जो कच्चे आम, गुड़ और इलायची से बनता है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह का रोल निभा रहे योगेश त्रिपाठी कहते हैं, ''यूपी में गर्मी का मतलब सत्तू का शरबत होता था। यह सिर्फ पीने की चीज़ नहीं थी; यह तेज़ गर्मी में बचाने वाली चीज़ थी। इसे भुने हुए चने के आटे (सत्तू) में ठंडा पानी, थोड़ा नमक, नींबू का रस, भुना जीरा पाउडर और थोड़ा काला नमक मिलाकर बनाया जाता था। एक और पसंदीदा चीज़ आम पन्ना थी, जो उबले हुए कच्चे आम के गूदे में जीरा और काला नमक



मिलाकर बनती थी, यह बड़ा ही टैंगी होता था। और मैं दही वड़ा नहीं भूल सकता, जो यूपी की गर्मियों की खास डिश है। यह हमारी गर्मियों की डाइट होती थी जो हलकी भी होती थी और इसे खाकर पेट भी भर जाता था।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में अनीता भाबी का किरदार निभा रहीं विदिशा श्रीवास्तव ने कहा, ''बनारस में की गलियों में शाम होते ही ठंडाई की खुशबू आने से। दूध, सूखे मेवे, केसर और कुछ खास मसालों से बनी ठंडाई सिर्फ एक ड्रिंक नहीं थी, यह एक अलग ही मज़ा था।

## बाजार दर्पण







